दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :157
प्रतापगढ़ | बुधवार, 10 अप्रैल-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

केजरीवाल को हाई कोर्ट से झटका

गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने आबकारी घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने इस मामले में 3 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था।केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुनाते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि जब भी किसी आरोपित को सरकारी गवाह बनाया जाता है तो यह न्यायिक अधिकारी का काम होता है, न कि जांच एजेंसी यानि इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का। कोर्ट ने कहा कि किसने किस पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए पैसा दिया, ये कोर्ट को तय नहीं करना है। इलेक्टोरल बांड के रूप में किसने किस पार्टी को पैसा दिया, ये कोर्ट को विचार नहीं करना है। केजरीवाल चाहें तो गवाहों का क्रास-एग्जामिनेशन कर सकते हैं। ये ट्रायल का मामला है, हाई कोर्ट का नहीं।

कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी किसी की भी जांच कर सकती है। कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान के फैसले का उदाहरण देते हुए कहा कि पब्लिक फिगर को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि मार्च महीने से ही केजरीवाल समन को नजरअंदाज कर रहे थे। ऐसे में ये नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी चुनाव को ध्यान में रखकर की गई है। कोर्ट ने कहा कि न्यायपालिका का काम कानून की व्याख्या करना है और इसमें वो किसी का पक्ष नहीं लेती है, वो राजनीति में नहीं पड़ती है।कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक हस्तियों के मामलों में कोर्ट को केवल कानून को देखना है और उसके लिए राजनीतिक घटनाक्रम देखना जरूरी नहीं है।

कोर्ट की चिंता संवैधानिक नैतिकता है, राजनीतिक नैतिकता नहीं। इस मामले में भी कोर्ट ने कानूनी तथ्यों पर ही विचार किया। हाई कोर्ट ने कहा कि 2020 में गोवा विधानसभा के चुनाव में हवाला डीलर के बयान बताते हैं कि उस चुनाव में पैसे का इस्तेमाल हुआ। कोर्ट ने एनडी गुप्ता के बयान का भी जिक्र किया।

केजरीवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। 1 अप्रैल को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को 15 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था।

बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ी

नई दिल्ली,(हि.स.)। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। आज के कविता की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।सुनवाई के दौरान के कविता की ओर से पेश वकील नीतेश राणे ने कहा कि ईडी ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने की जो अर्जी दाखिल की है, उसमें पर्याप्त आधार नहीं है। जिस तरह से जांच चल रही है उससे हम बेखबर हैं। कोर्ट ने 8 अप्रैल को कविता की जमानत याचिका खारिज की थी। कविता को 15 मार्च को हैदराबाद से छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया था। ईडी के मुताबिक इंडोस्पिरिट्स के जरिये 33 फीसदी लाभ कविता को पहुंचता था। कविता शराब कारोबारियों की लॉबी साउथ ग्रुप से जुड़ी हुई थीं।कोर्ट ने 26 मार्च को कविता को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। ईडी के मुताबिक के. कविता ने सौ करोड़ की हेराफेरी की थी। ईडी की ओर से पेश वकील जोहेब हुसैन ने कहा था कि के. कविता के मोबाइल डाटा का परीक्षण किया गया और फोरेंसिक रिपोर्ट से आमना-सामना कराया गया, जिससे पता चला कि के. कविता ने जांच के दौरान डाटा डिलीट किया। हुसैन ने कहा था कि के. कविता के परिजनों ने कोई जानकारी नहीं दी।

अब्बास अंसारी को मिली पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने की अनुमति

नई दिल्ली,(हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी को अपने पिता मुख्तार अंसारी की कब्र पर फातिहा पढ़ने के लिए जेल से बाहर आने की इजाजत दे दी है।सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक अब्बास को पुलिस सुरक्षा के बीच आज शाम ही कासगंज से गाजीपुर ले जाया जाएगा, क्योंकि कल फातिहा पढ़ा जाना है।अब्बास आजकल उत्तर प्रदेश की कासगंज जेल में बंद है। उसके पिता मुख्तार अंसारी को गाजीपुर में दफन किया गया था। अब्बास अपने घर वालों से 11 और 12 अप्रैल को मुलाकात कर पायेगा। हालांकि, उनसे मिलने के लिए आने वाले लोगों की जांच की जाएगी। 13 अप्रैल को उसे वापस कासगंज जेल आना होगा। इस दौरान अब्बास मीडिया से कोई बात नहीं करेगा।

हम इस फैसले से सहमत नहीं हैं

हाई कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट जाएगी आप

नई दिल्ली, (हि.स.)। आप नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे, हमें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है कि जैसे सुप्रीम कोर्ट से संजय सिंह को राहत मिली वैसे ही सुप्रीम कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को भी राहत मिलेगी। आज हाई कोर्ट का फैसला आया है उसका हम सम्मान करते हैं और सम्मानपूर्वक कहते हैं कि हम इस फैसले से सहमत नहीं हैं और इसके खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और वहां अपनी बात रखेंगे।भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने ट्वीट करते हुए कहा कि मुजरिम मुजरिम होता है। देश में हर किसी को भारत के कानून का पालन करना होगा।

आज माननीय न्यायालय के आदेश ने आप के गैंग लीडर को आईना दिखा दिया है, ईडी द्वारा एकत्र किए गए सबूत बताते हैं कि सरगना अरविंद केजरीवाल हैं। आप बेनकाब हो गई है। इससे पहले दिन में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की याचिका खारिज करते हुए कहा कि ईडी के पास पर्याप्त सामग्री थी जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार करना पड़ा। अदालत ने कहा कि मुख्यमंत्री की वजह से हुई देरी का असर उन लोगों पर भी पड़ा जो हिरासत में थे।

अदालत ने आगे कहा कि इस अदालत की राय है कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसकी गिरफ्तारी और रिमांड की जांच कानून के अनुसार की जानी चाहिए, न कि चुनाव के समय के अनुसार। न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा की पीठ ने कहा, ईडी की ओर से किसी भी दुर्भावना के अभाव में आम चुनाव से पहले गिरफ्तारी के समय को लेकर केजरीवाल की चुनौती टिकाऊ नहीं है।

बंगाल पुलिस की एफआईआर के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंची एनआईए

कोलकाता, (हि.स.)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर में छापा मारने गये अपने अधिकारियों के खिलाफ पुलिस में दर्ज की गयी प्राथमिकी को खारिज करने का अनुरोध करते हुए मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।याचिका में एनआईए अधिकारियों के विरुद्ध पश्चिम बंगाल पुलिस की ओर से कोई भी दंडात्मक कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण दिए जाने की भी गुजारिश की गयी है। एनआईए के वकील अरूण कुमार मोहंती ने बताया कि जस्टिस जय सेन गुप्ता ने एनआईए को आज दिन में भोजनावकाश के बाद उनकी अदालत में आवेदन दायर करने की अनुमति दी। इसके बाद एनआईए ने जस्टिस गुप्ता की कोर्ट में आवेदन दायर कर दिया है।पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में शनिवार को भीड़ ने एनआईए अधिकारियों पर कथित तौर पर हमला किया था, जिसमें एक अधिकारी घायल हो गया था। ये अधिकारी दिसंबर, 2022 के एक विस्फोट मामले के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लौट रहे थे। दिसंबर, 2022 में हुए इस विस्फोट में तीन लोगों की जान चली गयी थी। भूपतिनगर में एनआईए अधिकारियों की शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गयी। साथ ही कुछ ग्रामीणों की शिकायत पर एनआईए अधिकारियों के खिलाफ भी मामला शुरू किया गया।

इन ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा एक महिला के यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है।

अब जेड श्रेणी की सुरक्षा में होंगे मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार

नई दिल्ली, (हि.स.)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है । केन्द्रीय खुफिया ब्यूरो की ओर से खतरे का इनपुट मिलने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को यह सुरक्षा कवर देने का फैसला गृह मंत्रालय की ओर से किया गया है।चुनाव आयोग के अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पूरे देश में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है। इसमें संबंधित व्यक्ति के आसपास 6 एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मियों समेत 22 जवान तैनात रहते हैं। ये सुरक्षा दिल्ली पुलिस, आईटीबीपी या सीआरपीएफ के जवानों द्वारा दी जाती है।

लोकसभा चुनाव

दूसरे चरण में 26 अप्रैल को होगा मतदान, 12 राज्यों में 1206 उम्मीदवार

नई दिल्ली,(हि.स.)। लोकसभा चुनाव-2024 के दूसरे चरण में 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 1206 उम्मीदवारों के साथ-साथ बाहरी मणिपुर पीसी से 4 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे।लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के मतदान के लिए 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 88 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 2633 नामांकन दाखिल किए गए थे। दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल थी। दाखिल 2633 नामांकनों की जांच में 1428 नामांकन वैध पाए गए। सभी 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि सोमवार 08 अप्रैल थी।दूसरे चरण में केरल में 20 संसदीय क्षेत्रों के लिए अधिकतम 500 नामांकन किए गए हैं। इसके बाद कर्नाटक में 14 संसदीय

क्षेत्रों से 491 नामांकन हैं। महाराष्ट्र की नांदेड़ संसदीय क्षेत्र से सबसे अधिक 92 नामांकन प्राप्त हुए।आयोग के अनुसार दूसरे चरण में 88 संसदीय क्षेत्रों के लिए 2633 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इनमें से 1428 सही पाए गए। नाम वापसी के बाद संख्या 1206 रह गई। राज्यवार आंकड़ों के अनुसार इस चरण में असम 61, बिहार 50, छत्तीसगढ़ 41, जम्मू-कश्मीर 22, कर्नाटक 247, केरल 194, मध्य प्रदेश 88, महाराष्ट्र 204, राजस्थान 152, त्रिपुरा 9, उत्तर प्रदेश 91 और पश्चिम बंगाल 47 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है।उल्लेखनीय है कि पहले चरण में 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में 1625 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 1491 पुरुष उम्मीदवार और 134 महिला उम्मीदवार हैं। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा।

राम मंदिर के निर्माण से इंडी गठबंधन को नफरत - नरेन्द्र मोदी

पीलीभीत,(हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पीलीभीत से भाजपा उम्मीदवार जितिन प्रसाद के समर्थन में राजकीय इंटर कालेज में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सपा कांग्रेस के इंडी गठबंधन को भारत के विरासत की परवाह नहीं है। राम मंदिर के निर्माण से इंडी गठबंधन को पहले भी नफरत थी और आज भी नफरत है। भाजपा के स्व. कल्याण सिंह ने राम मंदिर के लिए सत्ता त्यागी, जबकि इंडी गठबंधन ने राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराकर अपमान किया है।उन्होंने कहा कि मोदी की गांरटी याने गारंटी पूरा होने की गारंटी। इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है। जिस शक्ति की आज देशभर में पूजा हो रही है उस शक्ति का कांग्रेस ने घोर अपमान किया है। शक्ति को कोई उपासक इंडी गठबंधन को इस अपमान के लिए माफ नहीं करेगा।कहा कि कांग्रेस व सपा के राज में गन्ना किसानों को अपने ही पैसे के लिए तरसाया जाता था। भाजपा सरकार में गन्ना किसानों की परेशानी कम करने के लिए पूरी ताकत से काम किया और योगी जी तो पहले दिन से गन्ना किसानों की परेशानी दूर करने के लिए कई कदम उठाये। यह काम लगातार किया जा रहा है।

कांग्रेस की कुटिल चालों से हुआ देश का विभाजन - आदित्यनाथ

पीलीभीत, (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वर्णिम युग के रूप में भारत मोदी जी के नेतृत्व में ग्लोबल पावर बनने की ओर अग्रसर है। हम सभी ने बदलते हुए भारत को देखा है। बदलते भारत में सुरक्षा, सम्मान, विकास परियोजनाएं और गरीब कल्याण योजनाओं का कोई सानी ही नहीं है। गुरु नानक देव का जन्म जिस भूमि पर हुआ था, वह कभी अखंड भारत का हिस्सा था। कांग्रेस की कुटिल चालों से देश का विभाजन हुआ, लेकिन सिख भावना और भारत की आस्था का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण संभव हो पाया।मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने मंगलवार को ड्रमंड इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित जनसभा में पीलीभीत से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद और बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार के लिए वोट की अपील की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने चैत्र नवरात्रि एवं भारतीय नव संवत्सर की शुभकामनाएं भी दीं।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत के हिंदू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों ने खुद को बलिदान कर दिया था। बाल दिवस किसी और दिन पर मनाया जाता था, लेकिन भारत के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले साहिबजादों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए प्रधानमंत्री ने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का अवसर दिया। यह आयोजन आज हर जगह हो रहा है।उन्होंने कहा कि पीलीभीत एक ओर कृषि के लिए जाना जाता है तो वहीं अपनी अद्भुत कला के लिए भी जाना जाता है। गन्ना किसान यहां की मिठास को देश-प्रदेश व दुनिया में पहुंचाने का कार्य करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया कि किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान अब समय पर हो रहा है, अन्यथा पहले कई वर्ष लगते थे और गन्ना किसान देखता रह जाता था।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कोई सोचता था कि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो पाएगा, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में यह संभव हो पाया है। भाजपा प्रत्याशियों के लिए विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए मोदी जी आपके बीच में हैं। दस वर्ष में हमने बदलते भारत में देखा है। यह आपके एक वोट की कीमत ने किया है। आपका वोट गलत हाथों में जाता था तो भ्रष्टाचार में संलिप्त, सुरक्षा-नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली, आतंकियों को बिरयानी खिलाने वाली, देश में उपद्रव करवाने वाली और अन्नदाता किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाली सरकारें आती थीं।

हाई कोर्ट के फैसले पर भाजपा हमलावर

अरविंद केजरीवाल का चेहरा और चरित्र हुआ उजागर

नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली हाई कोर्ट से शराब नीति मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज होने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और हमलावर हो गई है। कोर्ट की टिप्पणी पर भाजपा ने कहा कि इससे अरविंद केजरीवाल का चेहरा और चरित्र उजागर हो गया है। कोर्ट के फैसले के बाद केजरीवाल का अहंकार चूर चूर हो गया है। कोर्ट ने सबूतों के आधार पर फैसला दिया है।मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी का अहंकार चकनाचूर हो गया है। स्वघोषित ईमानदार अरविंद केजरीवाल के दावे, तथ्यों और सबूतों से चकनाचूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने आज बड़ा स्पष्ट कहा है कि इस मामले में जो भी बयान दिए गए हैं, वो कोर्ट के सामने दिए गए हैं। कोर्ट के पास पर्याप्त सबूत हैं। आज केजरीवाल का आम आदमी का चोला धराशायी हो गया है।सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज कोर्ट ने साफ कहा है कि राजनीतिक प्रक्रिया से न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होने वाली नहीं है। केजरीवाल बचने की कितनी भी कोशिश करें लेकिन वो बचने वाले नहीं हैं। ईडी के पास केजरीवाल के खिलाफ पर्याप्त सबूत मौजूद हैं।

औसत परिवार पैसा बचाने की बजाय कर्ज में डूबता जा रहा है-जयराम रमेश

नई दिल्ली, (हि.स.)। कांग्रेस पार्टी ने एक हालिया रिपोर्ट के हवाले से दावा किया है कि देश में एक औसत परिवार पैसा बचाने की बजाय कर्ज में डूबता जा रहा है। पार्टी का कहना है कि मोदी सरकार की गलत प्राथमिकताओं और अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन की सच्चाई अब सबके सामने आ रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक रिपोर्ट के हवाले से एक वक्तव्य जारी कर देश के आर्थिक हालात पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि वित्त मंत्रालय इस सच्चाई को घुमाकर पेश कर रहा है। असल में देश में परिवारों की आय में वृद्धि नहीं हो रही। इससे न केवल उनकी बचत घट रही है बल्कि उन्हें जीवनयापन के लिए कर्ज उठाना पड़ रहा है।उल्लेखनीय है कि वित्तीय सेवा प्रदाता फर्म मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर 2023 तक भारत का घरेलू ऋण स्तर सकल घरेलू उत्पाद के 40 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। वहीं वित्तीय बचत अपने निम्नतम स्तर यानी सकल घरेलू उत्पाद के 5 प्रतिशत पर आ गई है। वित्त मंत्रालय इसे नकारात्मक संकेत नहीं मानता है। मंत्रालय का कहना है कि लोग कर्ज परिवार, घर और वाहन जैसी वास्तविक संपत्ति खरीदने के लिए ले रहे हैं और यह संकट का संकेत नहीं है।इस रिपोर्ट को आधार बनाते हुए जयराम रमेश का कहना है कि महंगाई और मजदूरी में वृद्धि न होने से परिवारों के पास बचत के लिए पर्याप्त धन नहीं है। वहीं बचत दर कई दशकों में सबसे निचले स्तर पर है। कम बचत का अर्थ है व्यवसाय और सरकारी निवेश के लिए कम पूंजी उपलब्ध होना। साथ ही इसका मतलब यह है कि भारत को वित्तपोषण के लिए अस्थिर विदेशी पूंजी पर निर्भर रहना होगा।

इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा, शिवसेना यूबीटी को मिलीं सबसे ज्यादा 21 सीटें

कांग्रेस 17 और राकांपा 10 सीटों पर लड़ेगी लोकसभा चुनाव

मुंबई, (हि.स.)। महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों के लिए इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है। सीटों के बंटवारे की घोषणा महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों की सहमति से मंगलवार को की गई है। सबसे ज्यादा 21 सीटें शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट को मिली हैं। इसके अलावा कांग्रेस 17 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी।

महाविकास अघाड़ी की ओर से सीटों के बंटवारे की जानकारी मंगलवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में दी गई है। इस मौके पर राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले उपस्थित थे। बंटवारे के अनुसार शिवसेना यूबीटी 21, कांग्रेस पार्टी 17 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी।

शरद पवार ने बताया कि सीटों का बंटवारा महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों की सहमति से हुआ है। सभी दलों के नेता साथ मिलकर चुनाव प्रचार करेंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक सीटें जीतने की प्राथमिकता है। कांग्रेस के घोषणापत्र में महाराष्ट्र से संबंधित मुद्दों को जोड़ा जाएगा और महाविकास आघाड़ी के सहयोगी पक्ष साथ मिलकर चुनाव प्रचार करेंगे। नाना पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र में महंगाई, बेरोजगारी, युवकों की समस्याएं, आंगनबाड़ी सेविकाओं की समस्या को चुनावी मुद्दा बनाया जाएगा। हम किसी पर निम्न स्तर की आलोचना नहीं करेंगे, लेकिन अगर किसी ने की तो उसका जवाब दिया जाएगा।कांग्रेस पार्टी नंदुरबार, धुले, अकोला, अमरावती, नागपुर, भंडारा गोंदिया, गढ़चिरौली चिमूर, चंद्रपुर, नांदेड़, जालना, मुंबई उत्तर मध्य, पुणे, लातूर, सोलापुर, कोल्हापुर, रामटेक, उत्तर मुंबई सीटों पर चुनाव लड़ेगी। राकांपा (एसपी) बारामती, शिरूर, सतारा, डिंडोरी, माधा, रावेर, अहमदनगर, बीड, वर्धा, भिवंडी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसी तरह शिवसेना (यूबीटी) बुलढाणा, यवतमाल, मावल, सांगली, हिंगोली, संभाजीनगर, धाराशिव, शिरडी, नासिक, रायगढ़, सिंधुदुर्ग, ठाणे, मुंबई नॉर्थ ईस्ट, मुंबई साउथ, कल्याण, हातकणंगले, पालघर, जलगांव, मुंबई उत्तर पश्चिम, मुंबई दक्षिण मध्य, परभणी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

कलश स्थापना से चैत्र नवरात्र की शुरुआत, देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़

जय मां अंबे के जयकारों से गुंजायमान हुआ गगन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र शुरू हो गया। नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में काफी भीड़ रही। शक्ति पीठ अलोप शंकरी सहित प्रयागराज के सभी देवी मंदिरों में शैलपुत्री रूप में मां का भव्य श्रृंगार किया गया है। सोमवार को मुहुर्त के अनुसार मंदिरों और घरों में कलश स्थापना कर देवी की आराधना और पूजा की गयी। देवी के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंजता रहा।शारदीय नवरात्र के पहले दिन संगम नगरी प्रयागराज में देवी मंदिरों में भक्तों की भारी हुजूम देखने को मिला है। अलोपशंकरी, कल्याणी देवी, ललिता देवी के साथ ही अष्टभुजी देवी सहित शिवकुटी, राजरूपपुर, धूमनगंज, सुलेमसरांय, कटरा, सिविल लाइंस, टैगोर टाउन, चौक, जीरो रोड, लीडर रोड, खुल्दाबाद, राजापुर, बेली रोड, फाफामऊ, झूंसी, नैनी सहित शहर के सभी इलाकों में स्थित देवी मंदिरों में भारी भीड़ रही। पूजन अर्चन और दर्शन का दौर सुबह से ही शुरू हो गया था। मंदिरों में मां भगवती के प्रथम स्वरूप श्री शैलपुत्री का श्रृंगार किया गया।

प्रथम दिवस पर पुष्प, अक्षत, रोली, चंदन, मिष्ठान्न, नैवेद्य के साथ भगवती की आराधना की गई। विधि विधान के साथ मिट्टी के कलश में गंगा जल, अक्षत, द्रव्य, हल्दी, पान, सुपारी आदि सामग्री डालकर मिट्टी की वेदी जौ

मिलाकर कलश को स्थापित किया गया। फूल-माला के साथ ही नवग्रह, गौरी, गणेश, भैरव आदि की पूजा कर रोली, चंदन, सिंदूर आदि के साथ पूजन अर्चन किया गया।

प्रयागराज की शक्तिपीठ अलोप शंकरी समेत दूसरे देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्त देवी मां के दर्शन-पूजन कर रहे हैं। शक्तिपीठ अलोप शंकरी में तो भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। दुनिया में यह इकलौता ऐसा मंदिर है, जहां देवी की कोई मूर्ति नहीं है और श्रद्धालु एक पालने की पूजा करते हैं।

पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक शिवप्रिया सती के दाहिने हाथ की उंगलियां यहां गिरकर अलोप यानी अदृश्य हो गई थी, इसलिए यहां देवी के पालने की पूजा की जाती है। यही वजह है कि शारदीय नवरात्र के मौके पर बड़ी संख्या में भक्त देवी मां के दर्शन पूजन के लिए जुटते हैं।

शंखनाद के साथ उद्घोष-2081 का आगाज

अपने भीतर ऐसे संस्कार विकसित करें कि भावी पीढ़ी गर्व करे- डा0 बीबी अग्रवाल

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। शंखनाद एवं घंटा-घड़ियाल की तुमुल ध्वनि के साथ उद्घोष-2081 कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने मंगलवार को नवसंवत्सर का हनुमत निकेतन प्रांगण, सिविल लाइंस में स्वागत किया। सृजन जन सेवा समिति के बैनर तले लोगों ने संकल्प लिया कि यदि जरूरत पड़ी तो वे भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए अपने जीवन का एक-एक पल न्योछावर कर देंगे।

उद्घोष-2081 को केरल के तरप्पा से वर्चुअली संबोधित करते हुए ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने कहा कि यह प्रयागराज के लिए अद्भुत क्षण है। इस कार्यक्रम के माध्यम से डा0 बीबी अग्रवाल लोगों के अंतस में आध्यात्मिक चेतना का प्रवाह कर रहे हैं। इसके लिए वे साधुवाद के पात्र हैं।

उद्घोष-2081 को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष अखिल भारतीय संत समिति के महासचिव दण्डी स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा कि जो लोग यह भ्रांति फैला रहे हैं कि मंदिर के निर्माण से क्या होगा। उन्हें यह जान लेना चाहिए कि भारत के लाखों गांवों में मंदिर से करोड़ों लोगों का जीवन यापन होता है।

इस अवसर पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि डा0 बीबी अग्रवाल न सिर्फ चिकित्सा के माध्यम से लोगों की सेवा कर रहे हैं, अपितु धर्म एवं अध्यात्म के प्रति भी लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वहीं न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने कहा कि इस तरह के आयोजन से हम अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाते हैं। जिस तरह लोग कहते थे श्रीराम आयेंगे। वस्तुतः श्रीराम आ गये।

इस अवसर पर सृजन जन सेवा समिति प्रयागराज के सचिव डा0 बीबी अग्रवाल ने उन महापुरूषों को नमन किया, जिन्होंने हिंदू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया।

उन्होंने शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती एवं मंचासीन अतिथियों के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः पांच बजे गायक मनोज गुप्ता की भक्ति संगीत की प्रस्तुतियों से हुआ। इसके बाद विद्वान आचार्यों ने स्वस्तिवाचन किया। साथ ही मंच पर दिशाओं से पुष्पवर्षा की गयी।

कार्यक्रम में सरोज योगी लोक सेवा आयोग के सदस्य गण कल्पराज सिंह, हरेश प्रताप सिंह, डॉ ए के वर्मा, डॉ राम प्यारे, डॉ सुशील कुमार सिन्हा, डॉ राज किशोर अग्रवाल, डॉ जी एल गुप्ता, अनिल पाण्डे, डॉ शिवदत्त पटेल, लालू मित्तल, सुशील केसर वानी, अनीश टंडन, अमित मिश्रा आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ दिवेश रंजन त्रिपाठी ने किया।

संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं से लूट करने वाले दो गिरफ्तार

एक मोबाइल फोन व 7500 रुपये नकद बरामद

प्रयागराज। संगम क्षेत्र में सोमवार को यात्री बस को रोककर श्रद्धालुओं, चालक एवं कंडक्टर से मारपीट करने एवं लूट करने के द्वारा आरोपियों को दारागंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से एक मोबाइल फोन और 7500 रुपए बरामद किए हैं।

ज्ञात हो कि सोमवार को संगम क्षेत्र में अवैध वसूली करने वाले लोगों ने श्रद्धालुओं से भरी एक बस को रोका और मारपीट कर लूट की। इस सम्बन्ध में थाना दारागंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 065/2024 धारा-392/ 323/ 504 भा0द0वि0 मैं मुकदमा दर्ज किया दारागंज पुलिस ने इस मामले से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तों शनि जायसवाल पुत्र रमेश चन्द्र जायसवाल नि0 नई बस्ती कीडगंज बारह खम्भा थाना कीडगंज जनपद प्रयागराज व अंकुश यादव पुत्र पन्धारी यादव निवासी बिखीपुर थाना कोईरौना जनपद भदोही को मुखबिर की सूचना श्मशान घाट के विद्युत शव दाह गृह के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से लूट का 01 मोबाइल फोन व 7500 रुपये नकद बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भा0द0वि0 की बढ़ोत्तरी की गयी। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में दारागंज नि0 तुषार दत्त त्यागी, उ0नि0 पवन कुमार सिंह, हे0का0 भूपेश सिंह और हे0का0 गुलाब चन्द्र शामिल रहे।

कुमार विष्णुकांत रहे छायाचित्र प्रदर्शनी के विजेता

वास्तुकार प्रज्ञा दरबारी महरोत्रा की स्मृति में एक दिवसीय छाया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। मंगलवार को हिंदुस्तानी एकेडमी में प्रयास चैरिटेबल ट्रस्ट प्रयागराज की ओर से वास्तुकार प्रज्ञा दरबारी महरोत्रा की स्मृति में एक दिवसीय छाया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि बीएचयू के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी रहे। जिन्होंने छाया चित्र प्रदर्शनी के विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांस्कृतिक विरासत और उसकी महत्ता को बताया और प्रदर्शनी में लगे छायाचित्रों की प्रशंसा करते हुए छायाकारों आशीर्वाद दिया। छायाचित्र प्रदर्शनी में 42 छायाकारो ने प्रतिभाग किया और करीब 80 छायाचित्रों को प्रदर्शित किया गया। भारतीय सांस्कृतिक विरासत को प्रतिबिम्बित करने वाले छायाचित्रों में देश की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक वैभव और प्राचीन स्मारकों की बोलती तस्वीरों से आज हिंदुस्तानी एकेडमी की गैलेरी जीवंत हो उठी। छायाचित्र प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार कुमार विष्णुकांत, दूसरा पुरस्कार किरन पंजाड़े और तीसरा पुरस्कार अभिषेक कुमार राय को प्रदान किया गया। छायाचित्रों में निर्णायक की भूमिका वरिष्ठ छायाकार एस के यादव ने निभाई और छायाकारों को सम्बोधित करते हुए छायाचित्र की बारीकियां बताई। संस्था की अध्यक्षा मीना दरबारी ने संस्था की जानकारी विस्तार से बताई और संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी।कार्यक्रम में डी पी सिंह निदेशक टूरिस्ट बंगलो, डॉ शिखा दरबारी आईआरएस आयकर विभाग, जी के खरे पूर्व रेलवे बोर्ड चेयरमैन, पी के सिन्हा, एस बी भार्गव, अनु भार्गव, डॉ पी के गांगुली मेकर्स ऑफ़ यू 3 ए, संजय बनौधा और शिवानी यादव अदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन नीरजा ने किया।

सरायबाजू के ग्राम सचिवालय में हुई लाखों की चोरी

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़ (प्रयागराज)। होलागढ़ की ग्राम पंचायत सराय बाजू का ग्राम सचिवालय/ पंचायत भवन भी सुरक्षित नहीं है। बीते शनिवार की रात चोरों ने दरवाजा तोड़कर इन्वर्टर, कंप्यूटर आदि उठा ले गए।चोरी की जानकारी सोमवार को तब हुई जब पंचायत भवन में केंद्र संचालन के लिए आंगनबाड़ी व सहायिका पहुंचीं।ग्राम प्रधान घनश्याम यादव ने सोरांव पुलिस केको चोरी की लिखित शिकायत की है। प्रधान की माने तो चोरी किसी जानकार व्यक्ति द्वारा की गई है।क्योंकि पैसा निकालने की डोंगल मशीन की चोरी नहीं की गई है।

फिलहाल होलागढ़ ब्लाक में पंचायत भवन में चोरी की यह आठवां वाकया है।जिस चोरी के खुलासे में ब्लाक कर्मी और पुलिस सब मौन हैं।

घट स्थापित कर मां के शैलपुत्री स्वरूप का घर-घर किया गया पूजन

मंदिरों में रहीं भक्तों की भीड़, आज ब्रह्मचारिणी स्वरूप की स्तुति

लेड़ियारी(प्रयागराज)। चैत नवरात्रि की प्रतिपदा शुक्लपक्ष पर घर- घर घट (कलश) की स्थापना के साथ मां भगवती का स्तुति शुरू हो गई । चैत नवरात्रि के पहले दिन मइया के शैलपुत्री स्वरूप का पूजन हुआ । सनातन धर्मावलंबियों ने वैदिक ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार के बीच मिट् टी मे जौ बोया उसके ऊपर घट में गंगा जल मिट् टी द्रव्य डालकर ऊपर आम का पल्लव , पान, सुपाड़ी रखकर रक्षासूत बांधकर उसके ऊपर रखा । माँ भगवती से क्षमायाचना के साथ नौ दिनों के व्रत का संकल्प लेकर दुर्गा सप्तशती का पाठ किया । वहीं काफी भक्तों ने ब्राह्मणों से पाठ कराया । भइया की कृपा प्राप्ति को पूजा स्थल पर अखंड ज्योति जलाई गई । नवरात्रि के पहले दिन होने के मंगलवार को भोर संगम में स्नान कर गंगा व यमुना के पवित्र जल में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने स्नान - ध्यान के बाद घाट पर पूजन किया । गंगाजल लेकर घर आकर नवरात्रि व्रत का संकल्प लेकर पूजन किया । वहीं काली धाम देवी मंदिर में दर्शन पूजन करने वालों की भीड़ रही ।शारदीय नवरात्रि के पहले दिन पूरे क्षेत्र में बड़े हीं धूमधाम से पंडालों में मां दुर्गा की अस्थापित की गई । जबकि पूजा स्थलों पर आकर्षण सजावटी भक्तगण किए नजर आए । लेड़ियारी काली धाम सहित आसपास गांवों में घर - घर दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित करने के बाद श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की गई । भक्तजनों द्वारा प्रथम दिवस मां शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा पाठ और हवन एवं प्रसाद वितरण किया

सम्मान से मिलते हैं बेहतर करने के हौसले-प्रतिज्ञा

मेजा ऊर्जा निगम ने जीता नैगम संचार उत्कृष्टा पुरस्कार

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। लखनऊ में आयोजित हुई एनटीपीसी नैगम संचार बैठक 2024 के दौरान, मेजा ऊर्जा निगम को %बेस्ट फीचर स्टोरी% केटेगरी के तहत नैगम संचार उत्कृष्टा पुरस्कार से नवाज़ा गया है। मेजा ऊर्जा निगम की जन सम्पर्क अधिकारी प्रतिज्ञा यादव ने इसे ग्रहण किया है।

दो-दिवसीय लखनऊ में आयोजित एनटीपीसी नैगम संचार बैठक 2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान यह पुरस्कार दिया गया है। बताया कि वर्ष 2023 में जन -संपर्क एवं नैगम-संचार विभाग द्वारा सीएसआर प्रयासों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रति किये गए उत्कृष्ट प्रयासों को चिन्हित कर उन्हें एनटीपीसी के मानव-संसाधन विभाग के निदेशक दिलीप कुमार पटेल द्वारा सम्मानित किया गया है। प्रतिज्ञा यादव ने कहा कि इस तरह के सम्मान से हौसले बढ़ते हैं और आगे कुछ अच्छा करने के लिए बल मिलता है।

कार्यक्रम के दौरान नैगम-संचार विभाग के कार्यकारी निदेशक हरजीत सिंह, महा-प्रबंधक के. एम प्रशांथ के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे! संस्थान के सहयोगियों ने प्रतिज्ञा यादव को बधाई देते हुए,भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

पुरानी पाइप डालकर पाइपलाइन बिछा रहा जल निगम का ठेकेदार

प्रयागराज। जहाँ प्रयागराज कुंभ मेले के कारण चारों तरफ से खूबसूरत बनाया जा रहा है और प्रयागराज के घाटों का सौंदरीकरण भी किया जा रहा है। वही कुछ लोग इसमें पलीता लगाने का काम कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला झूसी क्षेत्र के ओल्ड जीटी रोड के पास पाइपलाइन बिछाने के दौरान सामने आया। यहां पर जल निगम का ठेकेदार नई पाइप ना डालकर पुरानी पाइप ही बिछा रहा है।

झूसी क्षेत्र के ओल्ड जीटी रोड से लेकर छटनाग घाट तक घाटों को पक्का किया जा रहा है। उसी में जल निगम द्वारा पाइप लाइन का भी टेंडर हुआ है जसमें नई लाइन को बिछाना निश्चित हुआ है। ठेकेदार नई पाइप लाइन न डालकर पुरानी पाइप का उपयोग कर रहा है। पहले ही मेले में इसका उपयोग किया जा चुका है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि है अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिली भगत से पुरानी पाइप से लाइन बिछाई जा रही है। जिससे सरकार को राजस्व का चुना भी लगाया जा रहा है। जिसका एक वीडियो भी वायरल है। अब दिलचस्प यह है कि वायरल हो रहे वीडियो के बाद विभाग अपने भ्रष्ट अधिकारियों एवं ठेकेदार के विरुद्ध क्या कार्रवाई करता है। बताया जा रहा है कि जल निगम के एक जे0ई0 की संरक्षण एवं उनके निगरानी में पूरा कार्य किया जा रहा है। बताया यह भी जा रहा है कि यह टेंडर लगभग 2 करोड़ के करीब का है पूरी घटना वायरल वीडियो में देखा जा सकता है।

श्रीमद्भागवत पुराण के दर्शन मात्र से हुआ धन्य - डॉ संगम मिश्र

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। क्षेत्र के अतरी कसौटा गांव के स्व.पं.रामेश्वर शुक्ल उर्फ बरसाती लाल के परिवार जनों द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ संगम मिश्र ने पहुंचकर श्रीमद्भागवत पुराण को प्रणाम किया। उंन्होने कहा कि इसके दर्शन व श्रवण से जीवन धन्य हो गया।

व्यास पीठ पर विराजमान विख्यात कथा वाचक डॉ ध्रुव नारायण मिश्र ने मंच से कथा में उपस्थित श्रोताओं से डॉ संगम मिश्र का परिचय कराते हुए कहा आप मेरे सगे दादा हैं। कथा वाचक मिश्र ने डॉ संगम मिश्र के विषय में बताया कि आप लोकसभा इलाहाबाद - 52 से भारतीय जनता पार्टी के दावेदार हैं। मेरे अपने सगे होने के नाते इन्हें भी आप लोग गुरु के रूप में सम्मान दे सकते हैं।

डॉ संगम मिश्र ने भागवत कथा में उपस्थित श्रोताओं से गुरु दक्षिणा के रूप में भाजपा को जितने की अपील की। मोदी योगी सरकार द्वारा जनहित में किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच से डॉ मिश्र ने तीसरी बार,मोदी सरकार।अबकी बार, 400 पार की बात कही। डॉ मिश्र ने लोगों से कहा इस बार हम सबको अपने-अपने बूथ पर पिछली बार के वोटो के सापेक्ष 370 वोट अधिक दिलाने का प्रयास करना होगा। आगामी लोक सभा चुनाव 25 मई को हम सभी को एक-एक घर से वृद्ध, विकलांग,युवा एवं महिला मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाने में पूर्ण सहयोग करना होगा तभी हम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।कार्यक्रम में रामेश्वर ग्रुप आफ स्कूल के अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ल, राजेंद्र शुक्ल, नरेंद्र शुक्ल, एस.के.तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल एकेडमी प्रयागराज, शंकरदेव त्रिपाठी एडवोकेट प्रांत संस्कृत प्रमुख भाजपा नेता दिलीप शुक्ल, राजाराम चौधरी, यश विक्रम त्रिपाठी, घनश्याम मिश्र, लल्लन झा, अंकुर सिंह समेत बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

आर ए एफ के जवानों ने शौर्य दिवस मनाया

लोकमित्र ब्यूरो

फाफामऊ। 101 आर.ए.एफ. के प्रांगण में ÷शौर्य दिवस÷ मनाया गया। आज ही के दिन 1965 को पश्चिमी भारत-पाक सीमा पर कच्छ के रन में सरदार एवं टाक पोस्ट में तैनात केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल की 2ठ्ठस्न वाहिनी की एक छोटी सी बहादुर टुकड़ी द्वारा पाकिस्तानी आर्मी के 3500 सेनाओं वाली एक विशाल ब्रिगेड को खदेड़ देने वाली घटना सैनिक युद्ध के इतिहास में अद्वितीय मिसाल है। यह गाथा बहादुरी, कर्तव्य परायणता और मातृ-भूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले बल के0रि0पु बल का गौरवमयी इतिहास है। इसी कारण हर वर्ष 9 अप्रैल को ÷शौर्य दिवस÷ पूरे देश में मनाया जाता है।वाहिनी के कमाण्डेन्ट मनोज कुमार गौतम ने परम्परागत तरीके से क्वार्टर गार्ड में सलामी ली तथा जवानों व अधिकारियों को पदक व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया। उक्त अवसर पर कमाण्डेन्ट महोदय ने वाहिनी के जवानों व अधिकारियों को उनकी कर्तव्य परायणता के लिए प्रेरित किया और बल के गौरवशाली परम्परा को बनाये रखने के लिए कहा। अन्त में उन्हे कर्तव्य के बारे में समझाते हुए देश और जनहित को सर्वोपरि बताया।उक्त अवसर पर कला प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें 101 वाहिनी परिवार के बच्चों ने भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को कमाण्डेन्ट महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया। 101 आर.ए.एफ. की एक टीम शहीद वरूण कुमार तिवारी, ग्राम-लोनाखका, होलागढ़, प्रयागराज के परिवारजनों से मिलें व उन्हें उपहार भेंट किये।इस अवसर पर पुर्नवसु तिवारी, (द्वि. कमा.अधि.), बृजेश कुमार दुबे (उप कमाण्डेन्ट), नीरज कुमार (उप कमाण्डेन्ट) तथा अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण व जवान उपस्थित रहें।

राष्ट्र गौरव ही हमारा मिशन-आलोक

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मनाया प्रतिपदा उत्सव

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। राष्ट्र की एकता अखंडता के लिए हर सांस कुर्बान करने का जज्बा रखने वाले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मंगलवार को हिन्दू नव वर्ष के उपलक्ष्य में प्रतिपदा उत्सव मनाया। सनातन संस्कृति और हिन्दू राष्ट्र की सोच को मिशन के रूप में आगे ले जाने वाले संघ से जुड़े लोगों ने ध्वज प्रणाम कर राष्ट्र सम्मान का संकल्प दोहराया।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ खण्ड मेजा द्वारा महाराज श्री दण्डी स्वामी केशवाश्रम उ0मा0विद्यालय गुनई गहरपुर में वर्ष प्रतिपदा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व प्रथम ध्वज प्रणाम, अमृत वचन, एकल गीत और अंत में जिला प्रचारक आलोक जी द्वारा बौद्धिक दिया गया। उंन्होने राष्ट्र धर्म पालन कर हिन्दू हित के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में स्वयं सेवक,खण्ड कार्यवाहक विन्ध्यवासिनी ,खण्ड संघचालक हिंछ लाल, खण्ड सेवा प्रमुख अतुल, मण्डल मंत्री संजय तिवारी, प्रधान पंकज राव, देवकर पाण्डेय, तारकेश्वर दूबे, सुरेंद्र मिश्र, सूरज शुक्ला, आशीष द्विवेदी सहित कई लोग शामिल रहे।

"माइ हेल्थ माइ राइट" के थीम पर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन

शम्भूनाथ अस्पताल में विश्व स्वास्थ्य दिवस का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। उत्थान शम्भूनाथ रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेस एण्ड हास्पिटल और इलाहाबाद मैनेजमेन्ट एसोशियेशन के तत्वाधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में मोतीलाल नेहरु मेडिकल कालेज की प्राचार्य डा0वत्सला मिश्रा और विशिष्ठ अतिथि विश्व आयुर्वेद मिशन प्रयागराज के अध्यक्ष डा0जीएस तोमर मौजूद रहे। संस्थान के अध्यक्ष डा0 धीरेन्द्र कुमार ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य पर सभी का अधिकार है और सभी को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

शम्भूनाथ नर्सिंग कॉलेज के सभागार में आयोजित विश्व स्थास्थ्य दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा0 वत्सला मिश्रा ने कहा कि सात अप्रैल को पूरे विश्व में विश्व स्वास्थ्य दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। आज के समय में अस्वस्थ जीवन शैली के चलते कम उम्र में ही लोग कई गम्भीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। विशिष्ट अतिथि डा0 जीएस तोमर ने कहा कि इस साल विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा ''माइ हेल्थ माइ राइट'' थीम के साथ विश्व स्वास्थ्य दिवस को मनाने का फैसला किया है। ये थीम दर्शाती है कि स्वास्थ्य ही मानव के जीवन की असली बुनियाद है। साथ ही किसी भी व्यक्ति की सेहत उसका अधिकार है। एएमए के अध्यक्ष रवि प्रकाश ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि किसी व्यक्ति की आर्थिक परिस्थितियां चाहे कैसे भी क्यों न हो, उसे अच्छी सेहत के लिए तमाम स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। यही वजह है कि दुनिया भर में अलग-अलग देशों की सरकारें लोगों के लिए तमाम मुफ्त योजनाएं चलाती है ताकि हर व्यक्ति निरोग जीवन जी सके। इस कार्यशाला में डा. जीएस तोमर को अपने रिसर्च कार्य के लिए एएमए ने विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया और एएमए की सोविनियर का विमोचन किया गया। कार्यकम का संचालन डा. नमीर अल हसन और शिल्पी बनर्जी ने किया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव डा0 कौशल कुमार, डा0 शान्ती चौधरी पीआरओ एएमए, वैभव बाजपेयी पूर्व अध्यक्ष एएमए, डा0 जीके खरे पूर्व चेयरमैन रेलवे बोर्ड, स्नेह मधुर, डा0 मलय तिवारी, अभिषेक शुक्ला, प्रधानाचार्या डा0 श्वेता रानी, डा0 गनोज मिश्रा, डा0 डीपी अग्निहोत्री, डा0 जेपी मिश्रा समेत संस्थान के सभी स्टाफएवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

आओ करें जागरूक:- उम्र अठारह पूरी है मत देना बहुत जरूरी है

एसडीएम व नगर अध्यक्ष ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। नगर स्थित कार्यालय में एसडीएम चायल योगेश एवं नगर अध्यक्ष कविता पासी और ईओ रामसिंह की अध्यक्षता में भरवारी कस्बे में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मतदान करने के लिए नगरवासियों को जागरूक किया गया है। रैली में वॉर्ड के सभासद के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में नगर कर्मी शामिल हुए।

नगर पालिका परिषद् भरवारी में आज एसडीएम व नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष ने नगर वासियों व नगरकर्मी को शामिल कर मतदान के लिए जागरूक करने के लिए एक रैली का आयोजन किया। रैली में शामिल लोगो ने तख्ती में कई तरह के स्लोगन ''आओ सब मिलकर गाएँ हम देने वोट जरूरी जाएँ'' ''देश के मतदाता है वोट देना आता है, ''सबका यह अरमान है करना सब मतदान है'' एक तख्ती में दिल को छू लेने वाला श्लोगन पढ़ने को मिला ''उम्र अठारह पूरी है मत देना बहुत जरूरी है'' लोगो ने श्लोगन पढ़ काफी उत्साहित दिखें, नगर क्षेत्र के मतदाताओं को अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

रैली के माध्यम से कस्बेवासियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही एसडीएम चायल योगेश कुमार, अध्यक्ष कविता पासी और ईओ रामसिंह ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन लिपिक बबलू गौतम ने किया। कार्यक्रम में सभासद मोहम्मद हुसैन उर्फमुन्नन, शंकर लाल केसरवानी उर्फ बच्चा, तुषार उर्फ तनु केसरवानी, डीपीएम केके यादव, राकेश सरोज, संजय कुमार गुप्ता सहित नगर कर्मचारी उपस्थित रहें।

चुनाव के मद्देनजर में अर्ध सैनिक बल के साथ कौशाम्बी थाना पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर के अंतर्गत मंगलवार को कौशाम्बी थाना पुलिस ने अर्ध सैनिक बल 722 डी कंपनी कमांडर निरक्षक सुग्रीव प्रसाद, 59 बटालियन के साथ कौशाम्बी थाना उपनिरीक्षक दिलीप सिंह यादव, उपनिरीक्षक प्रदीप पाण्डेय, उपनिरीक्षक सलाम मोहम्मद, हेड कांस्टेबल योगेंद्र सिंह, हरिकेश यादव हेड कांस्टेबल जयशंकर सिंह, हेड कास्टेबल, अफसर खान, कास्टेबल सचिन सिंह कास्टेबल अनुराग सिंह सहित बटालियन के अर्ध सैनिकों ने कौशाम्बी कोसम इनाम, पाली, इटैला इंदारापर, सहित विभिन्न स्थानों में भ्रमण किया साथ ही लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण संपन्न कराने की अपील किया।

गौकशबाज के बयान पर पुलिस ने दुश्मन को बनाया गोकशी का सह अभियुक्त !

पीड़ित महिलाओं ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर लगाई इंसाफ की गुहार

महिला बोली- विपक्षी से परिवार से उसके परिवार से विगत कई वर्षो से चली आ रही है अदावत

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। करारी कोतवाली क्षेत्र के पारा हसनपुर गांव की दो महिलाओं ने एसपी से शिकायत कर करारी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है। मंगलवार को पुलिस अधिकारी ने जांच के बाद इंसाफ का भरोसा दिया है। मामला दस दिन पहले थाना पुलिस की मुठभेड़ में गिरफ्तार दो गोकश बदमाशों के बयान के आधार पर अन्य युवको का नाम उजागर होने के बाद का बताया जा रहा है। पीड़ित महिलाओ के मुताबिक पुलिस ने जिन गिरफ्तार बदमाश के बयान पर उनके पतियों का नाम मुकदमे में बढ़ाया है। उनसे बीस साल पुरानी दुश्मनी चल रही है।

करारी के सालेपुर गांव में 15 दिन पहले अज्ञात गोकाशबाजों ने गोकशी की घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी थी। घटना के बाद पुलिस ने पांच दिन की पड़ताल के बाद वारदात में साहिल व तौसीफ को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशो के बयान को आधार बनाकर उनके साथ मुमताज व दोश मोहम्मद निवासी पारा हसनपुर को गोकशी के मुकद्दमे में नाम बढ़ा दिया। पीड़ित महिला शमा के मुताबिक उसका पति दोश मोहम्मद गांव के बाहर रहकर प्राइवेट काम कर रुपये घर भेजता है तो उनके घर का खर्च चलता है। लेकिन जिन लोगों के बयान पर पुलिस ने उनके पति को मुकद्दमे में फंसाया है। उनसे हमारे परिवार की बीस साल से दुश्मनी चल रही है। सबाना ने बताया कि साहिल व तौसीफ के परिवार ने बीस साल पहले उसके परिवार की जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया था। जिसके बाद से उनके परिवार से दुश्मनी चली आ रही है। थाना पुलिस की करतूत को बताकर पीड़ित महिलाओ ने पुलिस अफसर से इंसाफ की गुहार लगाई। बहरहाल कुछ भी हो पुलिस अधीक्षक ने थाना पुलिस की कार्यवाही की रिपोर्ट तलब कर जांच किए जाने की बात कही है।

क्या कहते है सीओ सदर - पीड़ित पक्ष का प्रार्थना पत्र लिया गया है। प्रकरण में नियमानुसार जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी। किसी निर्दोष व्यक्ति पर पुलिस कार्यवाही नहीं होने दी जाएगी।

सक्षम युवा विकास फाउंडेशन ने मतदाता जागरूकता शपथ ग्रहण समारोह

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, कौशाम्बी। सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के सदस्यों ने विजिया चौराहा के ब्राइट लाइफकोचिंग सेंटर में मतदाता जागरूकता शपथ ग्रहण समारोह किया। जिसमे उपाध्यक्ष रोहित मिश्र ने युवाओं से कहा कि इस लोकतंत्र के महापर्व 2024 में मतदान के लिए युवाओं को बढ़ चढ़ कर मतदान करना चाहिए, इस कार्यक्रम में सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के उपाध्यक्ष रोहित मिश्र, कोषाध्यक्ष कौशिक अग्रहरि, विकास अग्रहरि, राजू केशरवानी, अनिल पाल, विजय पाल, दिनेश चौधरी, शिव दयाल प्रजापति, सुधीर सिंह, कलीम हसन, घनश्याम सरोज इंद्रलाल सरोज, प्रेम मिलन सरोज, पप्पू निषाद, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

कूट रचित तरीके से आधार कार्ड तैयार कर बैंक खाता खोलकर धोखाधडी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार वार्ताकर दी जानकारी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। वादी सुभाष नि0 ग्राम बाले का पुरवा थाना मोहब्बतपुर पइंसा जनपद कौशाम्बी द्वारा 07 अप्रैल 2024 को पुलिस कार्यालय में शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया गया कि अज्ञात लोगों द्वारा सोलर नलकूप स्कीम का अधिकारी बताकर प्रार्थी की माता का आधार, राशन कार्ड, बैंक पासबुक की स्वहस्ताक्षरित फोटो कॉपी ले गये तथा बताए कि जल्द ही आपका सोलर नलकूप लग जाएगा, लगभग 01 सप्ताह बाद दोबारा प्रार्थी के घर उक्त लोग आये और एक आधार अपडेट फॉर्म में प्रार्थी की माता का अंगूठाध्निशान लगाकर ले गए। 06 अप्रैल 2024 की शाम को प्रार्थी के मोबाइल पर फोन करके आधार अपडेट करने व रुकी हुई पेंशन नकद ले लेने हेतु सैनी बुलाया जिस पर प्रार्थी को शक हुआ कि उसके साथ उक्त लोगों द्वारा कोई गम्भीर फ्राड़ किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा घटना की गम्भीरता को देखते हुए साइबर थाने को अभियोग पंजीकृत कर सफल अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में 09 अप्रैल 2024 को साइबर क्राइम थाना पुलिस को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग 04 पाहिया गाड़ी होण्डा सिटी नं0 यूपी 32 एमएम 1020 में सिराथू से मोहब्बतपुर पइंसा जाने वाली सड़क पर रेलवे ओवर ब्रिज के पास खड़े हैं जो कि फर्जी आधार कार्ड बनवाकर फ्राड़ करते हैं, जिस पर साइबर थाना व सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारामुखबिर द्वारा बताए गए स्थान से 03 अभियुक्तों पियूष श्रीवास्तव पुत्र राकेश कुमार श्रीवास्तव नि0 सी 166 राजाजीपुरम थाना तालकटोरा जनपद लखनऊ, अंशुल अवस्थी पुत्र स्व0 प्रसिद्ध नारायण अवस्थी नि0 एफ 69 राजाजीपुर आवास विकास कालोनी थाना तालकटोरा जनपद लखनऊ, रंजीत पुत्र भवर सिंह नि0 गोवानिया थाना नासीराबाद जनपद अजमेर, राजस्थान को हिरासत में लिया गया तथा जामा तलाशी से अभियुक्तों के पास से 01 अदद फिंगर स्कैनर डिवाइस, 01 अदद लैपटॉप, 02 अदद एक ही आधार नम्बर के अलग-अलग नाम के कूटरचित आधार कार्ड व 04 अदद मोबाइल फोनबरामद किया गया । विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

पूछताछ का विवरण अपराध का तरीका-

अभियुक्तों से पूछतांछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम लोग मिलकर सीधे-साधे व कम पढ़े-लिखे लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताकर धोखे से आधार कार्ड संशोधन फार्म में अपना व अपने लोगों का मोबाइल नम्बर डाल देते हैं तथा फिंगर स्कैनर डिवाइस पर फिंगर लगवाकर कूट रचित दस्तावेज तैयार करते हैं साथ ही साथ किसी बैंक में खाता खोलकर उस बैंक खाते में भी अपने लोगों का मोबाइल नम्बर लिंक करा देते है तथा उस बैंक खाते में हमारे गिरोह के सदस्य आम लोगों से साइबर फ्राड़ के जरिए घोखाधड़ी से पैसे मंगवाते हैं, जिनका हम उपभोग करते हैं तथा हम लोगों के गिरोह का मुख्य सरगना सुनील कुमार गुर्जर उर्फ मोंटी है जो सुत्तर खाना थाना नासीराबाद जनपद अजमेर, राजस्थान का रहने वाला है जो पहले भी कई बार इसी तरह के फ्राड़ में सम्मिलित रहा है एवं चर्चित पशुधन घोटाले में एसटीएफद्वारा गिरफ्तार कर जेला भेजा जा चुका है ।

इसी प्रकार हम लोग योजनाबद्ध तरीके से बाले का पुरवा निवासी सीता देवी का ऑनलाइन आधार कार्ड संशोधन फार्म पर हस्ताक्षर कराकर उस पर अपने लोगों का मोबाइल नम्बर डालकर आधार कार्ड अपडेट व बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया करने ही वाले थे कि हम लोग पकड़े गये ।

नवरात्रि के पहले दिन शैलपुत्री के रूप में भक्तों ने की माता की पूजा

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन शक्तिपीठ माता शीतला धाम कड़ा वासिनी सहित जिले के विभिन्न देवी मंदिरों में माँ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह से ही उमड़ रही है। सुबह मंगला आरती के बाद मां के दर्शन के लिए मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही जनपद मुख्यालय मंझनपुर के अति प्राचीन दुर्गा मंदिर में सुबह से मां दुर्गा के दर्शन करने के लिए महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़ लगी रही इसी तरह पूरब पश्चिम शरीरा स्थित माँ झारखंडी देवी के अति प्राचीन मंदिर में भी नवरात्रि के पहले दिन सुबह से ही महिला पुरूष भक्तों की भारी भीड़ लगी रही।कड़ा में मंगला आरती के समय मंदिर के पुजारी ने मां को भोग लगा कर आरती उतारी, उसके बाद श्रद्धालु पूजन दर्शन में जुट गए। 51 शक्तिपीठों में से एक मां कड़ा वासिनी शीतला धाम में नवरात्रि के पहले दिन शैलपुत्री रूप का दर्शन किया भक्तों ने सुबह से ही मां के दर्शन पूजन के लिए मंदिर में लाइन लगा रखा था।मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों ने मां का जयकारा लगाया। माता शीतला को पूर्वांचल की अधिष्ठात्री देवी भी कहा जाता है। यहां पर सबसे अधिक दर्शनार्थियों की भीड़ पूर्वांचल के भक्तों की रहती है।नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने मां के दर्शन पूजन किए और उन्हें रोट व हलवा का प्रसाद चढ़ाया। मां के कुंड को जल व दूध से भरवाने के लिए भक्तों की लाइन लगी रही। मान्यता है कि मां के कुंड को भरवाने से मनोवांछित फल मिलता है शीतला धाम के पुजारी उदय पंडा ने बताया कि माता सती का यहां पर दाहिना कर (पंजा) गिरा था। जो आज भी कुंड में मौजूद है। गर्दभ वाहिनी माता शीतला को पुत्र देने वाली देवी भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो भक्त सच्चे हृदय से मां की पूजा करता है उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में पूरे 9 दिन तक मां के दर्शन व पूजन के लिए भक्तों की सुबह से लेकर देर शाम तक भीड़ लगी रहती है।

सरायअकिल कस्बे में भव्य कलश यात्रा निकाली गई

लोकमित्र ब्यूरो

सरायंअकिल, कौशाम्बी। सराय अकिल कस्बे में मध्य भागवत कथा का आयोजन किया गया जो मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई कथा मंगलवार से शुरू होकर 16 तारीख मंगलवार तक चलेगी, मंगलवार को कस्बे में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बता दे, सराय अकिल कस्बे में मध्य भागवत कथा सब्जी मंडी शिव शक्ति धाम में शिव शक्ति धाम के समस्त भक्तों ने यह आयोजन किया जो समस्त महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर पूरे कस्बे में भ्रमण किया जो वृंदावन से चलकर आए कथा वाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज अपने मुखारविंद से कथा सुनाएंगे, शिव शक्ति धाम के पुजारी शिवकांत मिश्रा के पिताजी जजमान आद्या प्रसाद मिश्रा पत्नी मालती देवी निवास केवट का पुरवा से चलकर आकर सब्जी मंडी शिव शक्ति धाम में सुनेंगे, आज मंगलवार को पूरे कस्बे में कलश यात्रा से शुरू हुई, शिव शक्ति धाम के पुजारी शिवाकांत मिश्रा व समस्त भक्तों ने मिल कर मध्य भागवत कथा का आयोजन किया जिसमें भरत केसरवानी विवेक कुमार महेश रस्तोगी रमेश वर्मा अंकित तामकार सुनील सोनी आदि लोग शामिल रहे।

पुरखास में मानक विहीन चल रहा ईट भट्ठा, जिम्मेदारों की मिलीभगत का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। चायल तहसील क्षेत्र के पुरखास में चल रहे ईट भट्ठे में मानक की अनदेखी का आरोप लगाते हुए भाजपा के वरिष्ट नेता आरिफमहमूद ने मामले की शिकायत अपर मुख्य अधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

लखनऊ के डॉलीगंज के रिवरबैंक कालोनी के रहने वाले आरिफ महमूद ने अपर मुख्य अधिकारी कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया की चायल तहसील क्षेत्र के पुरखास में एक ईट भट्ठा संचालित हो रहा है। जिसमे मानक की अनदेखी की जा रही है। जिसमें डेढ़ माह पूर्व भट्टे की जांच के दौरान कमियां पाए जाने पर भट्ठे को बंद करने का आदेश तो दिया गया विभाग के द्वारा परन्तु सिर्फ खाना पूर्ति करके आदेश को प्रभावित किया गया। जबकि पुलिस का कहना है कि भट्ठा को बंद करने के लिए कई बार राजस्व विभाग को बुलाया गया परन्तु राजस्व विभाग आदेश के बाद भी नही पहुँचा और भट्टे में भट्ठा संचालक ने आग लगा दी वही जनसूचना के तहत जानकारी में विभाग ये जानकारी भी दे रहा है कि भट्टे का लाइसेंस अभी निर्गत नही किया गया है।

अब सवाल उठता है जब लाइसेंस निर्गत नही है तो किसके इसारे पर भट्ठा संचालित किया जा रहा है। जिसके चलते क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है। भाजपा नेता ने अपर मुख्य अधिकारी को नौ सूत्रीय ज्ञापन देकर ईट भट्ठे की जांचकर कार्यवाही की मांग की है।

हत्या के दो आरोपियों को मिली आजीवन कारावास की सजा

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। थाना करारी अन्तर्गत भैला मकदूमपुर में महिला की सिरकटी लाश मिली थी, जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय विभन्नि धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित दो आरोपियों शिवम सोनी उर्फ शेरा, कैलाश चन्द्र निवासी कांशीराम कालोनी, घना का पूरा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को 09 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को न्यायालय द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए प्रत्येक अभियुक्त को आजीवन कारावास तथा 40-40 हजार रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 10 साल का कारावास

चित्रकूट: नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 5 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बीते 11 अप्रैल 2020 को वादी ने थाना मारकुण्डी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के ने बताया कि छोटे यादव उर्फ चन्द्रकमल ने उसकी नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म किया है। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने दोष सिद्ध होने पर छोटे यादव उर्फचन्द्रकमल को 10 वर्ष कठोर कारावास के साथ 5 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दिण्डत किया गया।

बिजली विभाग की लापरवाही के चलते झूलते तार में हुआ शॉर्ट सर्किट, चिंगारी से गेहूँ के खेत में लगी आग

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। भरवारी नगर पालिका के वार्ड नम्बर आठ लियाकत अली नगर रोही के अशर्फी लाल मौर्या के गेंहू के खेत में मंगलवार को दोपहर में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते झुलते बिजली की तार की स्पार्किंग के वजह से आग लग गई, आग से गेहूँ की फसल जल कर खाक हो गयी, गनीमत रही की ग्रामीणों की मदद से आग पर जल्द काबू पा लिया गया, वरना अगल- बगल के खेतो में खड़ी फसल को भी नुकसान हो जाता ।पीड़ित किसान ने पुलिस,बिजली विभाग के जेई और क्षेत्रीय लेखपाल को घटना की सूचना सूचना दी। पीड़ित किसान ने मुआवजे की माँग की,साथ ही किसानों का कहना है। की बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही का नतीजा है की प्रत्येक वर्ष किसानों को काफी नुकसान होता है। खेतों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार काफी ढीला होकर लटक रहे हैं। इनकी मरम्मत के नाम पर महज खानापूर्ती की जाती है। नतीजा है। कि किसानों को नुकसान का सामना करना पड़ता है।

बूथ के 200 मीटर की परिधि में किसी भी पार्टी का कार्यालय या चुनाव चिन्ह सम्बन्धित कोई सामग्री न रहे

अफीम कोठी सभागार में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को किया गया प्रशिक्षित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा के नेतृत्व में दो पालियों में जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेऊटों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अफीम कोठी सभागार में किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद ने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है, सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेऊट पूरी गम्भीरता से इस प्रशिक्षण को प्राप्त करें, जो भी जिज्ञासायें है उसका समाधान यहीं पर कर लें। बूथ के 200 मीटर परिधि में किसी भी पार्टी की प्रचार सामग्री नहीं रहेगी, न ही किसी पार्टी का कार्यालय रहेगा। जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेऊट अपने सेक्टर एवं जोन के बारे में विस्तृत जानकारी रखें, सम्बन्धित थानों के फोन नम्बर अपने पास सुरक्षित कर लें जिससे चुनाव के दिन सम्पर्क स्थापित करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस बार चुनाव में एमपीएस ऐप का आपको प्रयोग करना है जिसका मतलब है मतदाता प्रतिशत संकलन।

प्रशिक्षण में सुपर मास्टर टेऊनर्स के रूप में डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहम्मद अनीस एवं एआरपी धर्मेन्द्र ओझा रहे तथा टेक्निकल मास्टर टेऊनर के रूप में अशोक शुक्ला एवं नसीमुद्दीन रहे। इस प्रशिखण में सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम सम्बन्धित विशेष विन्दुओं जैसे पीठासीन के कार्य, कितने प्रकार के लिफाफे जमा करते है, ईवीएम को जोड़ने का सही क्रम क्या है, एएसडी सूची क्या है, 17ए क्या है, 17सी क्या है, टेण्डर वोट क्या है, चैलेन्ज वोट क्या है, वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में कौन कौन सी मशीन रहती है आदि पर पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा सुपर मास्टर टेऊनर डा0 मो0 अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा द्वारा दिया गया जिसमें निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू से लेकर अंत तक दिखाई गई और नये अपडेट्स के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, उप निदेशक एवं प्राचार्य अफीम कोठी मंजू वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य डा0 विन्ध्याचल सिंह, आईटीआई कुण्डा प्रधानाचार्य रूपेश शुक्ला सहित राहुल शर्मा, जेपी चौधरी, नीरज मिश्रा और प्रशिक्षु कार्मिक उपस्थित रहे।

श्रीराम बालिका इण्टर कालेज में मतदाता शपथ एवं परिचर्चा का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा के आदेशानुसार जनपद के सभी शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। श्रीराम बालिका इण्टर कालेज चिलबिला में मतदाता शपथ तथा परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों को लोकसभा चुनाव में शत् प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने में सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आवाहन किया तथा कहा कि सभी विद्यार्थी अपने परिवार, पास-पड़ोस, रिश्तेदारों, क्षेत्रीय नागरिकों को मतदान दिनांक लोकसभा क्षेत्र कौशाम्बी में 20 मई तथा लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ में 25 मई को मतदान जरूर करें। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्रीराम बालिका इण्टर कालेज डाली केसरवानी ने शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिये स्टाफ तथा विद्यार्थियों का आवाहन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज रामपुर कांपा डा0 विन्ध्याचल सिंह, विद्यालय के प्रबन्धक आनन्द कुमार केसरवानी, नोडल अधिकारी स्वीप विधानसभा सदर डा0 मो0 अनीस सहित लालमणि पटेल व स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पिस्टल,तमंचा,कारतूस के साथ 4 अभियुक्त गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

मानधाता,प्रतापगढ़। पुलिस ने अवैध पिस्टल 32 बोर, 06 अदद जिन्दा कारतूस, 02 अदद मैगजीन एवं 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ 04 अभियुक्त गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में' जनपद के थाना मान्धाता के 'उ0नि0 श्री राजकुमार मय हमराह यूटी उ0नि0 अलंकार, हे0का0 बल्देव मौर्या, का0 हरिपाल, का0 मनीष यादव, का0 रणवेन्द, का0 सुनील यादव, का0 शक्ति सिंह' द्वारा देखभाल क्षेत्र, वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र मान्धाता के लाखापुर प्राथमिक विद्यालय के पास से 02 अदद अवैध पिस्टल 32 बोर, 06 अदद जिन्दा कारतूस, 02 अदद मैगजीन व 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ 04 अभियुक्त '01. रणजीत सिंह पुत्र स्व0 धर्मराज सिंह नि0 अकोढिया थाना मान्धाता 02. राजवीर सिंह उर्फतेजा पुत्र विनोद सिंह ग्राम गाजीपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ 03. पवन सिंह उर्फ अभिषेक सिंह पुत्र प्रमोद सिंह निवासी हरखपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ 04. महेश पाल उर्फ भोनू पुत्र हरिलाल पाल निवासी टिकरी थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़' को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तो के कब्जे से 02 अदद अवैध पिस्टल 32 बोर, 06 अदद जिन्दा कारतूस, 02 अदद मैगजीन एवं 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया, उक्त बरामदगी के संबंध में थाना मान्धाता में मु0अ0सं0 37,2024 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया ।

चोरी की बाइक,तमंचा-कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। पुलिस ने चोरी की बाइक,तमंचा एवं कारतूस के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरन्तर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूध्द कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में आज दिनांक 09.04.2024 को थाना कोतवाली नगर के 'उ0नि0 श्री मोहम्मद शमशेर' मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग एवं विवेचना के दौरान थाना स्थानीय के 'मु0अ0सं0-190,2024 धारा 379,411 भादवि' से सम्बन्धित अभियुक्त 'शुभम सिंह पुत्र कमलेश बहादुर सिंह निवासी फुलवारी थाना कोतवाली देहात, जनपद प्रतापगढ़' को अपाचे मोटर साइकिल 3008 व 01 अदद तमंचा 32 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के 'भगवा रेलवे फाटक के पास से' गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से अभियोग उपरोक्त मु0अ0सं0-190,2024 धारा 379,411 भादवि से सम्बन्धित 01 अदद चोरी की अपाचे मोटर साइकिल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त शुभम सिंह उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद चोरी की अपाचे मोटर साइकिल एवं 01 अदद तमंचा 32 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया, बरामदगी के संबंध में मुकदमा उपरोक्त में 411 भादवि 3,25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई ।'

चुनाव में बाधा उत्पन्न कराने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ की जाये कार्रवाई-जिलाधिकारी

सड़क दुर्घटना स्थल का डीएम एवं एसपी ने लिया जायजा

डीएम एवं एसपी ने चुनाव को लेकर थाना हथिगंवा व बाघराय का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। थाना हथिगंवा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रयागराज-लखनऊ मार्ग पर फूलमती बिसहिया नहर पुलिया के पास ट्रक एवं बस के बीच हुई सड़क दुर्घटना के सम्बन्ध में जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सड़क दुर्घटना स्थल पर पहुँचकर जायजा लिया एवं वहां पर उपस्थित सीओ कुण्डा व उपजिलाधिकारी कुण्डा से सड़क दुर्घटना, घायल व मृत व्यक्तियों के सम्बन्ध में जानकारी ली तो बताया गया कि उन्नाव से श्रद्धालु बस द्वारा विन्ध्याचल दर्शन करने के लिये जा रहे थे, इसी बीच ट्रक से रात्रिकाल में फूलमती बिसहिया नहर पुलिया पर बस और ट्रक के बीच में भीषण टक्कर होने से दुर्घटना हो गयी, घायल व्यक्तियों का ईलाज प्रयागराज में चल रहा है और घटना के दौरान 03 व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी थी जिनका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिये जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने थाना हथिगंवा एवं बाघराय का निरीक्षण किया, इस दौरान वहां पर उपस्थित एसएचओ से निर्वाचन के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बिन्दुओं की जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाये रखें, क्षेत्रों की निगरानी करते रहे, निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न कराने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाये। जिलाधिकारी ने इस दौरान थानों में अपराध रजिस्टर, निर्वाचन रजिस्टर आदि का अवलोकन किया। उन्होने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान दिवस के दिन मतदाता को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये, किसी भी व्यक्ति/अराजक तत्वों द्वारा मतदाताओं को परेशान न किया जाये इस पर कड़ी निगरानी रखी जाये जिससे सभी मतदाता निर्भीक एवं निडर होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों से शस्त्र लाइसेन्धारकों, हिस्ट्रीशीटर व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि क्षेत्रों में कड़ी निगरानी करते रहे, चेकिंग अभियान चलायें, निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई की व्यवस्था को भी देखा गया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी कुण्डा उपस्थित रहे।

ट्रांसफार्मर की चिंगारी से लगी आग पांच बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

बीरापुर,प्रतापगढ़। रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली पंडितान गांव निवासी विष्णु दत्त मिश्र अपने खेत में गेहूं बो रखा है। गेहूं की फसल पककर तैयार हो गयी थी । और आजकल गेहूं की फसल की कटाई की तैयारी की जा रही थी। विष्णु दत्त के गेहूं के खेत के बगल ही विद्युत ट्रांसफार्मर लगा है। बताते है मंगलवार की अपराह्न 3रू00 बजे अचानक विद्युत ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से या बीड़ी पी कर फेंक देने से विष्णु दत्त मिश्र के गेहूं की फसल में आग पकड़ ली। जब तक लोग कुछ समझ पाते गांव से दौड़कर आग को बुझाने की कोशिश करते तब तक विष्णु दत्त मिश्र का 15 विश्वा गेहूं की फसल, सोमनाथ मिश्र 10 विश्वा, गणेश दत्त मिश्र 10 विश्वा, प्रकाश दत्त मिश्र 10 विश्वा, शेष दत्त मिश्रा का एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के घंटो अथक प्रयास के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक करीब 5 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई ।

वासन्तिक नवरात्र पर कथा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, भक्त हुए मंत्रमुग्ध

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज-प्रतापगढ़। वासन्तिक नवरात्रि के पहले दिन मंगलवार को नगर में श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा कथास्थली से लालगंज बाजार के चौक होते हुए हरिहरमंदिरम पहुंची। यहां वैदिक पूजन अर्चन के बाद श्रद्धालु जंगली वीर बाबा धाम पहुंचे। गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर द्वारिकाधीश के जयघोष में मंत्रमुग्ध दिखी।

कलश यात्रा में प्रयागराज के कथाव्यास स्वामी सम्पूर्णानन्द जी महराज का भी श्रद्धालुओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कलश यात्रा के संयोजक समाजसेवी रामलखन जायसवाल तथा मुन्ना लाल जायसवाल व मीरा जायसवाल ने श्रद्धालुओं का टीका कर अभिषेक किया।

अनारा, अनीता, रागिनी, खुशबू, दीपक, संजय, पूनम, सोनी, शारदा, सतीश, शिवकुमार जायसवाल ने भगवान द्वारिकाधीश व वेदीपूजन किया।

इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सभासद आशीष जायसवाल, मक्खन शुक्ला, कमला प्रसाद जायसवाल, विजय कौशल, रामप्रकाश जायसवाल गामा, मोतीलाल जायसवाल, समाजसेवी रामजी जायसवाल, अनिल त्रिपाठी महेश, छोटे लाल सरोज, मुकेश जायसवाल, आदर्श मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, रामखेलावन जायसवाल, उर्मिला जायसवाल, उषा जायसवाल, निशा, निखिल, राहुल, संदीप, नीतू, सीमा, अमृत लाल, आशा, रीता, दिपिका, विजय कुमार, अरूण

अजय क्रांतिकारी को फिर बनाया गया यूथ ब्रांड एंबेसडर

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़।जनपद प्रतापगढ़ में मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया,नैतिक मतदान, ई0वीएम,वीवी पैट के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़,जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह द्वारा पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी को नियुक्ति पत्र प्रदान कर यूथ ब्रांड एंबेसडर नामित किया।पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी जनपद में सभी मतदाताओं विशेषकर युवा मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के साथ ही ग्रीन वोटिंग अभियान के तहत चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित थीम चुनाव का पर्व,देश का गर्व के तहत जागरूक करेंगे।इस उपलब्धि से पर्यावरण सैनिकों में उत्साह और खुशी है।

आदिशक्ति की प्रेरणा विकास के पथ पर अग्रसर होने का शाश्वत संदेश- प्रमोद तिवारी

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने सामूहिक श्रीराम कथा व धार्मिक प्रवचन में राष्ट्रीय एकता की मजबूती पर दिया जोर

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज-प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने चैत्र नवरात्र पर लोगों के जीवन में खुशहाली तथा सुख एवं समृद्धि को लेकर देवी मां से आराधना की है। लालगंज नगर के अझारा वार्ड में सामूहिक श्रीराम कथा में पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम तथा आदिशक्ति से हमें जीवन पथ पर विकास के प्रति समर्पण का भाव मिला करता है। उन्होनें कहा कि नवरात्र का पावन पर्व देश की एकता एवं अखण्डता तथा समृद्धि विकास की मजबूती के लिए हमें निरंतर प्रयत्नशील रहने का भी मार्गदर्शन किया करता है। सामूहिक श्रीराम कथा में उन्होने कथाव्यास गोविंदभाई जी महराज का माल्यार्पण कर क्षेत्रीय लोगों की ओर से सम्मान किया। कथा के संयोजक आशीष मिश्र तथा संचालक गिरिजाकान्त द्विवेदी ने राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी को आयोजन समिति की ओर से सम्मान किया। इसके बाद विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी नगर के घुइसरनाथ रोड पर नहर के किनारे हो रहे धार्मिक प्रवचन में भी शामिल हुए। यहां उन्होनें अयोध्या से पधारे मानस मर्मज्ञ रामशरणदास जी महराज को अंगवस्त्रम भेंटकर सम्मानित किया। शिक्षामनीषी स्व. रामनरेश मिश्र के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर उन्होने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। सांसद प्रमोद तिवारी ने तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार मिश्र तथा अनूप मिश्र व सुधीर मिश्र द्वारा विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी का सारस्वत सम्मान किया गया। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के मुताबिक राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने क्षेत्रीय विकास तथा लोगों की सुख समृद्धि की कामना को लेकर मंगलवार को मां विंध्याचल देवी का भी दर्शन पूजन किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, आशीष उपाध्याय, दारा सिंह, छोटे लाल सरोज, पप्पू तिवारी, राजकुमार मिश्र, विद्याधर मिश्र, ज्ञानू तिवारी, आदि रहे। वहीं क्षेत्रीय दौरे पर पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी ने भेभौंरा गांव में कर्मचारी नेता संदीप तिवारी तथा लालगंज में समाजसेवी राजा शुक्ला की मां भानमती शुक्ला के आकस्मिक निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी।

भंडारे में हजारों लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण ,भजन सुन झूमे श्रोता

डेरवा,प्रतापगढ़। क्षेत्र के छतऊ का पुरवा में समाजसेवी अरविंद पांडेय के संयोजन में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया । भंडारे के मध्य भजन मंडली द्वारा भजन - कीर्तन का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें भजन मंडली द्वारा तरह-तरह के भजन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया । भजन मंडली के सभी सदस्यो का आयोजन समिति द्वारा माल्यार्पण अंग वस्त्रम व स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरेंद्र पांडेय ,संतोष पांडेय ,राजू पांडेय लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, अनूप त्रिपाठी सहित ग्रामीणों का सहयोग रहा।

नवरात्रि के पहले दिन दर्शन पूजन को उमड़े श्रद्धालु

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। शक्तिपीठ कड़ाधाम में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन माँ कड़ावासिनी के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंगलवार की सुबह मंगला आरती के बाद मां के दर्शन के लिए मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही। मंगला आरती के समय मंदिर के पुजारी ने मां को भोग लगा कर आरती उतारी उसके बाद श्रद्धालु दर्शन पूजन में जुट गए।

51 शक्तिपीठों में से एक मां कड़ावासिनी शीतला धाम में नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं ने मां के शैलपुत्री स्वरूप का दर्शन किया। भक्तों ने सुबह से ही मां के दर्शन पूजन के लिए मंदिर में लाइन लगा रखा था। मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों ने मां का जयकारा लगाया। माता शीतला को पूर्वांचल की अधिष्ठात्री देवी भी कहा जाता है। यहां पर सबसे अधिक दर्शनार्थियों की भीड़ पूर्वांचल के भक्तों की रहती है। नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने मां के दर्शन पूजन किए और उन्हें रोट व हलवा का प्रसाद चढ़ाया। मां के कुंड को जल व दूध से भरवाने के लिए भक्तों की लाइन लगी रही। मान्यता है कि मां के कुंड को भरवाने से मनोवांछित फल मिलता है। पुरोहित उदय पंडा ने बताया कि माता सती का यहां पर दाहिना कर (पंजा) गिरा था। जो आज भी कुंड में मौजूद है। गर्दभ वाहिनी माता शीतला को पुत्र देने वाली

देवी भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो भक्त सच्चे हृदय से मां की पूजा करता है उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में पूरे 9 दिन तक मां के दर्शन व पूजन के लिए भक्तों की सुबह से लेकर देर शाम तक भीड़ लगी रहती है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जगह जगह बैरिकेटिंग करायी गयी।

नवरात्रि के पहले दिन मां शीतला को अर्पण किया गया सोने का हार

कड़ा, कौशाम्बी। शक्तिपीठ कड़ाधाम में चौत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मां कड़ावासिनी को मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सोने का हार अर्पण किया गया।मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष उदय नारायण पांडेय की अगुवाई में माता शीतला को करीब चार लाख कीमत का लगभग 5 तोले का सोने का हार चढ़ाया गया।इसके पूर्व गाजे बाजे के साथ पंडा समाज के लोगों ने मंदिर पहुंचकर मां की पूरे विधिविधान के साथ पूजन आरती की तत्पश्चात माँ को सोने का हार पहनाया। इस दौरान मां के भक्तों में हर्ष का माहौल रहा।इस अवसर पर सुधेश कुमार, अंजनी पांडेय, ननका पंडा, रंजीत पंडा, मंजीत पंडा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

कड़ा में सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता इतेंजाम

लोकमित्र ब्यूरो

सैनी, कौशाम्बी। नवरात्रों में भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने पहले से ही कमर कस ली थी। भक्तों की सुरक्षा के दृष्टिगत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को धाम क्षेत्र में लगाया गया है, ताकि किसी भी भक्त के साथ कोई अप्रिय घटना न घट सके। मंगलवार को कड़ा धाम के कुबरी घाट, कालेश्वर घाट, बाजार घाट, असदपुर घाट, हनुमान घाट सहित विभिन्न घाटों

पर दूर दराज से आए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ ने गंगा स्नान कर पुण्य की डुबकी लगाई, पूजा अर्चना कर गंगा मईया से आशीर्वाद मांगा। तीर्थ पुरोहित रामायणी पण्डा ने बताया कि नवरात्रों के दिन धाम क्षेत्र में पूरे दिन भक्तों का आवागमन लगा रहता है ।

कड़ा धाम मेले में पहुंचे आईजी, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

कड़ा, कौशाम्बी। चौत्र नवरात्रि के पहले दिन मंगलवार को आईजी प्रयागराज परिक्षेत्र प्रेम कुमार गौतम 51 शक्तिपीठों में एक शक्तिपीठ कड़ा वासिनी मां शीतला के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया और मां शीतला की विधि-विधान से पूजन किया। इस मौके पर आईजी प्रेम कुमार गौतम ने मेले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए कड़ा धाम में चल रहे नवरात्रि मेले का भी निरीक्षण किया है और मेला क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवस्तव, क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

अनियंत्रित पानी का टैंकर गिरने से युवक जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में अनियंत्रित ट्रैक्टर में बंधे पानी का टैंकर गिरने से युवक जख्मी हो गया, स्थानीय लोगो ने देखा तो घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। सैनी कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बा के सुभाष नगर निवासी राजू पुत्र इंदल साहू 35 वर्ष मंगलवार को सैनी ने स्थित बस अड्डे के पास से गुजर रहा था इस दौरान बगल से निकल रहे ट्रैक्टर में बंधे पानी का टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया हादसे में राजू जख्मी हो गया, आस-पास मौजूद लोगो ने देखा तो घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

महुआ का पेड़ चोरी से काट ले गये लकड़हारे

लोकमित्र ब्यूरो

कसेंदा, कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर-सहावपुर गांव में तीन दिन पहले लकड़हारों ने चोरी से महुआ का पेड़ काट डाला। जानकारी होने पर मालिक के होश उड़ गए। भुक्तभोगी ने मंगलवार को थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच जांच में जुट गई है।

फतेहपुर-सहावपुर गांव निवासी गुलशन कुमार पुत्र रामपाल चायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कैंटीन संचालक है। उन्होंने बताया कि रविवार की रात गांव के बाहर स्थित महुआ के बाग से लकड़हारों ने एक पेड़ काट डाला और उसकी लकड़ी उठा ले गए। मंगलवार को वह उस तरफ जाने पर पेड़ गायब देख उसके होश उड़ गए। सुराग लगाने के दौरान पता चला कि गांव के दस लोगों ने ही पेड़ काट डाला है। भुक्तभोगी ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

शहजादपुर पुलिस ने तमंचा के साथ युवक को दबोचा

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर गांव के रावण मेला मैदान के पास एक युवक को अवैध तमंचे के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

शहजादपुर चौकी प्रभारी किशन कुमार बिंद ने बताया की वह मंगलवार को सुबह हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर थे उसी समय मुखबिर से सूचना मिली की एक संदिग्ध व्यक्ति शहजादपुर रावण मेला मैदान के पास मौजूद है। तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे बुलाया गया। पुलिस को देखकर वह भागने लगा जिस पर उसे दौड़ा कर पकड़ लिया हैं। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अदद 315 बोर का अवैध तमंचा और एक अदद कारतूस बरामद हुई। पूछने पर उसने अपना नाम सदाकत अली निवासी सकाढ़ा थाना कोखराज बताया। गिरफ्तार करने के बाद विधिक कार्यवाई की गई। चौकी प्रभारी ने बताया की पकड़ा गया अभियुक्त पूर्व में भी गोकशी जैसे अपराधों में संलिप्त रहा है और उसमें जेल जा चुका है।

वांछित आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना करारी पुलिस उप निरीक्षक सियाकान्त चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा भादवि से संबन्धित वांछित आरोपी पताली यादव उर्फ पवन निवासी सैयद सरावां थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को म्योहर कालोनी तिराहा से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है।

वारण्टी का आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस उप निरीक्षक महेन्द्र सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रुरता अधिनियम से सम्बन्धित वारंटी आरोपी मनोज कुमार मौर्य निवासी अमाव थाना खागा जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को न्यायालय भेजा गया।

10 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना महेवाघाट पुलिस उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सरोज मय हमराह पुलिस बल द्वारा आरोपी रामकरन निषाद निवासी घोघ का पुरवा थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी का चालान न्यायालय किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही मे 14 आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पश्चिम शरीरा से 01, थाना महेवाघाट से 03, थाना चरवा से 02, थाना कोखराज से 04, थाना सैनी से 03, थाना कड़ाधाम से 01 कुल 14 आरोपों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

सीओ चायल ने ट्रैफिक सीओ के साथ लगाया वाहन चेकिंग

लोकमित्र ब्यूरो

हर्रायपुर, कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूरतगंज चौराहे पर क्षेत्राधिकारी चायल मनोज कुमार सिंह रघुवंशी ने यातायात सीओ अभिषेक सिंह के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाया ।वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस की टीम ने दर्जनों गाड़ियों का चालान किया व सही डिटेल न मिलने पर वाहनों को सीज कर दिया।

आर्य समाज के 150वे वर्ष के उपलक्ष्य में गुरुकुल महाविद्यालय में हुआ यज्ञ

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के सैनी में स्थित वैदिक गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय में नव संवत्सर एवं आर्य समाज स्थापना के 150 वें वर्ष के उपलक्ष्य में यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमे यज्ञ समापन के बाद आर्य समाज के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।वैदिक गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य आचार्य पं0 अशर्फीलाल शास्त्री एवं वैदिक पुरोहित तीव्र चन्द्र शर्मा की उपस्थिति एवं ब्रह्मत्व में यज्ञ सम्पन्न हुआ। इस दौरान अशर्फी लाल शास्त्री ने बताया की नव संवत्सर एवं आर्य समाज के 150 वे वर्ष के उपलक्ष्य में मंगलवार को महाविद्यालय में ध्वजारोहण के बाद यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमे प्रधानाचार्य मिनिकेतन शास्त्री व तीव्र चन्द्र शर्मा ने नव संवत्सर तथा आर्य समाज विषय पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धन के साथ शुभकामनाएं प्रदान किया।

अनदेखी: सवारियों से भरी ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही कब

सैनी में लगातार वाहन चेकिंग बना परेशानी का सबब

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। लोकसभा चुनाव को लेकर लगी आचार संहिता के दौरान सैनी चौराहे पर आएदीन वाहनों की चौकिंग जारी रहती है, वही सवारियों से लदी ओवरलोड वाहन सामने से निकलने के बाद भी ऐसे वाहनों की अनदेखी की जा रही है। सूत्रों की माने तो वाहनों की चौकिंग के नाम पर पुलिस कर्मी द्वारा वाहन चालकों के साथ बदसलूकी की जा रही है। कई बार एक बदसलूकी बहस तक पहुंच जाती है लेकिन पुलिस कर्मी द्वारा कार्रवाई के डर के बाद लोग चालान या फिर बिना चालान के नाम पर कुछ रुपए देकर की निकालना बेहतर समझ रहे हैं। जिससे वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गया है, नाम न छापने की शर्त पर कुछ वाहन स्वामियों ने बताया की पुलिस सैनी चौराहे पर सुबह से लेकर शाम तक वाहन चेकिंग लगाकर वाहन चालकों के साथ मनमानी करती है जिससे वाहन स्वामी परेशान हो गए है।

बीते दिनों हुए लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद से अभी तक लगातार वाहनों की चौकिंग पुलिस द्वारा की जा रही है। इसके साथ ही प्रतिदिन सभी थाना क्षेत्र में वाहनों की चौकिंग की जा रही है। इससे आम राहगीरों को अब परेशानी होने लगी है। इसमें वाहन चेकिंग के नाम पर लोगों से मनमाने तरीके से वसूली भी की जा रही है। कभी गाड़ी के कागजात तो कभी हेलमेट न पहनने की वजह से वाहन जब्ती की कार्रवाई का डर दिखाकर जमकर अवैध वसूली भी हो रही है। पैसे मिलने के बाद बिना चालान किए ही छोड़ दिया जाता है। चौकिंग के दौरान कई ऐसे में मामले सामने आए जहां पर 4-5 पुलिस कर्मी सभी वाहनों को रोककर विभिन्न कमियां बताई और इस दौरान कई वाहनों को सुविधा शुल्क लेकर बिना चालान किए छोड़ दिया। वही सवारियों से भरे पिकअप, ट्रैक्टर आदि वाहनों में खुले आम लटका कर सवारी भरते है जिससे कई बार हादसा भी हो चुका है वही चेकिंग में लगे अधिकारी ऐसे वाहनों की अनदेखी कर बाइक चालको को रोक कर जांच पड़ताल करते है। वाहन स्वामियों ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

क्या कहते है ट्रैफिक इंस्पेक्टर

मामले में ट्रैफिक इंस्पेक्टर कमलेश पांडेय का कहना है की सभी गाड़ियों का चालान किया जा रहा है, नवरात्रि को लेकर विशेष अभियान के तहत वाहनों पर सक्त कार्यवाही की जा रही है। साथ ही वाहन चालकों को कड़ी हिदायत दी जा रही है।

ट्रैक्टर ने बाइको सवारों को मारी टक्कर, रेलवे के कीमैन की मौत,पिता पुत्र घायल

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है, जहा ईट भट्ठे के नाबालिग ट्रैक्टर चालक ने दो बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही एक बाइक पर सवार पिता, पुत्र सड़क पर गिर गयें। जिन्हे गंभीर चोट आई है, वही बाइक सवार रेलवे में कीमैन कर्मचारी ट्रैक्टर के नीचे आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

घटना के अनुसार कोखराज थाना क्षेत्र के नगर क्षेत्र के वॉर्ड नंबर चार श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर के तिलैया टीकुर के पास स्टेट हाइवे का है, जहॉ डाइवर्जन के चलते वन-वे से वाहन गुजर रहे है, वही कोखराज थाना क्षेत्र के निवासी जलालपुर मिर्जा की चक के सोहन लाल उम्र लगभग 38वर्ष सुजातपुर

रेलवे स्टेशन पर कीमैन पद पर कार्यरत थे। मेडिकल करवाने के लिए बाइक से रेलवे अस्पताल प्रयागराज जा रहे थे।

शिवदानी निवासी पाली थाना कौशांबी गंगा नहाने जा रहे थे, तभी अचानक पीछे से नाबालिग ट्रैक्टर चालक ने पीछे से दोनों बाईकों में टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही बाइक सवार रेल कर्मचारी सोहन लाल सड़क पर गिरा गया और ट्रैक्टर के नीचे आ गया,जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वही दूसरी बाइक पर सवार पिता पुत्र गंभीर घायल हो गए,घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है,जहा उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

इस सम्बंध में थाना प्रभारी इंद्रदेव ने कहा कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, घायलों को एम्बुलेंस से ईलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है जहा उनका ईलाज में चल रहा है, ट्रैक्टर को पकड़ लिया गया है, तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

युवक ने मुकदमे में सुलह न होने पर पत्नी समेत ससुरालियों को पीटा

चरवा, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के सिरियांवा कलां गांव में सोमवार शाम मुकदमें में सुलह करने से इंकार करने पर युवक ने पत्नी समेत ससुरालियों को जमकर पीट दिया। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलेन के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।सिरियांवा कलां गांव की अलकमा बानों की शादी पश्चिम शरीरा थाने के अषाढ़ा गांव निवासी शाकिर अली के साथ हुई थी। शादी के बाद ही किसी बात को लेकर शाकिर अली ने अलकमा की पिटाई कर दी थी। घायल अलकमा ने पति के खिलाफ पश्चिम शरीरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। अलकमा अपनी दो बच्चों के साथ मायके में रहती है। आरोप है कि सोमवार को पति शाकिर अली अपनी ससुराल पहुंचा और ससुर से मुकदमें में सुलह करने का दबाव बनाने लगा। पत्नी अलकमा के विरोध करने पर उसने डंडे से उसकी पिटाई कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे पिता और दो भाई मंसूर हुसैन और मुजफ्फर हुसैन को जमकर पीट दिया। मौके पर जुटे पड़ोसियों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। अलकमा के अनुसार उसके पति ने उसको बताए बिना दूसरी शादी कर रखी है। उसी के चक्कर में आए दिन मारपीट करता रहता है। महिला ने थाने जाकर दो लोगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

अज्ञात कारणों से लगी आग से गेंहू की फसल जलकर खाक

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के गांव हटवा रामपुर मडूकी गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग से गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हटवा रामपुर मडूकी गांव में इंद्रजीत पुत्र मायादीन का गांव के बाहर खेत है, इंद्रजीत ने बताया की मंगलवार को उसके खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे करीब चार विश्वा के करीब गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। फायर बिग्रेड के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आगजनी की सूचना पर लेखपाल ने बताया कि नुकसान का आकलन रिपोर्ट तैयार

आग लगने से डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर मिर्जापुर गांव में मंगलवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत में आग लग गई। जिसमें किसान की डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। भुक्तभोगी ने घटना की सूचना पुलिस और राजस्व विभाग को दे दिया है।

अकबरपुर मिर्जापुर गांव निवासी धर्मपाल यादव पुत्र राम सजीवन ने अपने खेतों में गेहूं की फसल बो रखा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार की दोपहर उनके खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की लपटें देख कर जुटे ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। कड़ी

मशक्कत के बाद आग बुझाई गई। तब तक उनकी डेढ़ बीघा गेहूं की खड़ी फसल जल कर राख हो गई। बदहवास हालत में पहुंचे किसान ने मामले की सूचना पुलिस और राजस्व विभाग को दिया। पुलिस के साथ पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने नुकसान का आकलन किया।

दो पक्षों में हुई मारपीट के आरोप में एक पक्ष के छः लोगो पर केस दर्ज

अजुहा, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के एक मोहल्ले में मामूली बात को लेकर हुए दो पक्षों के विवाद में तीन लोग जख्मी हो गए, पीड़ितो की शिकायत के बाद पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज एक पक्ष से छः लोगो पर मारपीट, धमकी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के वार्ड नं0 आठ गांधी नगर मोहल्ले के अमिरतापुर निवासी राजेश कुमार पुत्र दशरथ लाल व सुरेश कुमार पुत्र शीतल प्रसाद ने सैनी पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की सोमवार की सुबह मोहल्ले का रहने वाला एक व्यक्ति से मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई जिसके बाद दबंग गाली गलौच करने लगा जिसका विरोध करने पर दबंग आधा दर्जन लोगो के साथ मिलकर लाठी डंडा व धारदार हथियार से हमला कर दिया, इस मारपीट में सुरेश व राजेश जख्मी हो गए और मामले की तहरीर पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए कड़ा के सरकारी अस्पताल भेजा। वही पुलिस ने दूसरे पक्ष से अजुहा कस्बे के अमिरतापुर निवासी वीरेंद्र यादव, झल्लू यादव, प्रेम यादव, ठुर्री यादव व दारा यादव के विरुद्ध मारपीट, धमकी एवं हरिजन एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही ने जुट गई है।

सम्पादकीय

घोषणापत्र पर आरोप-प्रत्यारोप

कांग्रेस ने लोक सभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र -'न्यायपत्र' में महिला, युवा, किसान, गरीबों को न्याय की बात करते हुए 25 गारंटियों पर जोर दिया है।कांग्रेस ने 10 अलग-अलग न्याय पर आधारित कुल 344 से ज्यादा वादे किए गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र पर पहले ही दिन हमला किया। उन्होने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र से साबित हो गया है कि कांग्रेस, आज के भारत की आशाओं-आकांक्षाओं से पूरी तरह कट चुकी है।उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र को उसी सोच का द्योतक बताया जो आजादी के आंदोलन में मुस्लिम लीग की थी, लेकिन कांग्रेस ने इस पर पलटवार करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री अपने इतिहास से परिचित नहीं हैं क्योंकि वह कोई और नहीं, बल्कि जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी थे, जो 1940 के दशक की शुरुआत में लीग के साथ बंगाल में गठबंधन सरकार का हिस्सा थे।खरगे ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र राजनीतिक इतिहास में न्याय के दस्तावेज के रूप में याद किया जाएगा। अलबत्ता, इसमें ओपीएस (ओल्ड पेंशन स्कीम) की बाबत कोई आस्ति नहीं है। घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदंबरम के मुताबिक, ओपीएस को लेकर सरकार की समिति की रिपोर्ट का इंतजार है, इसलिए इस मुद्दे को घोषणापत्र में शामिल नहीं किया गया है।बहरहाल, घोषणापत्र, जिसे कांग्रेस ने न्यायपत्र-2024 कहा है, या संकल्पपत्र, जैसा कि भाजपा अपने घोषणापत्र को कहती है, चुनाव में दावेदारी पेश करने वाली हर पार्टी जारी करती है। पहली बार है, जब कांग्रेस ने देश में व्याप्त 'डर' की बात जोर-शोर से कही है।पार्टी ने अपना घोषणापत्र जारी करते समय दो सवालों को जनता की तरफ उछाला है, जिनसे घोषणापत्र हवा-हवाई घोषणाओं को पुलिंदा भर न दिखे। पार्टी ने आमजन से पूछा है, क्या आज आपका जीवन 2014 की तुलना में बेहतर है, और दूसरा सवाल यह कि क्या आपका मन भयमुक्त है।कांग्रेस के घोषणापत्र में किसानों को एमएसपी देने संबंधी वादा भी महत्त्वपूर्ण बिंदु है। यह मुद्दा किसानों के लिए बेहद संवेदनशील रहा है, और वे काफी समय से इसके लिए मांग मुखर करते रहे हैं। बहरहाल, देखा जाना है कि पक्ष-विपक्ष अपने-अपने घोषणापत्रों को कितना साकार कर पाएंगे जो हर बार चुनाव-बाद प्राय- उपेक्षित रह जाते हैं।

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो इससे आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। थोड़ी विपरीत परिस्थितियां भी बनेंगी। आज किसी से विवाद की स्थिति में अपने गुस्से पर काबू रखें।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए ठीकठाक रहने वाला है। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, परिवार में सभी एकदुसरे की भावनाओं को समझेंगे। स्टूडेंट अपना कीमती समय सोशल मीडिया में खराब न करें, अपनी मेहनत जारी रखेंगे तो आपकी सफलता के जल्द ही योग बन रहे है आपकी जरा सी लापरवाही से आपको पछतावा हो सकता है।

मिथुन राशि:आज आपको लोगों का पूरापूरा साथ मिलेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेंगे। शाम को मेहमानों के आने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको पैत्रक सम्पति मिलने की संभावना है, जिससे आपके धनसंपत्ति में वृद्धि होगी। खर्चे भी नियंत्रण में रहेंगे। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे।

कर्क राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है, जो आपके लिए काफ़ी लाभदायक रहेगी। आपकी खुशियों में इजाफा होगा। ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलने की संभावना है, जिसे पूरा करने पर फायदा होगा। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतर रहेगा,कोई ग्राफिक डिजाइन सीखने का मौका मिलेगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता रहेगी।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बीताएंगे। आज शाम माता जी से आप भविष्य को लेकर विचारविमर्श करेंगे, आपको माता जी का साथ मिलने से खुशी होगी। आज आपके मन में किसी प्रकार का डर रहेगा लेकिन डरने की बात नहीं है यह आपकी ओवर थिन्किंग के कारण हो सकता है।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखने से उनकी काम करने की क्षमता बेहतर होगी, आज आपका काम समय से पहले भी पूरा हो सकता है। महिलाएं अपने बिजनेस में ज्यादा एक्टिव रहेंगी, आपको ज्यादा धनलाभ भी होगा। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बहुत सामान्य रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। फिलहाल हर एक बात पर ध्यान देकर स्थिति को सुधारने कोशिश करें। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा। आपका जीवन प्रगति की ओर बढ़ रहा है, नई जिम्मेदारियों के लिए आप खुद को तैयार करेंगे। आज अपनी कार्यक्षमता के अनुसार आपको कुछ बड़े अवसर भी मिल सकते हैं। जिस प्रकार से क्षमता बढ़ेगी, उस प्रकार से बड़े अवसर भी मिलेंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से काम संबंधी नाराजगी दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको खुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। अन्य लोगों ने जिस प्रकार से अपने काम में प्रगति की है, वैसे ही अपने एक्सपीरियंस का इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे आपको जल्द ही सफलता मिलेंगी। आज भावनाओं में बहने की बजाय चतुराई से काम लेंगे तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। आज रुके हुए पैसे की वापसी भी हो सकती है।

धनु राशि: आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लाया है। आपका दिन परिवार के साथ बीतेगा। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान बनाएंगे। आप दूसरों पर अपना प्रभाव बनाने में सफल होंगे,आपको अपने गुस्से पर कंट्रोल रखने की जरुरत है। आसपास के कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति ठीकठाक रहेगी। गंभीर बातचीत में आपको सफलता मिलने की संभावना है। रुके हुए कामों की शुरुआत होगी।

मकर राशि:आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा। आज व्यापार के मामलों में आपके मन में नएनए विचार आयेंगे। नए लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। किसी समस्या का समाधान मिलने से आपको राहत मिलेगी। आपके कामकाज की तारीफ होगी। लवमेट आज डिनर पर जायेंगे, रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

कुंभ राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ऑफिस के सहकर्मी आपके कामों में सहयोग करेंगे, आपका काम जल्दी पूरा हो जाएगा। आज किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जो आने वाले दिनों में आपकी मदद करेगा। आपके सोचे हुए काम आसानी से पूरे होंगे। आज किसी भी बात पर अपनी प्रतिक्रिया जल्दी न दें, पहले स्थितियों को समझें फिर अपनी राय सोच समझ कर दें इससे लोगों के बीच आपकी अहमियत बढ़ जाएगी।

मीन राशि: आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। पारिवारिक कामों को करने में घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा। अपने दोस्तों से निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए। कुछ लोगों के गलत बयान से आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ेगी, समय के साथ सब ठीक हो जायेगा। पारिवारिक रिश्तों के बीच आप सामंजस्य बनाने में सफल रहेंगे।

प्रथम चरण: बिजनौर लोकसभा सीट

त्रिकोणीय मुकाबले ने बढ़ाई उम्मीदवारों की धड़कनें

अजय कुमार,लखनऊ

पश्चिमी उत्तर प्रदेश का जिला बिजनौर अपने भीतर काफी पुरानी विरासत सजोये हुए हैं। बिजनौर आर्य जगत के प्रकाश स्तंभ स्वामी श्रद्धानंद, वैज्ञानिक डॉ. आत्माराम और भारत के पहले इंजीनियर राजा ज्वाला प्रसाद जैसे विभूतियों की जन्मस्थली है। साहित्य के क्षेत्र में बिजनौर ने कई महत्वपूर्ण मानक स्थापित किये हैं। कालिदास ने यहां बहने वाली मालिनी नदी को अपने नाटक अभिज्ञान शाकुंतलम का आधार बनाया। उर्दू साहित्य में भी बिजनौर जिला गौरवशाली स्थान रखता है। बात राजनीति की कि जाये तो यहां से कई बड़े नेता चुनाव लड़े और जीते। बिजनौर लोकसभा सीट का चुनाव हमेशा रोमांचक रहता है। बिजनौर लोकसभा सीट पर इस बार सियासी समीकरण काफी बदले हुए हैं। यह वही सीट है जिससे बसपा सुप्रीमो मायावती और कांग्रेस की मीरा कुमार पहली बार संसद पहुंचीं। यह वही सीट है, जिस पर मायावती, रामविलास पासवान और जयाप्रदा को हार का स्वाद चखना पड़ा था। इस सीट पर लोकसभा चुनाव पर पांच बार कांग्रेस को तो चार बार भाजपा का कब्जा रहा। रालोद ने दो बार व सपा तथा बसपा ने एक-एक बार इस सीट पर परचम लहराया।

देश में 1952 में हुए पहले चुनाव से लेकर 1971 तक यह सीट कांग्रेस के पास ही रही. आपातकाल के बाद 1977 और 1980 में जनता दल ने इस सीट पर जीत हासिल की. 1989 में बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने इस सीट से जीत हासिल की. उसके बाद 2014 तक इस सीट पर हुए आठ चुनावों में चार बार भारतीय जनता पार्टी, दो बार राष्ट्रीय लोकदल और एक-एक बार समाजवादी पार्टी और बीएसपी ने जीत हासिल की. 2011 की जनगणना के अनुसार, बिजनौर की आबादी लगभग 36 लाख थी। जनगणना के अनुसार, बिजनौर में 55.18 फीसदी हिंदू और 44.04 फीसदी मुस्लिम रहते हैं। बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधानसभा सीटें शामिल हैं। ये सीटें हैं पुरकाजी, मीरापुर, बिजनौर, चांदपुर और हस्तिनापुर। वर्ष 1985 में हुआ उपचुनाव सबसे अधिक यादगार रहा, जिसमें तीन दिग्गज मैदान में उतरे। इसी चुनाव में कांग्रेस की मीरा कुमार पहली बार यहां से सांसद चुनी गईं। उन्होंने लोकदल प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान को हराया. बसपा सुप्रीमो मायावती निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ीं और वह तीसरे नंबर पर रहीं थीं. 1989 में हुए लोकसभा चुनाव में मायावती का सितारा बुलंद हुआ। वह जीतीं और पहली बार लोकसभा पहुंचीं। वर्ष 1991 में फिर से मायावती को हार का मुंह देखना पड़ा। भाजपा के मंगलराम प्रेमी ने उन्हें पराजित किया।

2019 में जहां यहां से राष्ट्रीय लोकदल,समाजवादी पार्टी और बसपा का संयुक्त प्रत्याशी मैदान में था तो बीजेपी और कांग्रेस अलग-अलग ताल ठोक रही थीं, 2019 के चुनाव में इस सीट पर बसपा के मलूक नागर ने 5,56,556 वोटों से जीत हासिल की।

बीजेपी के भारतेंद्र सिंह 4,86,362 वोटों के साथ दूसरे और कांग्रेस के नसीमुद्दीन सिद्दीकी 25,833 वोटों के साथ तीसरे नंबर पर रहे.जबकि 2014 में भाजपा के कुंवर भारतेंद्र सिंह ने 486,913 वोट प्राप्त करके यह सीट जीती, जो वोट शेयर का लगभग 45.9 प्रतिशत था। तब समाजवादी पार्टी के शाहनवाज राणा 281,136 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे. लेकिन इस बार रालोद-बीजेपी तो कांग्रेस और सपा के बीच राजनैतिक गठबंधन हुआ है। बसपा अकेले चुनाव लड़ रही है। बिजनौर सीट एक हॉट सीट रही है.बसपा प्रमुख मायावती यहीं से पहली बार चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचीं थी. साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीएसपी उम्मीदवार मूलक नागर की जीत हुई थी. इस चुनाव में बीएसपी ने उनका टिकट काट लिया है उनकी जगह हाल ही में आरएलडी छोड़कर बीएसपी में शामिल हुए ब्रिजेंद्र सिंह को टिकट दिया है.

बसपा प्रत्याशी विजेंद्र सिंह ने कहा कि हम आरोप प्रत्यारोप की राजनीति पर विश्वास नहीं करते, ना ही हम बदले की राजनीति में विश्वास करते हैं. युवाओं को हम हिंदू मुस्लिम की राजनीति में नहीं झोंकना चाहते. हमारे बुजुर्ग कहते थे- तू हिंदू ना बनेगा ना मुसलमान बनेगा, इंसान की औलाद है इंसान बनेगा. वहीं सपा प्रत्याशी दीपक सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का शुक्रिया. बात रही टिकट काटने की, उनका फ़ैसला है. उनका सम्मान करता हूं. सपा प्रत्याशी दीपक सेनी के पिता समाजवादी पार्टी के मौजूदा विधायक हैं. हमने उनसे पूछा कि बीजेपी परिवारवाद पर चोट करती है, आप खुद विधायक पुत्र हैं और सांसदी का टिकट मिल गया. पिताजी विधायक हैं इसका मतलब ये नहीं की हम में क़ाबिलियत नहीं हैं, काबिल हैं.

पिछड़े वर्ग से आते है. लगातार पिछड़े वर्ग में काम करते हैं. युवाओं की आवाज़ उठाने का मौक़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने दिया है. आरएलडी-बीजेपी गठबंधन के तहत आरएलडी के खाते गई बिजनौर सीट पर जयंत चौधरी ने चंदन चौहान पर भरोसा जताया है. जमीन पर आरएलडी और बीजेपी के कैडर मिलकर चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं, पोस्टर से लेकर नारों तक दोनों पार्टियां एकजुट होकर मैदान में डटी हुई हैं. आरएलडी उम्मीदवार चंदन चौहान कहते हैं कि जनता के वही मुद्दे हैं. विकसित भारत में क्या भूमिका बिजनौर की रहेगी, क्या भूमिका यूपी में रहेगी. आने वाले समय में बेहतर बदलाव और शांति सुरक्षा के साथ पूरा यूपी तरक़्क़ी करे ये भूमिका सुनिश्चित करेंगे. चौधरी चरण सिंह का गुलदस्ता जो पूरे पश्चिमी यूपी नहीं देश के अंदर, तरक्क़ी कर रहा है. 36 बिरादरी हर धर्म, जाति के लोग अपना समर्थन इस गठबंधन को दे रहे हैं।

सपा के गढ़ में यादव वोट बैंक की सियासत को धार देंगी बीजेपी

संजय सक्सेना,लखनऊ

मैदान चाहें खेल का हो या फिर चुनावी जंग का, प्रबल प्रतिद्वंदी को उसी के दांव से हराने का मजा ही कुछ और होता है।इसके लिये काफी मेहनत करनी पड़ती है तो दांवपेंच भी खूब चले जाते हैं। ऐसा ही नजारा समाजवादी पार्टी के मजबूत गढ़ मैनपुरी एवं फिरोजाबाद में देखने को मिल रहा है। सपा के सबसे मजबूत गढ़ों को ढहाने के लिए भाजपा भी उस यादव वोट बैंक में सेंधमारी का दांव खेल रही है,जिस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव को काफी गरूर है। इसके लिए बीजेपी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को सियासी अस्त्र के रूप में आगे किया है। मैनपुरी, फिरोजाबाद आदि सीटों पर बीजेपी मोहन यादव की सभाएं तो करेगी हीं, भाजपा अपने इस स्टार प्रचार से ऐसे क्षेत्रों में घर-घर जनसंपर्क कराने की रणनीति भी तैयार कर रही है जहां यादव वोटर बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

इन सीटों की बात की जाये तो मैनपुरी लोकसभा सीट को सपा का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता है। बीते 10 चुनावों से सपा यहां अजेय रही है। कारण, लोकसभा क्षेत्र में यादव मतदाताओं की बहुलता को माना जाता है। यहां चार लाख से अधिक यादव मतदाता हैं। उधर, फरोजाबाद सीट पर यादव मतदाताओं की संख्या चार लाख से अधिक मानी जाती है। एटा में यादव निर्णायक स्थिति में तो नहीं हैं, परंतु संख्या बल ठीकठाक है। भाजपा का सबसे ज्यादा जोर मैनपुरी और फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर है। मैनपुरी सीट भाजपा वर्ष 2014 और 2019 की मोदी लहर में भी नहीं जीत पाई थी। इस बार भाजपा अपने अन्य वर्गों के मतदाताओं के साथ यादव मतों का साथ पाने की बड़ी तैयारी में लगी है। भाजपा नेताओं के मुताबिक, मैनपुरी सीट पर मोहन यादव की सभाओं और समय के लिए हाईकमान से अनुरोध किया जा चुका है। जसवंतनगर और करहल क्षेत्र में उनकी जनसभाएं करानी हैं। इसके अलावा दो से तीन दिन इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों के यादव बहुल इलाकों में डोर टू डोर जनसंपर्क कराने की कोशिश होगी। मोहन यादव से प्रचार कराने का यही फार्मूला फिरोजाबाद, एटा और अन्य यादव बहुल सीटों पर अपनाया जाएगा। जिसका फायदा अगर बीजेपी को मिल गया तो भविष्य के लिए भी अखिलेश की राह मुश्किल हो जायेगी।

सरकार क्यों भूल जाती है सिंधियों के' आराध्य देव झुलेलाल'को

अशोक भाटिया

भारत देश में सभी समुदाय के आराध्य देव की समान रूप से पूजा होती है पर सरकार सिंधियों के आराध्य देव झुलेलाल के जन्म दिन को भूल जाती है जबकि सिंधियों का नव वर्ष भी इसी दिन शुरू होता है । झूलेलाल जयंती अथवा चेटीचंड चैत्र माह की शुक्ल द्वितीया तिथि को मनाया जाता हैं। इस दिन पहली बार पूर्ण चन्द्र दर्शन होता हैं। वरुण देव का अवतार माने जाने वाले झूलेलाल जी की जयंती का पर्व सिंधियों का सबसे बड़ा पर्व हैं। वर्ष 2024 में यह 10 अप्रेल के दिन मनाया जा रहा है । वैसे चार साल में एक बार यह हिन्दू नव वर्ष गुडी पड़वा के साथ आता है पर बाकी वर्ष यह गुडी पड़वाके दूसरे दिन आता है इस कारण भी यह सरकारी केलेन्डर में नहीं गिना जाता और न ही इस दिन सरकारी छुट्टी भी नहीं होती है ।और कुछ सरकारी बेरुखी को बताने के पहले हम पाठकों को भगवान झुलेलाल के बारे में बताते है । कहते है जब जब धरती पर अन्यायियों ने लोगों को त्रस्त किया तब तब भगवान् ने मसीहा के रूप में अवतरित होकर उनके संकट को टारा हैं। सिंधी समाज के इष्ट देव झूलेलाल जी कि जीवनी कुछ ऐसी ही हैं । दरअसल जो लोग सिंध में रहते हैं अथवा विभाजन के बाद उस स्थान से पलायन कर किसी अन्य स्थान को गये हैं उन्हें सिंधी कहा जाता हैं सिंध पाकिस्तान में हैं। झुलेलाल को कोई संत कहता है तो कोई फकीर जो भी हो हिन्दू मुस्लिम दोनों इन्हें मानते हैं तथा यह सिन्धी समाज के ब्रह्मा, विष्णु, महेश, ईशा, अल्लाह से भी बढ़कर हैं। झूलेलाल को कई अन्य नामों से भी जाना जाता हैं। उदेरोलाल, घोड़ेवारो, जिन्दपीर, लालसाँई, पल्लेवारो, ज्योतिनवारो, अमरलाल आदि।झूलेलाल जी को जल के देवता वरुण का अवतार माना जाता हैं। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष में चन्द्र दर्शन की तिथि को सिंधी चेटीचंड मनाते हैं। इनकी पूजा तथा स्तुति का तरीका कुछ भिन्न हैं जल के देव होने के कारण इनका मंदिर लकड़ी का बनाकर जल में रखकर इनके नाम दीपक जलाकर भक्त आराधना करते हैं। चेटीचंड के अवसर पर भक्त इस मंदिर को अपने शीश पर उठाते हैं जिन्हें बहिराना साहिब कहा जाता हैं जिनमें परम्परागत छेज नृत्य किया जाता हैं।सिंध प्रान्त से भारत में आकर भिन्न भिन्न स्थानों पर बसे सिंधी समुदाय के लोगों द्वारा झूलेलाल जी की पूजा की जाती हैं। ये उनके इष्ट देव हैं। सागर के देवता, सत्य के रक्षक और दिव्य दृष्टि के महापुरुष के रूप में इन्हें मान्यता दी गुई हैं। ताहिरी, छोले (उबले नमकीन चने) और शरबत आदि इस दिन बनाते हैं तथा चेटीचंड की शाम को गणेश विसर्जन की तरह बहिराणा साहिब का विसर्जन किया जाता हैं।भगवान झूलेलाल जी का जन्म चैत्र शुक्ल 2 संवत 1007 को हुआ था, इनके जन्म के सम्बन्ध में कई पौराणिक कथाएँ प्रचलित हैं। मगर इन सभी में बहुत सी समानताएं भी हैं यहाँ आपकों भगवान झूलेलाल जी की सर्वमान्य कथा बता रहे हैं जिन पर अधिकतर लोगों का विश्वास हैं।बात सिंध इलाके की हैं 11 वीं सदी में वहां मिरक शाह नाम का शासक हुआ करता था। वह प्रजा का शासक कम अपनी मनमानी करने वाला जनता को तरह तरह की

शारीरिक यातनाएं देने में आनन्द खोजने वाला अप्रिय एवं अत्याचारी था। उसके लिए मानवीय मूल्य तथा व्यक्ति जीवन गरिमा व धर्म कुछ भी मायने नहीं रखते थे।दिन ब दिन बढ़ते शाह के जुल्मों से सिंध की प्रजा तंग आ चुकी थी। राजतन्त्र में वे चाहकर भी कुछ नहीं कर पाते। उनके पास पुकार का एक ही जरिया था वह था ईश्वर से मदद की गुहार। राज्य की जनता सिन्धु के तट पर एकत्रित होकर भगवान से इस मुश्किल से निकालने के लिए प्रार्थना करने लगे।वरुणदेव उदेरोलाल ने जलपति के रूप में मछली पर सवार होकर लोगों को दर्शन दिया। तथा आकाशवाणी हुई कि हे भक्तों तुम्हारे दुखों का हरण करने के लिए मैं ठाकुर रतनराय के घर माँ देवकी के घर जन्म लूँगा तथा आपके जुल्मों को खत्म करूँगा।चैत्र शुक्ल 2 संवत 1007 के दिन नसरपुर में माँ देवकी पिता रतनराय के घर चमत्कारी बालक ने जन्म लिया जिसका नाम उदयचंद रखा गया। जब शासक मीरक शाह को यह खबर मिली तो उसने अपने सेनापति को इस बालक का वध करने के लिए भेजा। सेनापति अपनी पूरी सेना के साथ नसरपुर के रतनराय जी के यहाँ पहुचकर बालक उदयचंद तक पहुचने का प्रयास किया तो झूलेलाल जी ने अपनी दैवीय शक्ति से शाह के राजमहल में आग लगा दी तथा उसकी फौज को पंगु बना दिया।जब शाह की किसी ईश्वरीय शक्ति के ताकत का अंदाजा हुआ तो वह माँ देवकी के घर गया तथा झूलेलाल जी के कदमों में गिरकर अपने पापों की क्षमा मांगने लगा। इस तरह अल्पायु में ही झूले लाल जी ने आमजन में सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा उन्हें निडर होकर अपना कर्म करने के लिए प्रेरित किया। इस पर मुस्लिम शासक के द्वारा हाथ जोड़कर के यह कहा गया कि है पीरों के पीर आपके चरणों में मेरा बारंबार नमस्कार है और इस प्रकार से भगवान झूलेलाल के चमत्कार से हिंदू जनता को मुस्लिम शासक के अत्याचार से आजादी मिली।सिंध का शासक मीरक शाह जिन्होंने झूलेलाल जी को मारने के लिए आक्रमण किया, उसका अहंकार चूर चूर हो गया तथा वह उनका परम शिष्य बनकर उनके विचारों को जन जन तक पहुचाने के कार्य में जुट गया। शाह ने अपने आराध्य के लिए कुरु क्षेत्र में एक भव्य मंदिर का निर्माण भी करवाया। सर्वधर्म समभाव तथा अमन का पैगाम देने वाले झूलेलाल जी एक दिव्य पुरुष थे।इस दिन जगह जगह पर मन्दिरों में पूजा अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रम व जुलुस निकाले जाते हैं। इस अवसर पर दिन प्रसाद के तौर पर उबले काले चने व मीठा भात सबको बांटा जाता हैं। चलिओ उर्फ़ चालिहो को चालिहो साहिब भी एक सिंधी पर्व हैं जिन्हें अंग्रेजी कलैंडर के अनुसार अगस्त या जुलाई माह में सिंधी समुदाय मनाता हैं। चालीस दिन चलने वाले इस पर्व में साधक अपने आराध्य झूलेलाल का आभार प्रकट करते हैं।सिन्धी समाज का देश की आज़ादी कि लड़ाई , सामाजिक दायित्व व राजनीति में भी बड़ा योगदान रहा है । लोग आज़ादी के मतवाले हेमू कालानी को नहीं भूले होंगे । स्वतंत्रता संग्राम में भारत माता के अनगिनत सपूतो ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराया। आजादी की लड़ाई में भारत के सभी प्रदेशो का योगदान रहा। अंग्रेजो को भारत से भगा कर देश को जिन वन्दनीय वीरो ने आजाद कराया उनमे सबसे कम उम्र के बालक क्रांतिकारी अमर शहीद हेमू कालाणी को भारत देश कभी नही भुला पायेगा।हेमू कालाणी सिन्ध के सख्खर में 23 मार्च सन् 1923 को जन्मे थे। हेमू बचपन से साहसी तथा विद्यार्थी जीवन से ही क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय रहे।

हेमू कालाणी जब मात्र 7 वर्ष के थे तब वह तिरंगा लेकर अंग्रेजो की बस्ती में अपने दोस्तों के साथ क्रांतिकारी गतिविधियों का नेतृत्व करते थे।1942 में 19 वर्षीय किशोर क्रांतिकारी ने ÷अंग्रेजो भारत छोड़ो ÷ नारे के साथ अपनी टोली के साथ सिंध प्रदेश में तहलका मचा दिया था और उसके उत्साह को देखकर प्रत्येक सिंधवासी में जोश आ गया था। हेमू समस्त विदेशी वस्तुओ का बहिष्कार करने के लिए लोगो से अनुरोध किया करते थे। शीघ्र ही सक्रिय क्रान्तिकारी गतिविधियों में शामिल होकर उन्होंने हुकुमत को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रियाकलापों में भाग लेना शूरू कर दिया।अत्याचारी फिरंगी सरकार के खिलाफ छापामार गतिविधियों एवं उनके वाहनों को जलाने में हेमू सदा अपने साथियों का नेतृत्व करते थे।हेमू ने अंग्रेजो की एक ट्रेन ,जिसमे क्रांतिकारियों का दमन करने के लिए हथियार एवं अंग्रेजी अफसरों का खूखार दस्ता था। उसे सक्खर पुल में पटरी की फिश प्लेट खोलकर गिराने का कार्य किया था जिसे अंग्रेजो ने देख लिया था। 1942 में क्रांतिकारी हौसले से भयभीत अंग्रजी हुकुमत ने हेमू की उम्र कैद को फाँसी की सजा में तब्दील कर दिया। पुरे भारत में सिंध प्रदेश में सभी लोग एवं क्रांतिकारी संघठन हैरान रह गये और अंग्रेज सरकार के खिलाफ विरोध प्रकट किया। हेमू को जेल में अपने साथियों का नाम बताने के लिए काफी प्रलोभन और यातनाये दी गयी लेकिन उसने मुह नही खोला और फांसी पर झुलना ही बेहतर समझा।21 जनवरी 1943 को उन्हें फांसी की सजा दी गई। जब फांसी से पहले उनसे आखरी इच्छा पूछी गई तो उन्होंने भारतवर्ष में फिर से जन्म लेने की इच्छा जाहिर की। इन्कलाब जिंदाबाद और भारत माता की जय की घोषणा के साथ उन्होंने फांसी को स्वीकार किया।सिंधी समाज रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजन करने वाला समाज है। सिंधियों की संख्या जरूर मुट्ठी भर है, लेकिन देश के विकास में समाज का बड़ा योगदान है। सरकार को राजस्व देने में ये समाज हमेशा अग्रणी रहा है। भारत की राजनीति में भी सिन्धी समाज अग्रणी रहा है।अनेक प्रान्तों में सिन्धी विधायक व सांसद है और तो और श्री लालकृष्ण आडवानी भारत के उपप्रधानमंत्री रह चुके है जिन्हें हाल ही में भारत रत्न से नवाज़ा गया है । ऐसे समाज को भारत सरकार को नहीं भूलना चाहिए ।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

विश्व होमियोपैथिक दिवस पर विशेष

होम्योपैथी -विज्ञान और स्वास्थ्य के संगम पर

डॉ. अमरीन फातिमा
बीएचएमएस (गोल्ड मेडलिस्ट)
कानपुर

होम्योपैथी, आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में एक अद्वितीय स्थान रखती है। यह चिकित्सा पद्धति न केवल विज्ञानिक शोधों पर आधारित है, बल्कि प्राकृतिक और वैज्ञानिक सिद्धांतों पर भी आधारित है। होम्योपैथी का मूल मंत्र % समीलिया समीलिबस क्यूरेटर% है, जिसका अर्थ है % जैसा रोग, वैसा उपचार%। इस आधार पर, होम्योपैथी चिकित्सक रोगी के लक्षणों को ध्यान में रखते हुए उपचार करता है।

वैज्ञानिक अनुसंधान और होम्योपैथी

होम्योपैथी का वैज्ञानिक अनुसंधान उसकी महत्वपूर्ण विशेषता है। इसके पीछे विज्ञानिक और शोधात्मक दृष्टिकोण होता है जो न केवल उपचारों की प्रभावकारिता को बढ़ाता है, बल्कि उसकी समीक्षा करता है और बेहतर उपचारों की खोज करता है। नए और प्रभावी उपचारों के विकास में विज्ञान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

होम्योपैथी और सामाजिक स्वास्थ्य

होम्योपैथी न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज के स्वास्थ्य के लिए भी। इसका उपयोग सामाजिक स्वास्थ्य के संरक्षण में और ज्ञान के साथ सामाजिक परिवार और समाज को जोड़ने में किया जा सकता है।

होम्योपैथी की गहराई में जानें

होम्योपैथी एक अद्वितीय चिकित्सा पद्धति है जो विज्ञान, प्राकृतिक उपाय, और सामाजिक संपर्क का संगम है। इसे गहराई से समझना और उसकी विशेषता को समझने में हमें सहायक हो सकता है और हमें स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए दिशानिर्देश प्रदान कर सकता है। विश्व होम्योपैथी दिवस पर, हमें होम्योपैथी के महत्व को समझने और उसकी विशेषता को महत्वपूर्ण रूप से मानने का समय है। इस अवसर पर, हमें होम्योपैथी के शोध और विकास को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि हम एक स्वस्थ और उत्तम जीवन जी सकें।

विस्थापित क्षत्रिय समाज से विजय सिंह होंगे प्रतापगढ़ से निर्दल प्रत्याशी

सर्व समाज का भी मिलेगा विजय सिंह को समर्थन – लव सिंह गहलौत

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। विस्थापित क्षत्रिय समाज के लोग बड़ी संख्या में आज रामसहाय सिंह निवासी अडार जामताली प्रतापगढ़ के यहाँ एक निजी कार्क्रम में उपस्थिति थे और 17 मार्च को समाधि स्थल मतुई नमक शायर में विस्थापित क्षत्रिय समाज के लोगों ने राजनैतिक चिंतन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के बारे में गंभीरता से विचार करते हुए सर्व सम्मति से पूर्व प्रधान अमर सिंह भाटी एल आई सी को प्रतापगढ़ लोक सभा क्षेत्र से अपना निर्दलीय उम्मीदवार घोषित किया था।परंतु स्वास्थ ना ठीक होने के कारण चुनाव लड़ने में अमर सिंह ने असमर्थता व्यक्त किया। जिस पर उपस्थिति सभी लोगों ने गंभीरता से विचार किया और अमर सिंह जी की सलाह व सहमति लेकर फिर उनके स्थान पर सर्व सम्मति से विजय सिंह वत्स ग्राम प्रधान सुखउ दुबौली पट्टी प्रतापगढ़ का नाम 39 लोक सभा क्षेत्र प्रतापगढ़ से निर्दलीय उम्मीदवार के

लिए चयनित हुआ। सर्व सम्मति होने पर समाज सेवक लव सिंह गहलौत एडवोकेट ने विजय सिंह वत्स के नाम की निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में घोषणा किया। प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद विजय सिंह वत्स ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की कसौटी पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा और आपके आशीर्वाद से ही इतना बड़ा चुनाव लड़ पाऊंगा।

समाजसेवी लव सिंह गहलौत एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि निर्दल प्रत्याशी के रूप में विजय सिंह को सर्व समाज का वोट और समर्थन भरपूर मिलेगा। क्योंकि देश की आजादी के बाद से अब तक विस्थापित क्षत्रिय समाज के साथ साथ सभी समाज के गरीबों, मजदूरों, किसानों नौजवानों आदि का शोषण ही हुआ है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पूर्व जिला महामंत्री व पूर्व विधान सभा प्रत्यासी ठाकुर रामबरन सिंह एडवोकेट ने कहा कि जुझारू और कर्मठ उम्मीदवार पाकर समाज में खुशी व्याप्त है। इस दौरान 25 मई को निर्दलीय उम्मीदवार विजय सिंह वत्स को एक एक वोट देकर जिताने की अपील की गयी।इस दौरान अमर सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी जसवंत सिंह, अमर बहादुर सिंह, अभय प्रताप सिंह(किसान नेता), डाक्टर गुलाब सिंह परिहार,अवधेश बहादुर सिंह, राजकुमार सिंह, रामशिरोमणि सिंह, संदीप सिंह,आदि लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित कर अपने लोकसभा प्रत्यासी विजय सिंह को जिताने की आवाज बुलंद किया। और चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए 11 सदस्यीय चुनाव संचालन समिति का गठन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दादा रामसहाय सिंह और संचालन चंद्रभूषण सिंह ने किया। कार्यक्रम में वृजेंद्र सिंह, समर बहादुर सिंह, शौरभ सिंह, सोनू सिंह, रणधीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अशोक कुमार राठौर आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

विभिन्न मांगों को लेकर वकीलों का पांचवें दिन भी जारी रहा धरना

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। रजिस्ट्री कार्यालय व चकबंदी न्यायालय तथा 56 गांव सदर तहसील से जोड़े जाने की मांग को लेकर बार एसोसिएशन पुरातन तहसील सदर के पदाधिकारियों का धरना मंगलवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। इस मौके पर आशुतोष तिवारी ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा।इस मौके पर धीरेन्द्र मिश्र ने तहसील सदर में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार व प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा पत्रावलियो के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।इस मौके पर बार के अध्यक्ष विवेक दत्त पाली ने कर्मचारियों के आड़ में अधिकारियों द्वारा वसूली करने का आरोप लगाते हुए कहा कि एसडीएम न्यायालय का एक कर्मचारी एसडीएम के एजेंट के रूप में कार्य कर रहा है। अधिवक्ता पुत्र दीपक दूबे पर फर्जी तरीके से दर्ज कराये गये मुकदमे पर रोष व्यक्त करते हुए वापस लिये जाने की मांग की है।इस मौके पर बालेन्द्र भूषण, धर्मराज सिंह,अजय सिंह, आशीष सिंह,श्रषि तिवारी, अवनीश शुक्ल, महेंद्र, जितेन्द्र, अरूणेंद्र, शैलेन्द्र, राममूर्ति प्रजापति, अमित, श्रीकांत, अंजनी, विनोद, उदयराज यादव, विनोद वर्मा सहित आदि अधिवक्तागण मौजूद थे।

ज्वाइन्ट इन्टेट्रेन्स एग्जाम की परीक्षाओं हेतु परीक्षा केन्द्रों पर 26 मई तक निषेधाज्ञा लागू

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जनपद में माह अप्रैल से 26 मई 2024 के मध्य विभिन्न तिथियों में ज्वाइन्ट इन्टेऊन्स एग्जाम (एडवान्स्ड)-2024 की परीक्षा सम्पन्न होना प्रस्तावित है। परीक्षाओं को नकलविहीन, शांतिपूर्ण व शुचिता से सुनिश्चित कराये कराये जाने हेतु अपर जिला मजिस्टेऊट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने जनपद के सम्बन्धित समस्त परीक्षा केन्द्रों पर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत दिनांक 26 मई तक निषेधाज्ञा जारी किया है। उन्होने कहा कि जनपद में परीक्षा से सम्बन्धित क्षेत्र में समस्त स्टाफ/अधिकारी/परीक्षार्थी/मजिस्टेऊट एवं सुरक्षा बल के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति अथवा समूह परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं करेगा।

परीक्षा केन्द्र के आस-पास 200 मीटर की परिधि में फोटो कापियर एवं स्कैनर का संचालन परीक्षा अवधि में पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 200 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारण यन्त्रों, ब्लूटूथ एवं आई0टी0 गैजेट्स सहित इसी प्रकार के अन्य इलेक्ट्रनिक डिवाइस का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। समस्त कक्ष निरीक्षक/स्टाफ अथवा परीक्षार्थी उपकरणों को लेकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नही करेगें। कोई भी परीक्षार्थी बिना परीक्षा सम्पन्न हुये सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना परीक्षा कक्ष से बाहर नही जायेगा और न ही उत्तर पुस्तिका बाहर ले जायेगा। परीक्षा की समाप्ति तक किसी भी अभ्यर्थी अथवा प्रश्न पत्र को परीक्षा केन्द्र से बाहर नहीं जाने दिया जायेगा।

कोई भी व्यक्ति, परीक्षार्थी परीक्षा स्थल की परिधि में किसी भी प्रकार के शस्त्रादि लेकर प्रवेश नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह इन परीक्षाओं को सकुशल तथा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराये जाने में न तो किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करेगा और न ही ऐसी कोई कार्यवाही करेगा जिससे कि परीक्षा को सम्पन्न कराये जाने में कोई बाधा उत्पन्न हो एवं उसकी शुचिता व निष्पक्षता पर किसी प्रकार का कोई कुप्रभाव पड़े। इन आदेशों का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस

लालगंज-प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपियो के खिलाफ अपहरण व धमकी तथा गालीगलौज का केस दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के बलीपुर कटरा निवासी गंगाराम की पत्नी प्रभावती वर्मा ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चौदह मार्च को दिन में तीन बजे उसकी नाबालिग पुत्री ममता को सांगीपुर थाना के गोविंदपुर घुइसरनाथ धाम निवासी गोलू पुत्र भाईलाल वर्मा बहला फुसलाकर भगा ले गया। जानकारी होने पर परिजनों ने जब आरोपी के घर उलाहना दिया तो आरोपी के भाई बबलू द्वारा फोन पर भददी भददी गालियां देते हुए जानलेवा धमकी दी गयी। परिजनों को आशंका है कि किशोरी के अपहरण में आरोपी की मां माधुरी तथा बहन आरती की भूमिका है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मनाया गया वर्ष प्रतिपदा उत्सव

हिंदू समाज के जागरण का दिन है वर्ष प्रतिपदा उत्सव – भोलेंद्र

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मनाये जाने वाले छः प्रमुख उत्सवों में से प्रथम उत्सव के रूप में चौत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन वर्ष प्रतिपदा उत्सव शहर के शहीद उद्यान में मनाया गया। इस अवसर पर पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने सर्वप्रथम आद्य सरसंघचालक प्रणाम किया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में काशी प्रांत के मुख्य मार्ग प्रमुख भोलेंद्र रहे । इस मौके पर उन्होंने कहा कि कि वर्ष प्रतिपदा उत्सव हिंदू समाज के जागरण का दिन है। आज के दिन सभी स्वयंसेवकों को पवित्र हिंदू ,हिंदू संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। संघ अपनी शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है ,ऐसे में हम सभी स्वयंसेवकों को सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन,पर्यावरण संरक्षण, स्व का जागरण और नागरिक कर्तव्य पालन को पंच प्रण के रूप में लेकर इस पर कार्य करना है। इन्ही पंच प्रणों के पालन से ही भारत पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित होगा। आगे

उन्होंने कहा कि यह उत्सव नवीनता का द्योतक है।

इसी दिन संघ के संस्थापक परम पूज्य डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ था। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक इसी तिथि को हुआ।सृष्टि की रचना का प्रारम्भ दिवस भी आज है।आज के दिन आर्य समाज की स्थापना हुई।सम्राट विक्रमादित्य का राज्याभिषेक और शक संवत की शुरुवात भी इसी दिन हुई।प्रत्येक भारतवासी इसी दिन से ही नव संवत्सर की शुरुवात मानता है।उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि डॉक्टर हेडगेवार के संकल्प को हमे शताब्दी वर्ष में पंच प्रण के रूप में पूर्ण करना है। संघ विस्तार को लेकर उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक को 10 व्यक्तियों को स्वयंसेवक बनाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।संघ ,योजना और संकल्प के आधार पर ही कार्य का संपादन करता चला आ रहा है।इस मौके पर विभाग संघचालक रमेशचंद्र त्रिपाठी,जिला संघचालक चिंतामणि दुबे,विभाग कार्यवाह हरीश,जिला कार्यवाह हेमन्त कुमार,जिला प्रचारक शिव प्रसाद,नगर संघचालक राज नारायण,सह नगर संघचालक विजय ,नगर कार्यवाह शिव सोनी, नगर प्रचारक आलोक,विभाग कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख रघुवीर,विभाग व्यवस्था प्रमुख गिरिजा शंकर,विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सौरभ,जिला व्यवस्था प्रमुख ओम प्रकाश,सह जिला व्यवस्था प्रमुख नीतेश ,जिला पर्यावरण डॉक्टर अनूप सिंह,जिला प्रचार प्रमुख अंकुर श्रीवास्तव ,जिला सह सेवा प्रमुख राजेश जायसवाल,जिला संपर्क प्रमुख रंगनाथ,नगर शारीरिक शिक्षण प्रमुख अंकित , नगर बौद्धिक प्रमुख राजा,सह नगर कार्यवाह राजेश जायसवाल, डॉक्टर आर पी सिंह,नगर संपर्क रामचंद्र,सार्थक,भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य,सह नगर कार्यवाह सर्वोत्तम,नगर व्यवस्था प्रमुख सावन,नगर सेवा प्रमुख जगदम्बा,नगर प्रचार प्रमुख विवेक, अनुज, सुमित, धीरज ,वेद,पीयूष,आशीष,सक्षम के जिला महामंत्री रंजय ,अभय सिंह, सतीश उपाध्याय ,रवीश,क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष ध्रुव शर्मा ,राकेश शर्मा,शैलेंद्र ,शिव शंकर आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

डीएम व एसपी ने थाना बाघराय का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

बिहार /प्रतापगढ़ जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना बाघराय पहुंचकर लोस चुनाव के मद्देनजर थानाध्यक्ष बाघराय निकेत भारद्वाज से सभी बूथों के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों के बारे में जानकारी जुटाई। जिलाधिकारी ने कहा कि बूथों पर मतदान कर्मियों के लिए प्रकाश भोजन व जलपान की व्यवस्था सरकारी रहेगी, किसी भी मतदान कर्मियों को कोई भी दिक्कत नहीं होने पाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में 5500 लोगों को पाबंद किया गया है। 48 लोगों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। मतदान में गड़बड़ी करने वालों को बक्सा नही जाएगा व आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

डीआरएम की फटकार के बाद जागे अफसर, कराई बैरिकेटिंग

लोकमित्र में छपी खबर पर एक्शन में दिखे डीआरएम

सुरक्षा बैरिकेटिंग के बगैर ही प्लेटफार्म पर चल रही थी जेसीबी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़।दैनिक लोकमित्र में मंगलवार को बगैर सुरक्षा बैरिकेटिंग के प्लेटफार्म पर गरज रही जेसीबी शीर्षक से प्रकाशित खबर को मंडलीय रेल प्रबंधक लखनऊ ने संज्ञान में लिया है। उन्होंने यहां के जिम्मेदार अफसरों की फटकार लगाते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया। लखनऊ से डीआरएम का फरमान आते ही अधिकारियों ने फौरन ही टिन शेड का घेरा बनाकर तोड़फोड़ वाले स्थान को बैरिकेट कर दिया।मां बेल्हा धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल है। इसके कायाकल्प को पुरानी बिल्डिंग गिराकर उसके स्थान पर नई बनाने का प्रस्ताव पारित हुआ है। इसके लिए धन भी आवंटित हो चुका है। कार्यदाई संस्था बिल्डिंग ढहाने का कार्य कर रही है। जिसमें जेसीबी का इस्तेमाल हो रहा है। गौर करने वाली बात यह है कि ढहाने के दौरान ऊपर से गिर रहा ईट, पत्थर लोहा से उधर से गुजर रहे यात्रियों को खतरा पहुंच सकता है। उनकी सुरक्षा के लिए बैरिकेटिंग नहीं लगाई गई थी। खास बात यह है कि इसको लेकर यहां का रेल प्रशासन भी संजीदा नहीं था। जिम्मेदार लापरवाह बने थे। डीआरएम की फटकार के बाद हरकत में आए अफसरों ने आनन फानन में बिल्डिंग के किनारे टिन शेड लगा दिया

क्या कहते हैं डीआरएम

इस बारे में डीआरएम लखनऊ शचींद्र मोहन शर्मा का कहना है कि बिना बैरिकेटिंग का काम करने का तरीका ठीक नहीं है। उन्होंने इस मामले में कार्रवाई का निर्देश दिया है। लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई होगी।

लाखों के उड़ाये गहने व सामान, जांच में जुटी पुलिस

लालगंज-प्रतापगढ़। अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते घर में कूदकर लाखों के जेवरात तथा गृहस्थी के सामान पर हाथ साफ कर दिया। लालगंज कोतवाली के जेवई सीताराम का पुरवा निवासी नागेन्द्र तिवारी के घर बीती सोमवार की रात चोर छत के रास्ते घर में घुस गये। चोरों ने घर में ताला तोडकर लाखों के सोने चांदी के जेवरात तथा कीमती गृहस्थी के सामानों पर हाथ साफ कर दिया। मंगलवार की सुबह परिजन सोकर उठे तो चोरी हुई देख आवाक रह गये। परिजनों ने घटना के बाबत पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर घटना का खुलासा किया

सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश कर रहे प्रधान ढिंगवस

कुंडा प्रतापगढ़।जहां एक ओर देश में आए दिन हिंदू व मुस्लिम संप्रदाय में आपसी तनाव देखने को मिलता है। वहीं इन सब बातों से इतर बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के ढिंगवस ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान राजेश त्रिपाठी सोनी द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल कायम की जा रही है। ग्राम प्रधान राजेश त्रिपाठी सोनी मोनी द्वारा रमजान के पाक माह में रोजेदारों को रमजान के पूरे महीने हर दिन शीतल जल उपलब्ध करवाया जा रहा है। उनके द्वारा यह कार्य लगातार कई वर्षो से किया जा रहा है। इलाके के मुस्लिम भाई उनके द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं।

मां की एक झलक पाने को लालियत रहे दर्शनार्थी

मां बेल्हा देवी धाम में उमड़ी हजारों की भीड़ ने किया शैलपुत्री रूप का भव्य दर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मंगलवार को मां बेल्हा धाम में माता शैलपुत्री रूप के दर्शन को दर्शनार्थी लालियत दिखे। हजारों की भीड़ ने लाइन में लगकर माता का दर्शन और पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। घरों में भी घंटा घड़ियाल का साथ ही कलश स्थापना के साथ ही नौ दिन के नवरात्र की पूजा प्रारंभ हुई। लोगों ने व्रत रखा। मां बेल्हा देवी के अलावा जिले के अन्य देवी मंदिरों चंद्रिका, मां बाराही, ज्वाला देवी समेत कई स्थानों पर दर्शन को भारी भीड़ देखी गई।मंगलवार को सारा शहर भक्तिमय हो गया। घरों में कलश की स्थापना के साथ ही पूजन और वंदन का कार्यक्रम जारी रहा। श्रद्धालु तड़के मां बेल्हा देवी धाम मंदिर पहुंच गए और लाइन में लगकर दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। आरती के बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। लाइन में खड़े भक्त मां के शैलपुत्री स्वरूप का दर्शन करने को उतावले थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिर प्रशासन द्वारा बैरिकेटिंग कराई गई थी। लोगों को धूप में परेशानी न हो इसके लिए पंडाल लगाए हैं। जगह जगह पुलिस लगाई गई थी।

आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

9839665450
7007509037

राजा भैया ने जनता दरबार में जन समस्याओं को सुनकर किया त्वरित निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। लगातार कई दिनों से राजा भैया जनता दरबार में जन समस्याओं को सुनकर गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण कर रहे हैं। मंगलवार को राजभवन बेंती में जनता दरबार में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा के विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने दूर-दराज से जन समस्याओं को लेकर आए हुए लोगों का समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिए। कई समस्याओं को त्वरित निस्तारण किया

गया।इस दौरान बाबागंज के विधायक जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह, पूर्व प्रमुख बिहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, कुंडा प्रमुख संतोष, बब्बन सिंह, पूर्व प्रमुख अनुभव यादव,बिक्कू सिंह बाघराय, व्यापार मंडल अध्यक्ष नगर पंचायत हीरागंज ग्राम प्रधान उतरार विनोद यादव, आजाद सिंह परसी पुर, विनोद पटेल जिला पंचायत सदस्य, संजय जैसवाल कुंडा,सूरज मिश्रा धमोहन, आंनद देव पांडेय प्रधान अर्जुन अतेरू, पंकज तिवारी अधिवक्ता, सुमित तिवारी फूलमती, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

मां ज्वाला देवी धाम मानिकपुर का नौ दिवसीय नवरात्र मेला प्रारंभ

एसडीम व मंदिर सचिव ने संयुक्त रूप से दर्शन पूजन कर मेले का किया शुभारंभ

कुंडा-प्रतापगढ़। सिद्ध पीठ मां ज्वाला मुखी देवी धाम मानिकपुर का नवरात्र तक चलने वाला नौ दिवसीय धार्मिक मेला का उपजिलाधिकारी/मंदिर ट्रस्ट उपाध्यक्ष भरतराम जी व मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव के संयुक्त रूप से देवी मां का दर्शन-पूजन कर शुभारंभ किया। सोमवार की मध्य रात्रि के बाद से शाहाबाद घाट पर हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओ ने पतित पावनी मोक्षदायिनी मां गंगा की अविरल व निर्मल धारा में डुबकी लगाकर देवी मां का दर्शन करने के पश्चात मां ज्वाला देवी धाम पहुंचे। जहां घंटा घड़ियाल व देवी मां के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो रहा था। श्रद्धालु भक्तों ने माथा टेककर अपने व परिजनों के लिए मनवांछित फल प्राप्त करने की कामना किया। शाहाबाद गंगा घाट से लेकर मां ज्वाला देवी धाम तक सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। घाट पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी क्योंकि अचानक गंगा का जलस्तर बढ़ने से स्नान के समय विशेष सतर्कता की जरूरत थी। मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक जयचंद भारती दलबल के साथ मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। क्षेत्र के अन्य देवी मंदिर फूलमती देवी धाम बिसाहिया, माता मैया धाम परियावां बाजार, अष्टभुजी देवी धाम बाबागंज, मां चामुंडा देवी धाम बाघराय, मां नायर देवी धाम हीरागंज, मठन देवी धाम कस्बा लतीफपुर संग्रामगढ़, मां कामाक्षा देवी धाम में भी भक्तों की दर्शन पूजन करने के लिए भारी भीड़ पहुंची थी। देवी मंदिरों व धामों के अलावा भक्त अपने-अपने घरों में कलश स्थापना कर नव दिवस तक आदिशक्ति मानव दुर्गा के नव स्वरूप का पूजा-पाठ करते हैं। प्रथम दिवस को मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के प्रथम स्वरूप मां शैल पुत्री के रूप में पूजी गई।

मेले की व्यवस्था में गड़बड़ी करने वालों पर पैनी नजर- पीयूष मोर्डिया

नवरात्रि के प्रथम दिन एडीजी वाराणसी ने विंध्याचल मेले की व्यवस्था का लिया जायजा

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन पीयूष मोर्डिया ने चैत्र नवरात्र मेला विन्ध्याचल को निर्बाध एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से नवरात्र के प्रथम दिन विन्ध्याचल मेला क्षेत्र, माँ विन्ध्यवासनी मंदिर, माँ अष्टभुजा मंदिर व माँ काली खोह मंदिर परिसर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । उनके द्वारा ड्यूटी पर लगे पुलिस के कर्मचारियों का ड्यूटी पांइट चेक करते हुए मनोयोग, निष्ठा, सतर्कता व दर्शनार्थियों के प्रति सुरक्षा व सद्भाव से ड्यूटी करने की हिदायत दी गयी। मेला क्षेत्र में बनाये गये हेल्प डेस्क व कन्ट्रोल रूम से दर्शनार्थियों को पर्याप्त मदद की जा रही है कि नहीं यह भी परखा। विन्ध्याचल गंगा घाट पर सुरक्षा के दृष्टिगत सुरक्षा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते समय सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कहा कि ड्यूटी के समय पूरी सतर्क दृष्टि रखी जाय। अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सतर्क दृष्टि के साथ अधिकारियों का चक्रमण यदि ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की कार्य क्षमता को बढ़ाता है तो वहीं गड़बड़ी करने वालों में भय भी पैदा करता है। उनके निरीक्षण के समय उनके साथ पुलिस उप महानिरीक्षक आर पी सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, नगर क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार गुप्त सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एक अनुमान के अनुसार नवरात्रि के प्रथम दिन लगभग तीन लाख श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेका। पूरे विंध्य क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अनुष्ठान करने वाले भक्त अपना डेरा डाले हुए हैं।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 278/21
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन भारत लाल आदि बनाम राम आसरे
बनाम
राम आसरे आयु लगभग 50 साल पुत्र राम सुन्दर निवासी ग्राम मढ़रामऊ पा0 अमरगढ़ पर0 0 तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 10.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 10.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी जीवन बीमा पालिसी संख्या 310936905 मे मेरा नाम प्रबल कुमार तिवारी 31 आनन्दी कृष्ण तिवारी दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम आदित्य तिवारी सुत अनादी कृष्णा तिवारी बड़ा पुरवा मोहनगंज जिला प्रतापगढ़ 230002

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 3043184 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1311215 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र व स्नातक प्रथम वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2182688 व द्वितीय वर्ष 2014 अनुक्रमांक 141590030034 व तृतीय वर्ष 2015 अनुक्रमांक 2481404 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है।

प्रवेश कुमार यादव
पुत्र हीरालाल यादव
पता चकरामचन्द्रपुर देवकली पट्टी
प्रतापगढ़

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है माध्मिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2034527 व इंटर मीड़िएट परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1504492का मूल प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है।

नाम - रमेश यादव
माता का नाम - अनारा देवी
पिता का नाम - बाबू लाल
ग्राम - दसियाभानपुर
पोस्ट - मुआर आधारगंज
थाना - रानीगंज
जिला - प्रतापगढ़ उ0प्र0
पिन 230304
मो 7523821808

पेयजल समस्या निस्तारण के लिए कंट्रोल रूप स्थापित

चित्रकूटः जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म ऋतु में उत्पन्न पेयजल समस्या के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए जनपद स्तरीय अधिशासी अभियंता खंड कार्यालय उप्र जल निगम (ग्रामीण) कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। साथ ही पेयजल समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नामित कर मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं।

अधिशाषी अभियंता खंड कार्यालय उप्र जल निगम (ग्रामीण) आशीष भारती ने बताया कि अधिशाषी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम खोले गए हैं। जहां सहायक अभियंता बिस्मिल्लाह मोबाइल नंबर 7460812903 एवं जूनियर इंजीनियर नित्यानंद गुप्ता मोबाइल नंबर 8127565036, 9451565036 को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने सभी आम जनमानस से अपील की है कि ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जारी किए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर पेयजल से सम्बन्धित शिकायत को रजिस्टर्ड करा सकते हैं।

बच्चों को समझाया मतदान का तरीका

चित्रकूटः यूपीएस चित्रवार में मंगलवार को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से मीना मंच का गठन किया गया। जिसमें बच्चों को मतदान करने का तरीका समझाया गया। साथ ही निष्पक्ष, पारदर्शी और मतदान की गोपनीयता को प्राथमिकता देते हुए मतदान कार्मिकों ने अपने दायित्व को निभाते हुए शान्ति पूर्ण ढंग से मतदान जागरूकता कार्यक्रम को सम्पन्न कराया।

(फार्म नं0 2)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 88/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सलमा आदि बनाम अब्दुल कलाम
बनाम
अब्दुल कलाम उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र मो0 हनीफ नि0 ग्राम व पोस्ट कंजा सराय गुलामी थाना पट्टी तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ उ0प्र0
अ0 धारा 125 सी0आर0पी0सी0
तारीख पेशी 12.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 12.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

हाई कोर्ट इलाहाबाद लखनऊ बेन्च, लखनऊ
दीवानी विभाग अपील क्षेत्राधिकारी (1906 के एक्ट 5 आदेश 41 एवं नियम 4)
अपील संख्या- द्वितीय अपील नं0 452 सन् 2006
राम आसरे एवं अन्य..... अपीलकर्ता
प्रति
पुद्दन एवं अन्य..... उत्तरदायी
अपील विरूद्ध सिविल अपील नं0 13 सन् 1997 पुद्दन बनाम राम आसरे न्यायालय अपर जिला जज कक्ष सं0-2
स्थान प्रतापगढ़ दिनांक 4.11 सन् 2006 ई0 जी की ओ एस नं0 74 सन् 1991 में दिया/दी गई है।
1/1/1 (1) श्रीमती राजकुमारी आयु 60 वर्ष पत्नी स्व0 विजय प्रताप 2. श्री कमलेश आयु लगभग 35 वर्ष सुत स्व0 विजय प्रताप 3. श्रीमती लक्ष्मी आयु लगभग 30 वर्ष पुत्री स्व0 विजय प्रताप पत्नी श्री अश्वनी कुमार निवासी ग्राम करकेतपुर करनी तह0 फूलपुर जिला प्रयागराज 4. श्रीमती दीपशिखा आयु लगभग 26 वर्ष पुत्री स्व0 विजय प्रताप 5. श्री कौशलेन्द्र आयु लगभग 26 वर्ष सुत विजय प्रताप निवासी 1, 3, 4 और 5 ग्राम सराय सुल्तानी पोस्ट रानीगंज पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
...उत्तराधिकारी के नाम चूंकि ऊपर लिखे हुए मुकदमें में अपीलकर्ता ने.....न्यायालय ..... स्थान ..... के ..... विरूद्ध उपस्थिति की है अतः आपको आदेश दिया जाता है कि आप अपील का उत्तर देने के लिए दिनांक 29.04.2024 को या उससे पहले आकर उपस्थित हो अन्यथा अपील की सुनवाई नियमानुसार विज्ञपित किसी और दिन होगी।
विदित हो कि आप ऊपर लिखे दिनांक पर या उससे पहले स्वयं अथवा किसी एडवोकेट या ऐसे व्यक्ति द्वारा जो आपकी से कार्य करने के लिये कानूनन अधिकृत हो उपस्थित न होंगे तो उस प्रार्थना पत्र की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में हो जायेंगे।
आपको सूचित किया जाता है कि किसी मौलिक डिग्री से जो प्रथम अपील होती है उनसे यदि अपील सरसरी तौर से समाप्त हो जाये तो उसके दोनो पक्ष वालों की एक पत्र पुस्तिका (पेपर बुक) तैयार करती होती है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है नियमावली में दिये गये समय के भीतर कागजी अनुवाद और छपाई के लिये प्रार्थना पत्र आ जाये और अनुमति व्यय भी जमा हो जाये।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर से आज दिनांक 03.04.2024 को जारी किया गया।

डिप्टी रजिस्ट्रार
इलाहाबाद/लखनऊ

दर्शनार्थियों से भरी बस व ट्रक की टक्कर, तीन की मौत 17 घायल

10 घायलों की हालत गंभीर एसआरएन रेफर

ट्रक का ड्राइवर फरार ,बस का चालक घायल लेकिन सुरक्षित

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा-प्रतापगढ़। वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिन मां विंध्यवासिनी देवी का दर्शन करने दर्शनार्थियों से भरी उन्नाव से विंध्याचल जा रही प्राइवेट बस अनियंत्रित ट्रक के आमने-सामने की टक्कर में सड़क के किनारे पलट गई। जिससे 3 दर्शनार्थियों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि 17 गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से 10 घायलों को मरणासन्न अवस्था में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर किया गया तथा तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

उन्नाव जनपद के कई गांव से मां विंध्यवासिनी देवी का नवरात्र के प्रथम दिन दर्शन करने के लिए बुकिंग की प्राइवेट बस से लगभग 50-55 लोग सोमवार की रात विंध्याचल धाम जा रहे थे। प्रयागराज-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हथिगवां थाना क्षेत्र बिसाहिया गांव स्थित फूलमती धाम के समीप भदरी रजबहा के पास दर्शनार्थियों से भरी बस पहुंची थी। इस दौरान रात लगभग 12ः30 बजे प्रयागराज की तरफ से सामने से आ रही अनियंत्रित ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस सड़क के किनारे झाड़ियां में पलट गई तथा सभी सीट भी पूरी तरह से उखड़ गई। जबकि ट्रक भद्री नाला में गिरते-गिरते पुल से टकराकर बच गई अन्यथा ट्रक 15-20 फीट नीचे नाले में चली गई होती। मौका पाकर ट्रक का चालक व खलासी गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। बस के अंदर रोने चिल्लाने व बचाओ बचाओ के करुण क्रंदन से घटनास्थल पर कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची हथिगवां पुलिस व 108 एम्बुलेंस घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस ने जन सहयोग से बस के अंदर फंसे लोगों को किसी तरह से बाहर निकलवाया। गंभीर रूप से घायलों को कई साधनों से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा रात्रि 1ः00 बजे पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने देखते ही तीन घायल संध्या देवी 12 वर्ष पुत्री रामनारायण, कृष्ण कुमार 50 वर्ष पुत्र छेदीलाल तथा वासु 22 वर्ष पुत्र नन्हे बाबू को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल कुमारी पूजा 21 वर्ष पुत्री रामविलास, प्रियांशु 18 वर्ष पुत्र दिनेश कुमार, अमित कुमार 14 वर्ष पुत्र अनिल कुमार, सूरज 15 वर्ष पुत्र महादेव प्रसाद, सचिन 18 वर्ष पुत्र रामगोपाल,

अनिल कुमार 38 वर्ष पुत्र दीनदयाल, प्रमोद कुमार 27 वर्ष पुत्र राकेश कुमार, कुमारी रिया मिश्रा 12 वर्ष पुत्री प्रमोद मिश्रा, पिंकी 35 वर्ष पुत्री राकेश कुमार, आयुष 40 वर्ष पुत्र राजेश कुमार, सोहनलाल 60 वर्ष पुत्र सीताराम, शिवम 9 वर्ष पुत्र दिनेश कुमार, रामनरेश 73 वर्ष पुत्र शिवपाल, माधुरी देवी 42 वर्ष पत्नी बालकृष्ण, गौरी 5 वर्ष पुत्री सुधीर कुमार को इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया। जहांसे प्राथमिक उपचार के बाद मरणासन्न अवस्था में 10 घायलों को स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर किया गया है। जहां सभी घायल जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। जिसमें से चार की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। सूचना पर सभी घायलों व मृतकों के परिजन भोर में ही हॉस्पिटल पहुंच आए थे। परिजनों के हॉस्पिटल पहुंचने पर रोने चिल्लाने से कोहराम मचा रहा। सभी लोग अपने-अपने घायल व मृतक स्वजनों को ढूंढते रहे। जो घायल प्रयागराज रेफर हो गए थे। उनके परिजन स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। दुर्घटनाग्रस्त बस अभी भी घटनास्थल पर सड़क के किनारे पलटी पड़ी हुई है।

सूर्य भगवान को अर्घ देकर हिंदू नव वर्ष का किया गया स्वागत

प्रतापगढ़ - श्री हनुमान मंदिर समिति चिलबिला पर हनुमान भक्तों ने हिंदू नव वर्ष (विक्रम संवत् 2081) का स्वागत गत वर्षो की भांति सूर्य भगवान को अर्घ देकर नव वर्ष का स्वागत किया। सुबह ही हनुमान भक्तों के साथ महिला मंडल की मातृ शक्तियों ने विधिवत पूजन अर्चन कर सूर्य भगवान को अर्घ देकर किया । नवरात्रि के प्रथम दिन माता रानी का पूजन कर नए वर्ष का स्वागत किया। सुबह सुंदरकांड का पाठ व भजन- कीर्तन का शुभारंभ हुआ और पूरे दिन चलता रहा।मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने सुबह सूर्य भगवान को अर्घ देकर हनुमान जी महाराज, माता रानी, राम दरबार, भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन कर आरती उतारी। हनुमान जी महाराज से प्रार्थना किया कि सभी भक्तों का कल्याण करें।रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी जनपद वासियों को हिंदू नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि हम सबको सनातन धर्म को बढ़ावा देना चाहिए तभी हमारी संस्कृति बचेगी। यह नववर्ष इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है कि प्रभु श्री राम जी का भव्य मंदिर बन जाने से 500 वर्ष बाद अपने प्रभु का दर्शन कर पा रहे हैं। अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर तुलसीराम, छेदीलाल, रामगोपाल, कपिल देव, सुरेंद्र पूर्व सभासद, बृजनंदन, सुरेश माली, संतोष कुमार, देवानंद, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, श्याम बाबू ,राकेश कुमार, सूरज उमरवैश्य, मंजू देवी, गीता देवी, कंचन देवी, रेखा उमरवैश्य, सीता, सोनू महाराज, शनि महाराज एवं महिला सत्संग मंडल की सभी मातृ शक्तियों ने गाजे-बाजे के साथ हिंदू नव वर्ष का स्वागत किया।

कलश स्थापना के साथ वासंतिक नवरात्र का शुभारंभ

लोकमित्र

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। घरो में कलश स्थापना एवं पूजन के साथ आज मंगलवार को वासंतिक नवरात्र का शुभारंभ हो गया। नवरात्र के पथम दिन सभी देवी मंदिरो में जाकर श्रद्धालुओ ने घण्टा घड़ियालो के बीच मां के शैलपुत्री स्वरूप का दर्शन पूजन किया। देवी धामो में आज काफी चहल पहल रही। नगर के बेल्हा देवी मंदिर में महिलाओ की टोली से भव्यता काफी बढ़ गई थी। नगर वासियो के लिए श्रद्धा का केन्द्र बनी मां बेल्हा देवी के मंदिर पर काफी भीड़ रही। मां के दर्शन के लिए लालायित भक्त घण्टो लाइन में खड़े होकर अपना नम्बर आने का इंतजार करते रहे। वैसे बेल्हा देवी धाम में काफी सबेरे से ही भक्तो का जमावड़ा होने लगा था। सुबह होते होते धाम में काफी भीड़ हो गई थी। लोगो की भक्तिभाव का नजारा देखते ही बन रहा था। मंदिरो में दर्शन के लिए आए लोगो को कोई असुविधा न हो। इसके लिए यहां की प्रशासनिक व्यवस्था भी काफी चुस्त दुरूस्त रही। महिलाओं एवं पुरूषो के लिए अलग अलग कतारे बनायी गई थी। मंदिर के पीछे एवं बाहर बनी दुकानो पर दर्शन करने के बाद महिलाएं एवं बच्चे खरीददारी भी कर रहे थे। नारियल व चुनरी लेने वालो की भीड़ अधिक दिख रही थी। मंदिर परिसर में विद्वानो एवं आचार्यो द्वारा नवरात्र की महिमा बतायी जा रही थी। मां के अवतारो में शैलपुत्री, ब्रम्हचारिणी, चन्द्रघण्टा, कुष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी कालरात्रि, महागौरी व सिद्धिदात्री है। जिनकी नौ दिन तक पूजा की जाती है। श्रद्धालु भक्ति भावना में डूबे रहते है। नवरात्र पर श्रद्धालु अपनी क्षमता के अनुसार व्रत रखते है। कोई नौ दिन तक अन्न त्यागकर मां की आराधना करता है। वही कोई प्रथम एवं आखिरी दिन व्रत रखता है। नौ दिनो तक व्रत रखने वालो ने आज घरो में कलश स्थापना की।

खरीद केन्द्रों में 30 जून तक खरीदे जाएंगे चना, मसूर एवं सरसों

चित्रकूटः जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि मूल्य समर्थन योजना में रबी खरीद वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत सरकारी दलहन एवं तिलहन खरीद केन्द्रों पर सीधे किसानों से चना, सरसों एवं मसूर की खरीद जनपद में की जायेगी। इसके लिए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के आदेश से जनपद में कर्वी मण्डी एवं बसिला मण्डी में क्रय केन्द्र खोले गये है। जहाँ पर 30 जून 2024 तक खरीद की जायेगी। क्रय केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थाए पूर्ण करा दी गयी है और दो-तीन दिनों में खरीद प्रारम्भ कर दी जाएगी। खरीद केन्द्र सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक खुले रहेंगे। वर्ष 2024-25 में चना का समर्थन मूल्य 5440 रूपए प्रति कुंटल, मसूर का समर्थन मूल्य 6425 प्रति कुंटल एवं सरसो का समर्थन मूल्य 5650 प्रति कुंटल निर्धारित किया गया है। 1 क्रय दिवस में 1 कृषक से अधिकतम 25 कुन्तल की मात्रा ही क्रय की जा सकेगी। क्रय केन्द्रों पर चना, मसूर एवं सरसों बेचने के लिये किसानों का पंजीकरण खरीद अवधि में किया जा सकेगा। जिसमें कृषक की फसल का नाम, आधार नम्बर, बैंक एकाउन्ट नम्बर, मोबाइल नम्बर तथा अन्य अभिलेख सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड किये जायेगे। साथ ही राजस्व विभाग द्वारा फसल का सत्यापन किया जायेगा। कृषकों की धनराशि का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में ई-समृद्धि (एनईएमएल) पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। दलहन, तिलहन खरीद के लिए अपर जिलाधिकारी को जिला खरीद अधिकारी नामित किया गया है। खरीद सम्बन्धी किसी भी समस्या के लिये कृषक बन्धु जिला प्रबन्धक, पीसीएफ चित्रकूट के कार्यालय या उनके मोबाइल नम्बर 8765985024 या 6393232358 पर सम्पर्क कर सकते है। दलहन, तिलहन खरीद में कृषक बन्धु अपनी शिकायत सुझाव शासन द्वारा निर्धारित टोल फ्री नम्बर 18001805551 पर भी दर्ज करा सकते हैं।

वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार गया जेल

लीलापुर-प्रतापगढ़ मुकदमे में वांक्षित फरार अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल जनपद के थाना जेठवारा के उ0नि0 राजीव वर्मा व उ0नि0 वारिज मय हमराय द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0-2682/01 धारा 323,324 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त निजाम अहमद पुत्र तौउवाब निवासी मनेहू थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ व आलम खाँ पुत्र जोहर अली निवासी मेनहू थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया । और जेल भेजा गया

आज होगी मतदाता जागरूकता मैराथन

चित्रकूटः जिला प्रशासन एवं क्षेत्रीय खेल कार्यालय चित्रकूट के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता मैराथन बुधवार को प्रातः 6 बजे धनुष चौराहा से प्रारंभ होगी। यह दौड कामदगिरि रेस्टोरेंट से होते हुए हॉस्पिटल के रास्ते से होते हुए स्टेडियम में समाप्त होगी। जहां पर विजेता खिलाडियों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार ने दी है। उन्होंने सभी खिलाडी, प्रधानाचार्य एवं भाग लेने वालों से अपील की है कि वह बुधवार को प्रातः 6 बजे को धनुष चौराहा पहुंचकर रेस में प्रतिभा करने का कष्ट करें।

प्रतिपदा के दिन से प्रकृति में परिवर्तन - डा.हरिपाल सिंह

खैराबाद सीतापुर खैराबाद नगर के सरस्वती शिशु मन्दिर में किया गया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्कृष्ट स्वयंसेवको द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा उत्सव भारतीय नव वर्ष कार्यक्रम में नगर संघचालक सविनय , मुख्य वक्ता- हरिपाल सिंह ,विभाग संघचालक का उद्बोधन प्राप्त हुआ उन्होंने बताया कि आज के दिन संघ के संस्थापक डा. केशव राव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ था,चैत्र माह में हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है।इस बार हिंदू नववर्ष 09 अप्रैल से प्रारंभ है।हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन का महत्व इसलिए ज्यादा है कि उस दिन ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। भारत वर्ष में प्राचीन काल से चली आ रही काल गणना उसी दिन से प्रारंभ होती है। सम्राट विक्रमादित्य ने आक्रमणकारी शकों को पूर्ण रूप से पराजित कर भारत से निष्कासित किया और उसकी याद में विक्रम संवत प्रारंभ किया।

6 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का किया अनावरण

चोरी के मोबाइल व नगदी के साथ दो गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री मेवालाल मौर्या द्वारा 06 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये 02 चोरों को चोरी के मोबाइल व नगदी के साथ गिरफ्तार किया गया ।

कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बतया कि बीते सोमवार को गणेश शर्मा पुत्र बद्री प्रसाद शर्मा निवासी सिंचाई कॉलोनी डबरा जनपद ग्वालियर मध्य प्रदेश द्वारा कोतवाली कर्वी में सूचना दी गयी कि वह कामतानाथ दर्शन करने के लिए आए थे कि रामघाट पर अज्ञात चोरों ने उनका मोबाइल तथा नगदी चोरी ली है। इस सूचना पर थाना कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी ने घटना को संज्ञान लेकर सीतापुर चौकी के उप निरीक्षक मेवालाल मौर्या को घटना के अनावरण के लिए लगाया। उप निरीक्षक मेवालाल मौर्या तथा आरक्षी रविशंकर द्वारा अखिलेश पाल निवासी कसहाई रोड, लकी रैकवार निवासी शंकर बाजार को चोरी के मोबाइल तथा 490 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी के सामान बरामद की के आधार पर मुकदमे में बढ़ोतरी की गयी।

सर्प के डसने से महिला की मौत

देल्हूपुर- थाना क्षेत्र के खरवई गांव की सावित्री देवी 55 वर्ष पत्नी राम सजीवन की सर्प के डसने से आज दोपहर मौत हो गई। सुबह भोर में पति पत्नी दोनों गेहूं काटने के लिए अपने खेत में जा रहे थे कि नाली में सांप बैठा था।उसी के ऊपर पैर पड़ गया और सांप ने डस लिया।शोर मचाया लोगों के पहुंचने के पहले सांप भाग निकला। इलाज के प्रयागराज स्वरुप रानी ले गए।इलाज के दौरान दोपहर में। मौत हो गई। मृतका के दो बेटे तथा एक बेटी हैं। सभी अविवाहित हैं।

आगजनी में गेहूं की कीमती फसल हुई राख

लालगंज-प्रतापगढ़। अज्ञात कारणों से मंगलवार की दोपहर खेत में हुए आगजनी में गेहूं की कीमती फसल जलकर राख हो गयी। लालगंज के सराय लालमती निवासी वशिष्ठमुनि द्विवेदी के खेत मे दोपहर अचानक आग की लपटें फैल गयी। पीड़ित का दो बीघे में गेहूं की फसल नष्ट हो गयी। ग्रामीणों के प्रयास से घण्टों मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका।

3 देसी बम व बिना नम्बर प्लेट बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

लीलापुर,प्रतापगढ़। पुलिस ने 3 देसी बम के साथ बिना नम्बर प्लेट के बाइक के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन' में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के 'थाना जेठवारा से उ0नि0 श्री राजीव वर्मा व उ0नि0 वारिज' मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना,निशानदेही पर थाना क्षेत्र मान्धाता बार्डर देवरिया बरा, सराय नाहर राय के पास से '01 अभियुक्त मो0 रकीब पुत्र मो0 शरीफ निवासी ग्राम रामपुर बन्तरी थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ को 03 अदद देसी बम व बिना नम्बर प्लेट 01 मोटर साइकिल स्पलेण्डर (बिना नम्बर प्लेट) के साथ गिरफ्तार किया गया ।'

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

विजय नारायण का हत्यारोपी मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार

मुठभेड़ के दौरान बदमाश अजय सिंह के पैर में लगी गोली

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। डॉक्टर घनश्याम हत्याकांड के सह आरोपी विजय नारायण सिंह की हत्या के मुख्य आरोपी अजय सिंह को कोतवाली नगर व बंधुआकला पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। उसके पैर में गोली लगी है, जिसे इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उसके पास से एक बिना नंबर की बाइक व एक पिस्टल बरामद हुई है।

अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद ने बताया कि बीती रात सूचना मिली थी कि अंबेडकरनगर जिले के महरूआ निवासी अजय सिंह दूबेपुर से बंधुआकला होकर लखनऊ निकलने की फिराक में है। इस सूचना पर कोतवाली नगर पुलिस व बंधुआकला पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की। अजय बाइक से निकल रहा था पुलिस टीम ने उसे रोकना चाहा तो खुद को पुलिस में घिरा देख अजय ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। इसके बाद पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। जिसमें एक गोली बदमाश के दाहिने पैर में लगी और वो गिर पड़ा। पुलिस ने उसे पकड़ा और लेकर सीधे राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर आई। जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। बताते चलें कि रविवार की रात कोतवाली नगर के दरियापुर तिराहे के पास होटल पल्लवी में विजय आदि पार्टी कर रहे थे। यही दीपक मिश्रा की विजय से कहासुनी हुई तो दीपक ने अजय को फोनकर बुलाया। अजय के आने के बाद बात बढ़ी तो अजय ने पिस्टल निकालकर विजय और अनुज को गोली मार दी थी। जिसमें विजय की मौत हो गई और अनुज का लखनऊ में इलाज चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने मृतक के भाई सतीश नारायण सिंह की तहरीर पर शूटर अजय सिंह सिलावर, दीपक मिश्रा, जयंत मिश्रा, डॉक्टर घनश्याम तिवारी की पत्नी निशा तिवारी, डॉक्टर घनश्याम के दो भाई नाम अज्ञात, उनके साले विनय तिवारी समेत एक अन्य के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

नहीं तय हो सका चिकित्सक हत्याकांड में आरोप

विजय नरायण की मौत से न्यायालय नहीं आये आरोपित

सुलतानपुर। चर्चित चिकित्सक हत्याकांड के आरोपी विजय नरायण की हत्या के बाद सोमवार को अन्य आरोपित भी जिला जज के न्यायालय में नहीं उपस्थित हुए जिससे आरोप तय नहीं हो सका। रविवार की शाम विजय नरायण सिंह की हत्या के साथ चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड की भी जोरो से चर्चा होने लगी है। इसमें आरोपियों पर आरोप तय किये जाने थे लेकिन सारे आरोपित न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। जमीन बैनामा करने के बाद भी कब्जा न पाने वाले सखौली गांव निवासी जयसिंहपुर सामुदायिक केंद्र पर तैनात घनश्याम तिवारी से अवैध रूपये की मांग की जा रही थी। उन्हें मामला साफकरने के लिए बुलाया गया। आरोप है कि बुरी तरह पिटाई करके उन्हें ई-रिक्शा से घर भेजा गया जहां से गंभीर हालत में अस्पताल ले जाये गए जहां मृत घोषित कर दिया गया था। चिकित्सक की पत्नी निशा तिवारी ने अजय नरायण, विजय नरायण उनके पिता जगदीश नरायण को नामजद करते हुए एफआईआर लिखाई थी। जिसमे अजय नरायण के साथ रहे ड्राइवर संदीप सिंह को भी आरोपित बनाया गया। सब जेल भेजे गए। उसी में से विजय नरायण की उच्च न्यायालय से जमानत हुई और वो बाहर आ गया था।

आरोप तय करने के लिए कई पेशियां भी लगी लेकिन सोमवार को सभी न्यायालय उपस्थित होते इससे पूर्व विजय नरायण को दरियापुर चौराहे के पास गोलियों से छलनी कर दिया गया। इसकी चर्चा इसलिए भी ज्यादा हो रही कि विजय नरायण की हत्या में चिकित्सक कि पत्नी निशा तिवारी व उनके भाई को भी नामजद किया गया है। इतना ही नहीं चार साल पहले हुए पेट्रोल पम्प मालिक भारत भूषण के हत्यारोपित दीपक मिश्र भी इसमें नामजद है।

जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता के लिए किया सेल्फी प्वाइंट का शुभारंभ

मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए सदभावना पुल पर बना ''मेरा वोट मेरी ताकत'' सेल्फी प्वाइंट

जौनपुर। अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए उन्हें विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नई पहल की गई है। इस पहल के तहत मतदाता जागरूकता के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ ने वोटर सेल्फी प्वाइंट का शुभारंभ किया। सदभावना पुल पर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है, जिसमें हिन्दी में लिखा है कि ''मेरा वोट मेरी ताकत'' ''मतदान तिथि 25 मई अपना वोट जरुर करें''।

जिलाधिकारी ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से यह सेल्फी प्वाइंट तैयार किया गया है। ताकि इस पुल से गुजरने वाले राहगीर इस सेल्फी प्वाइंट से प्रेरित होकर यहाँ सेल्फी खींचें और सोशल मीडिया पर भी पोस्ट करें तथा मतदान करने के लिए संकल्प लें। स्वयं मतदान करें और अपने परिवार और आस पास के लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक व प्रोत्साहित करें। उन्होंने विशेषकर बाहर रह रहे श्रमिकों जो यहाँ के मतदाता है उन सभी मतदाताओं से अपील किया कि 25 मई को आकर अपना वोट अवश्य करें। इस दौरान जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, जेई नगर पालिका परिषद दीपक शाह, एस आई हरिशचन्द्र यादव, अवधेश राय, सौरभ मौर्य सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

शैक्षिक उन्नयन के लिए आयोजित संगोष्ठी हुई संपन्न

सुल्तानपुर। एमजीएस इंटर कालेज में शैक्षिक उन्नयन एवं विकास के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि ठाकुर संजय सिंह अध्यक्ष, क्षत्रिय शिक्षा समिति और डॉ विनोद कुमार सिंह, प्रबंधक, एमजीएस इंटर कालेज इंटर कालेज, सुल्तानपुर रहे।

सर्वप्रथम संजय सिंह ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात प्रबंधक विनोद कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर संगोष्ठी का प्रारंभ किया गया। प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ विनोद कुमार सिंह को आमंत्रित किया। डॉ विनोद कुमार सिंह ने सर्वप्रथम नवीन शैक्षिक सत्र के प्रारंभ होने की शुभकामना और बधाई देते हुए कहा की विद्यालय में शिक्षकों की समस्या के निस्तारण के लिए वरिष्ठ शिक्षकों का एक ग्रीवांश सेल बनाया जाय। जिसके द्वारा शिक्षकों की समस्या का समन्वयात्मक तरीके से समाधान किया जा सके। विद्यालय में सह शिक्षा के प्रारंभ होने से अनुशासन समिति का दायित्व एवं कार्य बढ़ गया है। हमारे विद्यालय का वातावरण अनुशासित है। इसी अनुशासित वातावरण को छात्रों के व्यवहार में उतारना है। वर्तमान सत्र कक्षा 9 और 11 में इंग्लिश मीडियम कक्षा भी संचालित हुई है। जिसमे प्रवेश, प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। विद्यालय में जेईई, नीट और सामान्य ज्ञान से संबंधी आदि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यालय के शिक्षक एवं बाह्य विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित कर स्पेशल कक्षाएं संचालित की जाएगी। विद्यालय की पहचान हम सब के व्यवहार और अच्छे कार्य से होती है। हमे अपने विद्यालय की पुरातन कार्यशैली में सकारात्मक परिवर्तन कर उसे शैक्षिक दृष्टि से सुगम और सरल बनाना है। विद्यालय में प्रीतिदिन शिक्षण का प्रारंभ राष्ट्रगान और समापन राष्ट्रीय गीत से किया जाय। जिससे छात्र राष्ट्र के गौरव से परिचित होकर राष्ट्रीय भावना को आत्मसात कर सकें। राकेश कुमार सिंह, दीपक सिंह, श्यामलाल आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। सर्वादीन पांडेय पूर्व प्रधानाचार्य भरखरे ने गीत गाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। डॉ अम्बरीष सिंह ने विद्यालय के भौतिक संसाधन की स्थिति के बारे में प्रबंधक को बताया।उप प्रधानाचार्य विचित्र वीर सिंह ने प्रबंधक के सभी सुझावों को शिक्षक एवं कर्मचारियों के प्रतिनिधि के रूप में आश्वस्त करते हुए कहा की आपकी जो योजना और सुझाव है उसे हम सब मिलकर धरातल पर मूर्त रूप देंगे। संगोष्ठी के अन्त में ठाकुर संजय सिंह ने कहा की विद्यालय का प्रबंधतंत्र कभी भी किसी शिक्षक एवं कर्मचारी के खिलाफ नहीं रही है। किसी भी शिक्षक एवं कर्मचारी की कोई भी समस्या कभी आयी है तो प्रबंध तंत्र ने समस्या पर गंभीरता से विचार कर उसका निस्तारण किया है। संस्था के संस्थापकों द्वारा विद्यालय के उन्नयन और सर्वोच्च मुखी विकास के लिए जो स्वप्न देखा गया है उस स्वप्न को साकार करने के लिए शिक्षकों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ तैयार रहना है। बच्चो को अच्छी और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए शिक्षकों को प्रतिबद्ध होना चाहिए। प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी में विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था में सुधार हेतु उपस्थित शिक्षकों को सुझाव दिया और संगोष्ठी में आए हुए सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों को आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

एमजीएस इंटर कालेज में शैक्षिक उन्नयन के लिए आयोजित संगोष्ठी हुई संपन्न

एमजीएस में जेईई, नीट और सामान्य ज्ञान के लिए स्पेशल कक्षाएं चलेगी-डॉ विनोद कुमार सिंह

सुल्तानपुर। एमजीएस इंटर कालेज में शैक्षिक उन्नयन एवं विकास के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि ठाकुर संजय सिंह,अध्यक्ष, क्षत्रिय शिक्षा समिति और डॉ विनोद कुमार सिंह, प्रबंधक, एमजीएस इंटर कालेज इंटर कालेज, सुल्तानपुर रहे। सर्वप्रथम संजय सिंह ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात प्रबंधक विनोद कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर संगोष्ठी का प्रारंभ किया गया। प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ विनोद कुमार सिंह को आमंत्रित किया। डॉ विनोद कुमार सिंह ने सर्वप्रथम नवीन शैक्षिक सत्र के प्रारंभ होने की शुभकामना और बधाई देते हुए कहा की विद्यालय में शिक्षकों की समस्या के निस्तारण के लिए वरिष्ठ शिक्षकों का एक ग्रीवांश सेल बनाया जाय। जिसके द्वारा शिक्षकों की समस्या का समन्वयात्मक तरीके से समाधान किया जा सके। विद्यालय में सह शिक्षा के प्रारंभ होने से अनुशासन समिति का दायित्व एवं कार्य बढ़ गया है। हमारे विद्यालय का वातावरण अनुशासित है। इसी अनुशासित वातावरण को छात्रों के व्यवहार में उतारना है। वर्तमान सत्र कक्षा 9 और 11 में इंग्लिश मीडियम कक्षा भी संचालित हुई है। जिसमे प्रवेश, प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। विद्यालय में जेईई, नीट और सामान्य ज्ञान से संबंधी आदि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यालय के शिक्षक एवं बाह्य विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित कर स्पेशल कक्षाएं संचालित की जाएगी। विद्यालय की पहचान हम सब के व्यवहार और अच्छे कार्य से होती है। हमे अपने विद्यालय की पुरातन कार्यशैली में सकारात्मक परिवर्तन कर उसे शैक्षिक दृष्टि से सुगम और सरल बनाना है। विद्यालय में प्रीतिदिन शिक्षण का प्रारंभ राष्ट्रगान और समापन राष्ट्रीय गीत से किया जाय। राकेश कुमार सिंह, दीपक सिंह, श्यामलाल आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। सर्वादीन पांडेय पूर्व प्रधानाचार्य भरखरे ने गीत गाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। डॉ अम्बरीष सिंह ने विद्यालय के भौतिक संसाधन की स्थिति के बारे में प्रबंधक को बताया। उप प्रधानाचार्य विचित्र वीर सिंह ने प्रबंधक के सभी सुझावों को शिक्षक एवं कर्मचारियों के प्रतिनिधि के रूप में आश्वस्त करते हुए कहा की आपकी जो योजना और सुझाव है उसे हम सब मिलकर धरातल पर मूर्त रूप देंगे। संगोष्ठी के अन्त में ठाकुर संजय सिंह ने कहा की विद्यालय का प्रबंधतंत्र कभी भी किसी शिक्षक एवं कर्मचारी के खिलाफ नहीं रही है। किसी भी शिक्षक एवं कर्मचारी की कोई भी समस्या कभी आयी है तो प्रबंध तंत्र ने समस्या पर गंभीरता से विचार कर उसका निस्तारण किया है। संस्था के संस्थापकों द्वारा विद्यालय के उन्नयन और सर्वोच्च मुखी विकास के लिए जो स्वप्न देखा गया है उस स्वप्न को साकार करने के लिए शिक्षकों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ तैयार रहना है। बच्चो को अच्छी और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए शिक्षकों को प्रतिबद्ध होना चाहिए। प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी में विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था में सुधार हेतु उपस्थित शिक्षकों को सुझाव दिया और संगोष्ठी में आए हुए सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों को आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियो के संबंध में बैठक

जौनपुर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियो के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।

उन्होंने सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत सौपे गए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता एवं गंभीरता से करें। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त बूथों की बिल्डिंग के बाहर एवं अन्दर वाल पेंटिंग शीघ्र पूर्ण कराया जाए और फार्म-6 के प्राप्त आवेदन को निस्तारित कराया जाए, सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों को समयावधि में निस्तारित कराएं। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्मिकों का डाटाबेस, समस्त बूथों पर आवश्यक सुविधाएं, निर्वाचन सामग्री, पार्टी रवानगी स्थलों पर की जाने वाली तैयारियां, कार्मिकों का प्रशिक्षण, रेंडमाइजेशन की तैयारी, कार्मिकों के बेहतर ट्रेनिंग की व्यवस्था, प्रशिक्षण ड्यूटी में लगे कार्मिकों के मतदान की व्यवस्था, मतगणना की कार्य योजना, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बूथों पर की जाने वाली व्यवस्था, शांति व्यवस्था, नामांकन स्थलों, पार्टी रवानगी, अति संवेदनसील बूथों, 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं व दिव्यांग मतदाताओं को 12डी फार्म वितरित कराये जाने सहित निर्वाचन के दृष्टिगत समुचित वाहनों का प्रबंध, निर्वाचन लेखन सामग्री आदि की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि जिनका एपिक कार्ड खो गया है उनको बीएलओ के माध्यम से फार्म-8 उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने तहसीलदार मड़ियाहूँ को एनजीपीएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किये जाने पर चेतावनी जारी करने का निर्देश दिया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वि/रा. राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्रनन्दन, समस्त उपजिलाधिकारीगण, तहसीलदारगण सहित अन्य संबंधित प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

चौकीदार का असामयिक निधन परिजनों में शोक

सुलतानपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी चौकीदार की रविवार शाम अचानक तबीयत खराब होने पर पारिवारीजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए।जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। निधन की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र में कार्यरत चौकीदारों व शुभचिंतकों में शोक के लहर व्याप्त हो गई। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के भेवतरी मुईली गांव निवासी दयाशंकर उपाध्याय (55)वर्ष पुत्र रामसरन उपाध्याय जयसिंहपुर कोतवाली में करीब दो दशक से अधिक समय से बतौर चौकीदार सेवा दे रहे थे।गंभीर अवस्था में उपचार के दौरान अचानक दिल का दौरा पड़ने से देर शाम चौकीदार दयाशंकर उपाध्याय(55)वर्ष का निधन हो गया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अवैध अतिक्रमण को रोकने तथा अतिक्रमण हटाने संबंधी बैठक संपन्न

जौनपुर। जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में अवैध अतिक्रमण को रोकने तथा अतिक्रमण हटाने संबंधी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण रोकने हेतु सरकारी जमीन का साइन बोर्ड लगाएं। तहसीलदार सदर के द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के मीटिंग में अनुपस्थित रहने पर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियो को निर्देशित किया कि महत्वपूर्ण प्रकरणों को संज्ञान में लेकर मौके पर जाकर स्वयं निस्तारित कराना सुनिश्चित करे।

उन्होंने निर्देशित किया कि कोर्ट में लंबित मुकदमों को निस्तारित करने में शिथिलता न बरतें। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील परिसर में नियमित साफ-सफाई हो, सिटीजन सर्विसेज अच्छी रहें तथा फाइलों का रख-रखाव सुव्यवस्थित रखे।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वि/रा. राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्रनन्दन, समस्त उपजिलाधिकारीगण, तहसीलदारगण सहित अन्य संबंधित प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

शातिर चोर गिरफ्तार,2 लाख नगद व एक किलो सोने के आभूषण व बिस्कुट बरामद

गाजियाबाद। क्रासिंग रिपब्लिक थाने की पुलिस ने मंगलवार को दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो करोड़ सात लाख की नगदी व एक किलो सौ ग्राम सोने के आभूषण व सोने के बिस्कुट बरामद हुए हैं।

डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद्र यादव ने बताया क थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक की चोरी की घटना मे वांछित चल रहे दो शातिर चोरों सुनील कुमार निवासी निवासी डी 208 शिव बिहार थाना मोदीनगर,चंद किरण उर्फ बन्टी निवासी महेश मार्ग मोदीनगर को तिगरी गोल चक्कर के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि पीआरवी 2143 से समय 12.20 बजे सूचना प्राप्त हुई कि अजनारा मार्केट क्रोसिंग रिपब्लिक स्थित एक दुकान का गेट खुला हुआ है ।जिसमे कुछ पैसा एक थैला मे रखा हुआ है। जिस सूचना पर थाना क्रोसिंग रिपब्लिक पुलिस द्वारा पहुँच कर मौके पर फील्ड यूनिट को बुलाया गया एवम् रुपये (कुल 12लाख 90 हजार रुपये -) मिले जिनको सील करके थाना स्थानीय पर दाखिल किया गया था। जिसके पश्चात एक शख्स ने को 22 लाख रुपये एवं जेवर की चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी ।

अभियोग पंजीकरण के बाद सीसीटीवी फुटेज एव मुखबिर की सूचना के आधार पर यह साबित हुआ कि घटना को 17मार्च को अंजाम दिया गया और दुकान से पैसा बैगों में निकाल लिया गया था। आरोपियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिये घटना करते समय हैल्मेट पहन कर एवम् मुँह बांध कर पैसों से भरे 04 बैग निकाले गये थे। अभियोग की गहन विवेचना तथा घटना के अनावरण हेतु सघन प्रयास करते हुये सीसीटीवी फुटेज से अभियुक्तों का पीछा गया सर्विलांस की मदद से इस घटना का सफल अनावरण किया गया । ।

घटना के अतुल पाण्डेय, अरुण कुमार व नितिन को पूर्व मे गिरफ्तार कर तथा उनके कब्जे से 1करोड़9 7लाख रुपये बरामद कर जेल भेजा जा चुका है ।

पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि अभियुक्त बंटी उर्फ चन्द किरण के ससुर अतुल पाण्डेय विकास जैन के यहां नौकरी करते थे । उसी के सहारे से हम लोग विकास जैन के घर व दुकान पर आते जाते रहते थे और अतुल पाण्डेय को जैन के कैश के लेन देन की सारी जानकारी रहती थी । उन्होंने इस घटना से पहले भी जैन के यहां से थोडे थोडे रुपयों की चोरी की थी जो उसे पता नहीं चल सका था उसके बाद अतुल पाण्डेय का लालच बढता गया और उन्होंने डुप्लीकेट चाबी बनाकर हमको दे दी और हम दोनों ने योजना बनाकर अजनारा मार्केट में विकास जैन की दुकान से नोटों के बैग चोरी कर लिए थे। इस लूट का

जेसीआई जौनपुर युवा का प्रथम शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

आकाश केशरवानी के नेतृत्व में युवा टीम समाज में अपनी अलग पहचान बनायेगी-डा. आलोक यादव

जौनपुर। जेसीआई जौनपुर युवा का पहला शपथ ग्रहण समारोह जेसीआई चेतना की अध्यक्ष मीरा अग्रहरी की अध्यक्षता में नगर के एक होटल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात मीरा अग्रहरी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके उपरांत शिखर माहेश्वरी ने संस्थापक अध्यक्ष आकाश केशरवानी का परिचय दिया व मीरा अग्रहरी ने आकाश केशरवानी को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। आकाश केशरवानी ने अपना स्वीकृति उद्बोधन दिया और बताया कि आज जो बीज बोया गया है वह एक दिन विशाल वृक्ष बनेगा। मंडल उपाध्यक्ष शिवम सिंह ने नए सदस्यों को सदस्यता की शपथ दिलाई। उपस्थित सभी सदस्यों व अथितियों ने अध्यक्ष आकाश केशरवानी को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात आकाश केशरवानी ने अपनी कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक यादव ने कहा कि अध्यक्ष आकाश केशरवानी के नेतृत्व में युवा टीम समाज में अपनी अलग पहचान बनाएगी। मुख्य वक्ता पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि आप सभी युवा टीम पर एक बड़ी जिम्मेदारी है और सभी का जोश देखकर लग रहा है कि युवा टीम समाज को एक नई दिशा दिखायेगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडलाध्यक्ष आलोक सेठ ने कहा कि युवा के शुभारंभ का सारा श्रेय संस्थापक गौरव सेठ को देता हूं जिनके अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है। साथ ही पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पर बड़ी जिम्मेदारी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप इसे बखूबी निभाएंगे।

इस अवसर पर कार्यक्रम सह संयोजक शनि सेठ, डॉ. नैंसी गुप्ता, सचिव नयन श्रीवास्तव %मोहित%, कोषाध्यक्ष श्वेता शॉ, अध्याय की प्रथम महिला सौम्या केशरी, लेडी जेसी चेयरर्सन आंचल जायसवाल, जितेंद्र सेठ, रितुल पाठक, मानस गुप्ता, अमन ज्योति अस्थाना, अवनीश रश्मि केशरवानी, आबिष इमाम, अभिषेक सलोनी अग्रहरी, राहुल प्रजापति, अमन साहू, स्वतंत्र मौर्य, नितेश आकांक्षा साहू, सत्यम साहू, अभिषेक मौर्य, खुशबू, अभिषेक बैंकर, शिवेंद्र दीक्षा गुप्ता, सर्वेश सिंह, श्रेयश जायसवाल, मृणालिनी शिवाजी, शुभम साहू, समाजसेवी सोमेश्वर केशरवानी, जागेश्वर केशरवानी, सुरेश अग्रहरी, संजय गुप्ता, कृष्ण कुमार जायसवाल, सर्वेश जायसवाल, प्रकाश सेठ, संतोष अग्रहरी, मेघना रस्तोगी, नीतू गुप्ता, चारु शर्मा, कल्पना केशरवानी, मधु गुप्ता, रीता कश्यप, अजय गुप्ता, डॉ. मदन मोहन वर्मा, सुरेन्द्र अग्रहरी, अजय गुप्ता, मधुसूदन बैंकर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक गौतम सेठ ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मेले की व्यवस्था में गड़बड़ी करने वालों पर पैनी नजर- पीयूष मोर्डिया

नवरात्रि के प्रथम दिन एडीजी वाराणसी ने विंध्याचल मेले की व्यवस्था का लिया जायजा

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन पीयूष मोर्डिया ने चैत्र नवरात्र मेला विन्ध्याचल को निर्बाध एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से नवरात्र के प्रथम दिन विन्ध्याचल मेला क्षेत्र, माँ विन्ध्यवासनी मंदिर, माँ अष्टभुजा मंदिर व माँ काली खोह मंदिर परिसर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । उनके द्वारा ड्यूटी पर लगे पुलिस के कर्मचारियों का ड्यूटी पांइट चेक करते हुए मनोयोग, निष्ठा, सतर्कता व दर्शनार्थियों के प्रति सुरक्षा व सद्भाव से ड्यूटी करने की हिदायत दी गयी। मेला क्षेत्र में बनाये गये हेल्प डेस्क व कन्ट्रोल रूम से दर्शनार्थियों को पर्याप्त मदद की जा रही है कि नहीं यह भी परखा। विन्ध्याचल गंगा घाट पर सुरक्षा के दृष्टिगत सुरक्षा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते समय सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कहा कि ड्यूटी के समय पूरी सतर्क दृष्टि रखी जाय। अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सतर्क दृष्टि के साथ अधिकारियों का चक्रमण यदि ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की कार्य क्षमता को बढ़ाता है तो वहीं गड़बड़ी करने वालों में भय भी पैदा करता है। उनके निरीक्षण के समय उनके साथ पुलिस उप महानिरीक्षक आर पी सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, नगर क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार गुप्त सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एक अनुमान के अनुसार नवरात्रि के प्रथम दिन लगभग तीन लाख श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेका। पूरे विंध्य क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अनुष्ठान करने वाले भक्त अपना डेरा डाले हुए हैं।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 278/21
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन भारत लाल आदि बनाम राम आसरे
बनाम
राम आसरे आयु लगभग 50 साल पुत्र राम सुन्दर निवासी ग्राम मढ़रामऊ पा0 अमरगढ़ पर0 0 तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 10.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 10.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी जीवन बीमा पालिसी संख्या 310936905 मे मेरा नाम प्रबल कुमार तिवारी 31 आनन्दी कृष्ण तिवारी दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम आदित्य तिवारी सुत अनादी कृष्णा तिवारी बड़ा पुरवा मोहनगंज जिला प्रतापगढ़ 230002

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 3043184 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1311215 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र व स्नातक प्रथम वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2182688 व द्वितीय वर्ष 2014 अनुक्रमांक 141590030034 व तृतीय वर्ष 2015 अनुक्रमांक 2481404 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है।

प्रवेश कुमार यादव
पुत्र हीरालाल यादव
पता चकरामचन्द्रपुर देवकली पट्टी प्रतापगढ़

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है माध्मिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2034527 व इंटर मीड़िएट परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1504492का मूल प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है।

नाम - रमेश यादव
माता का नाम - अनारा देवी
पिता का नाम - बाबू लाल
ग्राम - दसियाभानपुर
पोस्ट - मुआर आधारगंज
थाना - रानीगंज
जिला - प्रतापगढ़ उ0प्र0
पिन 230304
मो 7523821808

पेयजल समस्या निस्तारण के लिए कंट्रोल रूप स्थापित

चित्रकूटः जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म ऋतु में उत्पन्न पेयजल समस्या के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए जनपद स्तरीय अधिशासी अभियंता खंड कार्यालय उप्र जल निगम (ग्रामीण) कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। साथ ही पेयजल समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नामित कर मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं।

अधिशाषी अभियंता खंड कार्यालय उप्र जल निगम (ग्रामीण) आशीष भारती ने बताया कि अधिशाषी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम खोले गए हैं। जहां सहायक अभियंता बिस्मिल्लाह मोबाइल नंबर 7460812903 एवं जूनियर इंजीनियर नित्यानंद गुप्ता मोबाइल नंबर 8127565036, 9451565036 को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने सभी आम जनमानस से अपील की है कि ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जारी किए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर पेयजल से सम्बन्धित शिकायत को रजिस्टर्ड करा सकते हैं।

बच्चों को समझाया मतदान का तरीका

चित्रकूटः यूपीएस चित्रवार में मंगलवार को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से मीना मंच का गठन किया गया। जिसमें बच्चों को मतदान करने का तरीका समझाया गया। साथ ही निष्पक्ष, पारदर्शी और मतदान की गोपनीयता को प्राथमिकता देते हुए मतदान कार्मिकों ने अपने दायित्व को निभाते हुए शान्ति पूर्ण ढंग से मतदान जागरूकता कार्यक्रम को सम्पन्न कराया।

(फार्म नं0 2)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 88/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सलमा आदि बनाम अब्दुल कलाम
बनाम
अब्दुल कलाम उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र मो0 हनीफ नि0 ग्राम व पोस्ट कंजा सराय गुलामी थाना पट्टी तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ उ0प्र0
अ0 धारा 125 सी0आर0पी0सी0
तारीख पेशी 12.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 12.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

हाई कोर्ट इलाहाबाद लखनऊ बेन्च, लखनऊ
दीवानी विभाग अपील क्षेत्राधिकारी (1906 के एक्ट 5 आदेश 41 एवं नियम 4)
अपील संख्या- द्वितीय अपील नं0 452 सन् 2006
राम आसरे एवं अन्य..... अपीलकर्ता
प्रति
पुद्दन एवं अन्य..... उत्तरदायी
अपील विरूद्ध सिविल अपील नं0 13 सन् 1997 पुद्दन बनाम राम आसरे न्यायालय अपर जिला जज कक्ष सं0-2
स्थान प्रतापगढ़ दिनांक 4.11 सन् 2006 ई0 जी की ओ एस नं0 74 सन् 1991 में दिया/दी गई है।
1/1/1 (1) श्रीमती राजकुमारी आयु 60 वर्ष पत्नी स्व0 विजय प्रताप 2. श्री कमलेश आयु लगभग 35 वर्ष सुत स्व0 विजय प्रताप 3. श्रीमती लक्ष्मी आयु लगभग 30 वर्ष पुत्री स्व0 विजय प्रताप पत्नी श्री अश्वनी कुमार निवासी ग्राम करकेतपुर करनी तह0 फूलपुर जिला प्रयागराज 4. श्रीमती दीपशिखा आयु लगभग 26 वर्ष पुत्री स्व0 विजय प्रताप 5. श्री कौशलेन्द्र आयु लगभग 26 वर्ष सुत विजय प्रताप निवासी 1, 3, 4 और 5 ग्राम सराय सुल्तानी पोस्ट रानीगंज पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
...उत्तराधिकारी के नाम चूंकि ऊपर लिखे हुए मुकदमें में अपीलकर्ता ने.....न्यायालय ..... स्थान ..... के ..... विरूद्ध उपस्थिति की है अतः आपको आदेश दिया जाता है कि आप अपील का उत्तर देने के लिए दिनांक 29.04.2024 को या उससे पहले आकर उपस्थित हो अन्यथा अपील की सुनवाई नियमानुसार विज्ञपित किसी और दिन होगी।
विदित हो कि आप ऊपर लिखे दिनांक पर या उससे पहले स्वयं अथवा किसी एडवोकेट या ऐसे व्यक्ति द्वारा जो आपकी से कार्य करने के लिये कानूनन अधिकृत हो उपस्थित न होंगे तो उस प्रार्थना पत्र की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में हो जायेंगे।
आपको सूचित किया जाता है कि किसी मौलिक डिग्री से जो प्रथम अपील होती है उनसे यदि अपील सरसरी तौर से समाप्त हो जाये तो उसके दोनो पक्ष वालों की एक पत्र पुस्तिका (पेपर बुक) तैयार करती होती है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है नियमावली में दिये गये समय के भीतर कागजी अनुवाद और छपाई के लिये प्रार्थना पत्र आ जाये और अनुमति व्यय भी जमा हो जाये।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर से आज दिनांक 03.04.2024 को जारी किया गया।

डिप्टी रजिस्ट्रार
इलाहाबाद/लखनऊ

समाज और संस्कृति के बीच तादात्म्य न रहे तो राष्ट्र विखंडित हो जाता है- रास बिहारी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत सह कार्यवाह रासबिहारी लाल ने कहा है कि वह राष्ट्र खंड खंड हो जाता है जहां का समाज अपनी परंपरा और संस्कृति के प्रति उदासीन होता है। यह उद्गार उन्होंने सिटी क्लब में संघ द्वारा आयोजित वर्ष प्रतिपदा उत्सव में व्यक्त किए।

उन्होंने आगे कहा कि देश की शक्ति का आकलन समाज और संस्कृति से होता है और इसके आधार पर चलने वाला देश निरंतर मजबूती से आगे बढता है। जिस भी देश ने समाज और संस्कृति की उपेक्षा की, वह अस्तित्वहीन हो गये। सोवियत संघ का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यह देश 1917 में बना और 1990 के पहले ही खत्म हो गया तथा इससे 15 देश अलग हो गये, क्योंकि यह देश समाज और संस्कृति की शक्ति नहीं खडी कर पाया। यदि सोवियत संघ में भी आरएसएस जैसा संगठन होता तो निश्चित ही आज भी उसका अस्तित्व रहता। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का सौभाग्य है कि यहां समाज और संस्कृति की रक्षा के लिए आद्य सरसंघचालक डा. हेडगेवार ने आरएसएस की स्थापना की जो निरंतर उस मार्ग पर चल रहा है। इस ध्येय पथ पर चलने के कारण ही संघ को राष्ट्रभक्त निर्माण का कारखाना कहा जाता है जहां साधारण को योग्य तो बनाया जाता है किन्तु व्यक्ति को चेहरा नहीं बनाया जाता और कार्यकर्ता आजन्म विचारधारा के पीछे चलता रहता है जिसका एकमात्र मार्गदर्शक गुरू भगवा ध्वज है।

उन्होंने कहा कि चतुर्थ सरसंघचालक प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह ऊर्फ रज्जू भैया ने कहा था कि देश के संपूर्ण समस्याओं का एकमात्र समाधान प्रखर राष्ट्रवाद है।

ऐसे सिद्धांत पर निरंतर चलने की प्रतिबद्धता और सोच के साथ स्वयंसेवक आगे बढ रहे हैं। उन्होने ये भी कहा कि डाक्टर हेडगेवार जी ने स्वयं को स्थापित न कर, संगठन को सर्वोपरि रखा और आज यह दुनिया का सबसे बडा संगठन 80 देशों में है और इसके 40 से अधिक अनुषांगिक संगठन हैं। उन्होने कहाकि आद्य सरसंघचालक के जन्म दिवस एवं हिन्दू नववर्ष के अवसर पर हम हम सभी समाज को संघ से जोड़कर राष्ट्रवाद पैदा करने का संकल्प लें। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ की परंपरा के अनुसार घोष वादन के साथ आदि सर संघचालक प्रणाम और भगवा ध्वज के आरोहण के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह लखन अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर संघ के काशी प्रान्त के प्रान्त सामाजिक सद्भाव प्रमुख शिवमूर्ति, जिला संघचालक शरद चंद्र उपाध्याय, प्रांत घोष प्रमुख मिलन कुमार, सह विभाग संघचालक धर्मराज, विभाग कार्यवाह सच्चिदानंद, विभाग प्रचारक प्रतोष, केशव नाथ तिवारी आदि पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहे।

जिला कारागार में ज्ञानवर्धक युग साहित्य पुस्तकालय की हुई स्थापना

चित्रकूटः बंदी सुधार अभियान के तहत मंगलवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार ने चित्रकूट जिला कारागार में ज्ञानवर्धक युग साहित्य पुस्तकालय की स्थापना की।

गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि सदुरु और सदसाहित्य ही सच्चे मित्र होते है। जो जीवन की हर राह पर ज्ञान का प्रकाश कर हमारा उद्धार करते हैं। इसी भाव से अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आज जिला कारागार में पुस्तकालय स्थापित किया गया है। जिसमें पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित विशेष पुस्तके हारिये न हिम्मत, जिन्दगी हंसते खेलते हुए जियें, निराशा को पास न फटकने दे, विपत्तियों से डरिये नहीं जूझिये, गहना कर्मणोगति कर्म फल का सुनचित, शक्ति संचय के पथ पर, निर्भय बनें शान्त रहें, स्वर्ग नरक की स्वाचालित प्रक्रिया, समयदान ही युग धर्म है, गायत्री के प्रत्यक्ष चमत्कार, आगे बढने की तैयारी आदि पुस्तकों के साथ दुर्बुद्धि हटाकर सद्बुद्धि स्थापित करने वाली पुस्तकों के साथ युग साहित्य की पुस्तकालय स्थापना की जा रही है।

उन्होंने सभी बंदियों को साहित्य स्वाध्याय एवं गायत्री मंत्र लेखन से होने वाले अदभुत लाभों से अवगत कराया। उन्होंने बंदियों को नवरात्रि में साधना के नियमों की जानकारी देते हुए सभी को साधना के लिए प्रेरित किया। मध्य प्रदेश से पहुंचे बंदी साधना अभियान संयोजक प्रेमलाल कुशवाहा ने सभी बंदियों को एक-एक बुराई त्यागने एवं एक अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि उनका यह 112 वां कार्यक्रम है। जिसमें 32 जेलों में पुस्तकालय की स्थापना अभी तक की जा चुकी है। रामशरण कुशवाहा ने सभी बंदियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने उपस्थित भाई बहनों को नवरात्रि में साधना के नियम बताएं। साथ ही सभी को साधना करने के लिए प्रेरित किया। जेल अधीक्षक शशांक पांडेय ने कहा कि शासन द्वारा जेल में बंदियों के सुधार के लिए निरंतर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। गायत्री परिवार की यह पहल सराहनीय है। यहां आध्यात्मिक पुस्तकों के अध्ययन से बंदियों में सकारात्मक सोच का विकास होगा। साथ ही यहां से निकलने के बाद बंदी समाज में अच्छे कार्य करेंगे।

इस मौके पर भवानीदीन यादव, कमलेश कुमार त्रिपाठी, रामशरण शास्त्री, बृजेश त्रिपाठी, प्रमोद पटेल, राजकुमार ओझा, सुधा तिवारी, निधि, सुधीर द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त शिक्षकों को अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित

चित्रकूटः उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में मंगलवार को ब्लाक इकाई मानिकपुर द्वारा कृषक इण्टर कॉलिज भौरी में सेवानिवृत सम्मानित शिक्षक उदित नारायण पाण्डेय एवं गुलाब चंद्र को रामचरित मानस, अंग वस्त्र व कामतानाथ की छाया चित्र देकर विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर मानिकपुर ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मिथलेश, उत्तर प्रादेशिय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय, जिला मंत्री नारायण सिंह, संयुक्त मंत्री आराधना सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक शुक्ला, कोषाध्यक्ष हरिशंकर त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता संकल्प पाण्डेय, केदारनाथ मिश्र, अमित पाण्डेय, रजनीश मिश्रा, रोहिणी मिश्रा, बिहारी लाल सिंह, अशोक तिवारी, सुनील मिश्रा, शहनाज बनो, पूजा नामदेव, शिवबोध पाण्डेय, अजय पाल सिंह, संतोष सिंह, हरि किशोर दीक्षित, सुनील द्विवेदी, महेन्द्र कुमार, अजय तिवारी, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

खरीद केन्द्रों में 30 जून तक खरीदे जाएंगे चना, मसूर एवं सरसों

चित्रकूटः जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि मूल्य समर्थन योजना में रबी खरीद वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत सरकारी दलहन एवं तिलहन खरीद केन्द्रों पर सीधे किसानों से चना, सरसों एवं मसूर की खरीद जनपद में की जायेगी। इसके लिए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के आदेश से जनपद में कर्वी मण्डी एवं बसिला मण्डी में क्रय केन्द्र खोले गये है। जहाँ पर 30 जून 2024 तक खरीद की जायेगी। क्रय केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थाए पूर्ण करा दी गयी है और दो-तीन दिनों में खरीद प्रारम्भ कर दी जाएगी। खरीद केन्द्र सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक खुले रहेंगे। वर्ष 2024-25 में चना का समर्थन मूल्य 5440 रूपए प्रति कुंटल, मसूर का समर्थन मूल्य 6425 प्रति कुंटल एवं सरसो का समर्थन मूल्य 5650 प्रति कुंटल निर्धारित किया गया है। 1 क्रय दिवस में 1 कृषक से अधिकतम 25 कुन्तल की मात्रा ही क्रय की जा सकेगी। क्रय केन्द्रों पर चना, मसूर एवं सरसों बेचने के लिये किसानों का पंजीकरण खरीद अवधि में किया जा सकेगा। जिसमें कृषक की फसल का नाम, आधार नम्बर, बैंक एकाउन्ट नम्बर, मोबाइल नम्बर तथा अन्य अभिलेख सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड किये जायेगे। साथ ही राजस्व विभाग द्वारा फसल का सत्यापन किया जायेगा। कृषकों की धनराशि का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में ई-समृद्धि (एनईएमएल) पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। दलहन, तिलहन खरीद के लिए अपर जिलाधिकारी को जिला खरीद अधिकारी नामित किया गया है। खरीद सम्बन्धी किसी भी समस्या के लिये कृषक बन्धु जिला प्रबन्धक, पीसीएफ चित्रकूट के कार्यालय या उनके मोबाइल नम्बर 8765985024 या 6393232358 पर सम्पर्क कर सकते है। दलहन, तिलहन खरीद में कृषक बन्धु अपनी शिकायत सुझाव शासन द्वारा निर्धारित टोल फ्री नम्बर 18001805551 पर भी दर्ज करा सकते हैं।

अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाडी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि उप निरीक्षक परशुराम यादव तथा आरक्षी हरिशरण, सचिन यादव द्वारा रामकृष्ण निवासी बांकी थाना भरुआ सुमेरपुर जनपद हमीरपुर को 2 किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना पहाडी में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

आज होगी मतदाता जागरूकता मैराथन

चित्रकूटः जिला प्रशासन एवं क्षेत्रीय खेल कार्यालय चित्रकूट के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता मैराथन बुधवार को प्रातः 6 बजे धनुष चौराहा से प्रारंभ होगी। यह दौड कामदगिरि रेस्टोरेंट से होते हुए हॉस्पिटल के रास्ते से होते हुए स्टेडियम में समाप्त होगी। जहां पर विजेता खिलाडियों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार ने दी है। उन्होंने सभी खिलाडी, प्रधानाचार्य एवं भाग लेने वालों से अपील की है कि वह बुधवार को प्रातः 6 बजे को धनुष चौराहा पहुंचकर रेस में प्रतिभा करने का कष्ट करें।

प्रतिपदा के दिन से प्रकृति में परिवर्तन - डा.हरिपाल सिंह

खैराबाद सीतापुर खैराबाद नगर के सरस्वती शिशु मन्दिर में किया गया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्कृष्ट स्वयंसेवको द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा उत्सव भारतीय नव वर्ष कार्यक्रम में नगर संघचालक सविनय , मुख्य वक्ता- हरिपाल सिंह ,विभाग संघचालक का उद्बोधन प्राप्त हुआ उन्होंने बताया कि आज के दिन संघ के संस्थापक डा. केशव राव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ था,चैत्र माह में हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है।इस बार हिंदू नववर्ष 09 अप्रैल से प्रारंभ है।हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन का महत्व इसलिए ज्यादा है कि उस दिन ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। भारत वर्ष में प्राचीन काल से चली आ रही काल गणना उसी दिन से प्रारंभ होती है। सम्राट विक्रमादित्य ने आक्रमणकारी शकों को पूर्ण रूप से पराजित कर भारत से निष्कासित किया और उसकी याद में विक्रम संवत प्रारंभ किया।

6 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का किया अनावरण

चोरी के मोबाइल व नगदी के साथ दो गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री मेवालाल मौर्या द्वारा 06 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये 02 चोरों को चोरी के मोबाइल व नगदी के साथ गिरफ्तार किया गया ।

कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बतया कि बीते सोमवार को गणेश शर्मा पुत्र बद्री प्रसाद शर्मा निवासी सिंचाई कॉलोनी डबरा जनपद ग्वालियर मध्य प्रदेश द्वारा कोतवाली कर्वी में सूचना दी गयी कि वह कामतानाथ दर्शन करने के लिए आए थे कि रामघाट पर अज्ञात चोरों ने उनका मोबाइल तथा नगदी चोरी ली है। इस सूचना पर थाना कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी ने घटना को संज्ञान लेकर सीतापुर चौकी के उप निरीक्षक मेवालाल मौर्या को घटना के अनावरण के लिए लगाया। उप निरीक्षक मेवालाल मौर्या तथा आरक्षी रविशंकर द्वारा अखिलेश पाल निवासी कसहाई रोड, लकी रैकवार निवासी शंकर बाजार को चोरी के मोबाइल तथा 490 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी के सामान बरामद की के आधार पर मुकदमे में बढ़ोतरी की गयी।

नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 10 साल का कारावास

चित्रकूटः नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 5 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बीते 11 अप्रैल 2020 को वादी ने थाना मारकुण्डी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के ने बताया कि छोटे यादव उर्फ चन्द्रकमल ने उसकी नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म किया है। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने दोष सिद्ध होने पर छोटे यादव उर्फ चन्द्रकमल को 10 वर्ष कठोर कारावास के साथ 5 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दिण्डत किया गया।

गला काटकर पत्नी की हत्या करने के मामले में हत्यारोपी पति को उम्र कैद की सजा

चित्रकूटः लगभग 11 माह पूर्व कुल्हाड़ी से गला काटकर पत्नी की हत्या करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10000 रूपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि मऊ थाना क्षेत्र के शेषा सुबकरा गांव में लगभग 11 माह पूर्व हुई इस घटना के मामले में मृतका के पिता राजापुर थाने के रगौली गांव के निवासी विफई निषाद ने मऊ थाने में बीती 5 मई 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में वादी ने कहा था कि 5 मई 2023 को सबेरे 4 बजे जानकारी दी गई कि उसकी बेटी श्यामवती को दामाद शेषा सुबकरा निवासी लालचंद्र ने जान से मार दिया। वादी के अनुसार हत्यारोपी ने श्यामपति की गर्दन में कुल्हाड़ी से कई वार किए और उसे मौत के घाट उतारने के बाद फरार हो गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। साथ ही अभियोजन पक्ष ने बेहद कम समय में प्रभावी पैरवी की थी। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को सत्र न्यायाधीश ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी पति लालचंद्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया। निर्णय के बाद आरोपी को सजा भुगतने के लिए जिला कारागार भेज दिया गया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

प्रेस वार्ता कर कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किया गया घोषणा पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लोकसभा चुनाव 2024 का घोषणा पत्र जारी करने के लिए कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारों को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय दुबे ने सम्बोधित किया। प्रेस वार्ता में मुख्य रुप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी एवं शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, प्रवक्ता महताब आलम, ए.आई.सी.सी. कोऑर्डिनेटर लोकसभा रायबरेली इन्दल कुमार रावत, प्रदेष सचिव/प्रभारी रायबरेली फिरोज अहमद खान, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, शैलजा सिंह, मोहित मौर्या, अम्बरीष बाजपेयी, आयुष द्विवेदी, जनाब हाफिज रियाज, रमाकांत सिंह, विजय पटेल, ओम प्रकाष पाल उपस्थित रहे। जननायक राहुल गांधी ने अपनी यात्राओं (भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ो न्याय

यात्रा) के दौरान लगभग 10 हजार किलोमीटर से अधिक चलने के दौरान देश और समाज के प्रत्येक वर्ग से बातचीत की और समझने का प्रयास किया कि उनकी समस्याएं क्या हैं, और उनकी आकाक्षाएं क्या है। उन आकाक्षाओं के अनुरूप कांग्रेस का घोषणा पत्र देश की जनता ने तैयार किया है जिसका नाम ''न्याय पत्र'' रखा गया है। यह न्याय पत्र भारत की जनता के दुख दर्द और चुनौतियों के लिए जवाब है।न्याय की बुनियाद का मूल मंत्र होगा वर्क-वेल्थ-और वेलफेयर अर्थात नौकरी, धन-संसाधन और जनकल्याण जनपद रायबरेली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे जी ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इस लोकसभा चुनाव में 5 न्याय (हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय) के तहत 25 गारंटियों के माध्यम से देश की तस्वीर बदलने का संकल्प लेती है। श्री दुबे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किया गया न्याय पत्र आप सभी सम्मानित पत्रकारों के सम्मुख रखा जा रहा है। आज यूपी के लिए इस न्याय पत्र की प्रासंगिकता सार्वाधिक है। बीते वर्षो में भाजपा की यूपी और केंद्र सरकार ने देश और प्रदेश के सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक और संवैधानिक ताने बाने को तहस नहस कर दिया है। किसानों को आमदनी से, युवाओं को रोजगार से, महिलाओं को सुरक्षा के भाव से और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को समृद्धि से वंचित कर दिया है। श्री अभय दुबे ने कहा कि कुछ मुट्ठी भर लोगों को बेपनाह दौलत दी गई और देश के वंचित वर्ग को अन्याय और अत्याचार के दल दल में धकेल दिया गया है। कांग्रेस पार्टी संकल्प लेती है कि भाजपा के इस अन्याय को खत्म कर हम इंडिया गठबंधन के न्याय का राज स्थापित करेंगे। श्री दुबे ने बताया कि कांग्रेस हिस्सेदारी न्याय के तहत कांग्रेस पार्टी जातीय जनगणना करायेगी तथा एस0सी/एस0टी0 एवं ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित सभी रिक्त पदों को एक साल में भरा जायेगा। कांग्रेस सरकार आने बनने पर संविदा कर्मियों का नियमितीकरण होगा। साथ ही अलपसंख्यक वर्ग के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी, आदि में बिना किसी भेदभाव के उचित अवसर प्रदान किये जायेंगे।

मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री मजदूर संघ ने हर्षोल्लास से मनाया भारतीय नव वर्ष

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री मजदूर संघ के तत्वाधान में आज फैक्ट्री गेट न-2 में सुबह से कर्मचारियों को चंदन कुमकुम का टीका लगाकर व गुलाब का फूल देकर भारतीय नववर्ष व चौत्र नवरात्रि की सभी को शुभकामनाएं दीप् इस उपलक्ष्य पर एमसीएफ मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने चौत्र शुक्ल प्रतिपदा की महत्ता को उजागर करते हुए बताया कि इसी दिन को धरती के सृजन की वर्षगांठ माना जाता है और भगवान श्री राम का जन्म भी नवरात्र के पावन अवसर रामनवमी को हुआ था। वही महामंत्री एमसीएफ मजदूर संघ सुशील गुप्ता ने बताया कि इसी दिन से नया विक्रम संवत् प्रारंभ होता है और आज से विक्रमी संवत 2081 प्रारंभ हो गया है। इसके उपरांत एमसीएफ में नये ज्वॉइन किये प्रधान

मुख्य मैकेनिकल इंजीनियर विवेक खरे व सीएमएम राजेश तिवारी को एवम प्रधान कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी आरएल यादव व डिप्टी सीईई पीएस मीणा व महाप्रबंधक कार्यालय में सभी कर्मचारियों से मिलकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी।इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह, राजेन्द्र यादव, ज्ञानेंद्र सिंह, अमित साहनी, रामबरन वर्मा, राकेश कुमार, कुणाल रोशन, प्रतीक गुप्ता, राजेश गुप्ता, सचिन साहू, राजेश पाल, अकबाल बहादुर, सुधीर सिंह, जितेंद्र चंदेल, भास्कर भट्ट, रामसन अग्रहरि आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा ने तेजी से शुरू किया बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं का सत्यापन

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली । सरेनी विधानसभा ही नहीं पूरे रायबरेली जनपद में जहां अन्य पार्टिया अभी राजनीतिक हलचल से दूर हैं वहीं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी के निर्देश और जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला महामंत्री शरद सिंह की अगवाई में जनपद के सभी बूथों पर नाम -नेट कार्यकर्ताओं का सत्यापन शुरू हो गया है। जिला अध्यक्ष के द्वारा बड़े पदाधिकारियों को 8 से 12 बूथ आवंटित किए गए हैं जो गांव-गांव बूथ पर पहुंचकर बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों को सत्यापन करने का काम कर रहे हैं ।इसके अलावा भाजपा ने अभी से शक्ति केंद्र स्तर पर नुक्कड़ सभाओं का भी खाका बना लिया है और एक-दो दिन के अंदर नुक्कड़ सभाएं भी न्याय पंचायत स्तर पर शुरू हो जाएंगी। जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी बड़े ही उत्साह और मजबूती के साथ रायबरेली लोकसभा चुनाव लड़ रही है और कांग्रेस को रायबरेली से हराकर यहां की सीट को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालेगी। उन्होंने बताया कि गरीब 150 कार्यकर्ता बूथ सत्यापन में लगाए गए हैं। सरेनी विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी और संयोजक सुशील शुक्ला ने भी क्षेत्र का भ्रमण किया और कहा कि इस विधानसभा में भी आधा सैकड़ा पदाधिकारी लगाए गए हैं।भाजपा बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों की बदौलत रायबरेली की लोकसभा सीट फतेह करेगी। वही जब उनसे प्रत्याशी के बाबत पूछा गया तो उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए कमल का फूल ही प्रत्याशी है और भाजपा पार्टी है ।इसके अलावा चुनाव का चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में मनाया गया वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा लालगंज में आयोजित वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम में पहुंचे सह प्रांत कार्यवाह संजय सिंह ने कहा कि संघ के लिए चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विशेष दिन है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म एक अप्रैल 1889 को हुआ था। वह देशभक्त के साथ ही महान क्रांतिकारी भी थे। उन्होंने हिंदू समाज की एकता और भारत राष्ट्र की अखंडता के लिए1925 में विजयादशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। हर वर्ष हिन्दू नववर्ष को लेकर संघ की ओर से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसके तहत मंगलवार को लालगंज नगर सहित अलग-अलग स्थानों पर पांच सैकड़ा से अधिक स्वयंसेवकों का पूर्ण गणवेश में एकत्रीकरण हुआ। आयोजन में बाल स्वयंसेवकों ने भी बड़ी संख्या

में भाग लिया। सह प्रांत कार्यवाह ने बताया कि भारतीय कैलेंडर विश्व की सबसे प्राचीन कालगणना है, जो लगभग दो अरब वर्ष पूर्व ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना के साथ प्रारंभ हुआ उसी कैलेण्डर को पंचांग नाम से जाना जाता है। हिन्दू परंपरा में जीवन के सभी कार्य एवं कार्यक्रम हमारे पंचांग के अनुसार ही होते हैं। जीवन से लेकर मरण तक एवं सभी शुभ अवसर मुहूर्त हों या वैवाहिक कार्यक्रम, पंचांग की तिथियों के अनुसार ही मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखाओं के माध्यम से जहां कार्यकर्ता का निर्माण करता है वहीं संघ समाज और राष्ट्र को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। संघ स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने वाले हैं। 2025 में संघ शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है। उन्होंने स्वयंसेवकों से संघ कार्य ग्राम पंचायत तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार को आद्य संघ चालक प्रणाम भी किया। प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।इस मौके पर जिला प्रचारक बृजेश, नगर प्रचारक ओम नारायण, विभाग कार्यवाह उधम जायसवाल, नगर कार्यवाह इंद्रेश सिंह, जिला व्यवस्था प्रमुख सतीश त्रिवेदी, सुशील शुक्ला, शीतला गुप्ता,गणेश वाजपेई, राजेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, समर्थ गुप्ता ,अशोक गुप्ता, अनूप पांडे, निरलेश सिंह, मंटू बाजपेई ,राणा गुप्ता ,सचिन रस्तोगी, मेजर दीक्षित आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

लालगंज पुलिस ने चार गैंगस्टर और एनडीपीएस के एक मुलजिम को भेजा जेल

लालगंज रायबरेली। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने अपराधी किस्म के चार मुलजिमों को गैंगस्टर एक्ट के तहत जेल भेजा गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पलटी खेड़ा थाना सरेनी निवासी कैलाश पुत्र रामपाल ,निशांत पुत्र जगत बहादुर, गोविंद पुत्र राम बहादुर और नवरंग सिंह का पुरवा मजरे आलमपुर निवासी पीयूष वर्मा पुत्र सुरेश को गैंगस्टर के तहत जेल भेजा गया है। इसके अलावा पुलिस ने चचिहा मजरे कोरिहरा निवासी नागेंद्र उर्फबबलू पुत्र रामदास को अवैध पोस्ता छिलका बेचने के आरोप में जेल भेजा है। उसके पास से 1100 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। कोई भी अपराध करते पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात कारणों से लगी आग में गाय व शावक गंभीर रूप से झुलसे,मोटरसाइकिल भी हुई क्षतिग्रस्त

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। नगर के वार्ड नंबर 02 आर्य नगर के घेरा गांव में मंगलवार को सायं लगभग 1:00 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई और देखते ही देखते प्रचंड रूप धारण कर लिया। घटना में एक गाय एक शावक गंभीर रूप से झुलस गया। वहीं छप्पर के नीचे खड़ी एक मोटरसाइकिल भी जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया, नहीं तो और बड़ा हादसा हो सकता था।आपको बता दें कि, घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के घेरा गांव की है। जहां मंगलवार की सायं लगभग 1:00 बजे अज्ञात कारणों से मेड़ा देवी पत्नी स्व. श्रीराम

के घर की दीवाल पर रखे छप्पर में आग लग गई। छप्पर के नीचे बंधे मवेशियों एक गाय और एक शावक गंभीर रूप से झुलस गए तो वही मवेशियों की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई जबकि छप्पर के नीचे खड़ी एक मोटरसाइकिल भी जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। आग का प्रचंड रूप देखकर ग्रामीणों में हाहाकार मच गया। आनन-फानन फायर ब्रिगेड विभाग को ग्रामीणों द्वारा जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।मामले में एसडीएम राजितराम गुप्ता ने बताया कि, घटना की जानकारी होते ही मौके पर हल्का लेखपाल विपिन मौर्य को भेजा गया। लेखपाल के द्वारा अब तक छति आकलन की रिपोर्ट 66000 की प्रस्तुत की गई है।

पीड़ित परिवार को सरकार से मिलने वाली सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। गंभीर पशुओं का इलाज चल रहा है।

महराजगंज नगर के वार्ड नंबर 2 आर्य नगर में आगजनी की घटना की जानकारी होते ही क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढाढ़स बंधाते हुए आर्थिक मदद की और उप जिलाधिकारी राजित राम गुप्ता को फोन करके पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा मिलने वाली सहायता राशि मुहैया कराने की बात कही।इस मौके पर विधायक श्याम सुंदर , चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात शाहू, फिरोज अहमद, सोभनाथ वैश्य व नगर सभी सभासद एवं नगर पंचायत की समस्त टीम मौके पर मौजूद रही।

न्यू स्टैडर्ड बालिका विद्या मन्दिर में की गई आदिशक्ति जगदंबा का पूजा-अर्चन

रायबरेली। न्यू स्टैडर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में चौत्र नवरात्रि शुभारम्भ के सुअवसर पर आदिशक्ति जगदम्बा के प्रथम स्वरूप माँ शैलपुत्री के पूजन का कार्यक्रम श्रद्धाभक्ति पूर्वक मनाया गया। नवरात्रि के प्रथम दिन पर विद्यालय के विशाल प्रांगण में माँ शैलपुत्री का आकर्षक दरबार सजाया गया। स्कूल की छात्रा अविका श्रीवास्तव को माँ शैलपुत्री के जीवन्त रूप की मनमोहक झांकी में देखकर उपस्थित अभिभावक एवं अन्य सभी आगन्तुकों का मन मुग्ध हो गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने श्रद्धा-भक्ति पूर्वक माँ का पूजन अर्चन सम्पन्न किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये



गये मातारानी के भक्तिपूर्ण गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में स्कूल के एक्टिविटी इंचार्ज प्रमांशु श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में सार्थक शुक्ला, भावना श्रीवास्तव, अवधेश शर्मा, आशीश कुमार दीपांजलि सिंह, सुप्रिया अवस्थी, माधवी अवस्थी और उनके सहयोगी साथियों का सराहनीय योगदान रहा। अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्य जी ने अपने सम्बोधन में बच्चों से कहा कि नवरात्रि का पर्व शिक्त उपासना का पर्व है। नौ दिनों तक जो श्रद्धा-भक्ति पूर्वक माँ के अनेकानेक रूपों की उपासना करता है, उसे सुख-शान्ति, समृद्धि और बुद्धि-विवेक प्राप्त होता है। माँ का आशीर्वाद आप सभी पर हमेशा बना रहे।

माँ शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ प्रारम्भ हुआ शक्ति आराधना का महापर्व

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला, में माँ शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ हुआ। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने माँ दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की साथ ही माँ दुर्गा के सभी नवों स्वरूपों की भी आराधना की। इस दौरान विद्यालय की एक छात्रा ने माँ दुर्गा का स्वरूप धारण कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया तो वहीं छात्र/छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देवी गीतों ने सबका मन मोह लिया। छात्रा उन्नति ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को चैत्र नवरात्रि की महत्ता बताते हुए माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की उत्पत्ति पर

प्रचलित पौराणिक कथा का वर्णन किया। बच्चों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य महोदय ने कहा कि वासन्तिक नवरात्रि पवित्र चैत्र मास में शक्ति आराधना का महापर्व है, इस महापर्व में माँ शैल पुत्री की आराधना करते हुए शक्ति के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना अनवरत नौ दिनों तक की जाती है इसके साथ उन्होंने यह भी बताया कि चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन से ही हिंदू पंचांग के अनुसार नव वर्ष का प्रारंभ हो जाता है।उन्होंने छात्र-छात्राओं को ऊर्जा संचित करते हुए अपने लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ने की प्रेरणा देते हुए माँ शैल पुत्री से सभी के मंगलमय जीवन की कामना की।इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, धर्मेंद्र शुक्ला,अभिषेक श्रीवास्तव, आरजू यादव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल, एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं , विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

शार्ट सर्किट से लगी आग,25 विस्वा फसल जल कर खाक

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। क्षेत्र के बाबूगंज मजरे अटरा गांव में हाई टेंशन विद्युत लाइन की शार्ट सर्किट वजह से तीन किसानों की 25 विश्वा गेहूं की तैयार खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। आग देख जब तक लोग शोर मचाते और आग पर काबू पाते तब तक तैयार पकी फसल जलकर खाक हो गई।

आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक गांव निवासी अब्दुल अली की दस विश्वा, दयाराम की पांच विश्वा और जगदेव यादव की 10 विश्वा गेहूं की तैयार पकी फसल के बीच से हाई टेंशन विद्युत लाइन गई हुई है। आज दिन में लगभग 10:30 बजे हाई टेंशन लाइन की शार्ट सर्किट से निकली

चिंगारियों से आग लग गई और गेहूं की फसल तेज लपटों के साथ जलने लगी, आग की लपटें देख जब तक ग्रामीण दौड़कर आग पर काबू पाते तब तक तीन किसानों की एक बीघा पांच विश्वा गेहूं की पकी खड़ी फसल जलकर राख हो गई।

आनन-फानन ग्रामीण बाल्टियों में पानी लेकर किसी तरह आग पर काबू पाया नहीं तो सैकड़ो बीघा किसानो की पकी खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो जाती।

उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने बताया कि, घटना की जानकारी मिली है, मौके पर कानूनगो और हल्का लेखपाल को भेजा गया है, किसानों के नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बाद सरकार द्वारा मिलने वाली सहायता राशि दिलाई जाएगी।

मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण 15 से 19 अप्रैल

रायबरेली। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मतदान कार्य में लगाये गये मतदान कार्मिकों को निर्वाचन सम्बन्धी सैद्वान्तिक एवं ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देश दिये गये है कि निर्वाचन को निष्पक्ष, निर्भीक, सकुशल सम्पन्न कराने के लिए समस्त चुनावी गतिविधियों का संचालन विधिवत समझ के साथ ही मतदान कार्मिको/माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण देना जरूरी है।मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने जानकारी देते हुए बताया है कहा कि मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के निर्धारित कक्षों में 15 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024 तक एवं द्वितीय प्रशिक्षण 10 मई से 15 मई 2024 तक दो पालियों में प्रथम पाली 10 से 01 बजे तक द्वितीय पाली 02 बजे से 05 बजे तक ईवीएम एवं वीवीपैट का व्यवहारिक प्रशिक्षण बेहतर तरीके से सम्पन्न कराया जाऐगा। इसी प्रकार माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में 12 मई तथा 15 मई को अपराह्न 04 बजे से सम्पन्न कराया जाऐगा। मुख्य विकास अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि मतदान कार्मिकों/माइक्रो आब्जर्वर के आयोजित प्रशिक्षण हेतु फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज रायबरेली के निर्धारित सभी कक्षों, ऑडिटोरियम सहित अन्य कक्षों की समुचित साफ-सफाई, फॉगिंग, समुचित प्रकाश व्यवस्था, लाउडस्पीकर, डेस व्यवस्था, पीने हेतु स्वच्छ ठंडा पेयजल, गिलास मेज, कुर्सी व अन्य आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री/स्टेशनरी की व्यवस्था निर्धारित प्रशिक्षण तिथि के एक दिन पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर कराना सुनिश्चित करायें।

लालगंज में घंटों का जाम जल्द खत्म होगा - अजय अग्रवाल'

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, रायबरेली। लालगंज तहसील में रेलवे ट्रैक के ऊपर पिछले 6 वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ रायबरेली-फतेहपुर बाईपास ओवर ब्रिज मई माह में पुनः यातायात के लिए खुल जाएगा। भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सह परियोजना निदेशक आर.एस. यादव द्वारा लिखे पत्र में यह बताया गया है। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने बताया कि वह एक अप्रैल को लालगंज क्षत्रिग्रस्त पुल देखने गए थे तथा उसी दिन उन्होंने इस सम्बंध में एक पत्र भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सह परियोजना निदेशक आर.एस. यादव को रायबरेली स्थित उनके कार्यालय में स्वयं जाकर दिया था तथा ओवरब्रिज की मरम्मत का

कार्य तुरंत शुरू करने का अनुरोध किया था द्य इसी के क्रम में उन्हें यह पत्र आज डाक द्वारा प्राप्त हुआ है जो कि निम्न प्रकार है:- ÷महोदय कृपया आपका संदर्भित पत्र दिनांक 01.04.2024 इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है, जोकि, लालगंज तहसील में रायबरेली फतेहपुर बाईपास ओवरब्रिज में रेलवे ट्रैक के ऊपर क्षतिग्रस्त कार्य की मरम्मत के संबंध में है, तत्कर्म में सूचित करना है कि, उक्त उपरिगामी सेतु के पुनः निर्माण के लिए लांचिंग स्कीम का अनुमोदन रेलवे विभाग के स्तर से प्रदान कर दिया गया है द्य अद्धतन, सेतु के पुनर्निर्माण का कार्य प्रगति पर है, जिसे मई माह में पूर्ण किया जाना लक्षित है ।÷भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने कहा कि वह केन्द्रीय राजमार्ग एवं जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी से करीब एक माह पहले मिले थे तथा उनसे उक्त ओवरब्रिज की तत्काल मरम्मत शुरू करने के सम्बन्ध में एक ज्ञापन दिया था जिसपर उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष को तत्काल काम शुरू कराने के आदेश दिए थे द्य भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने आगे कहा कि मई महीने के समाप्त होते-होते लालगंज में जाम की समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी।

मतदाता जागरूकता के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

रायबरेली। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर जनपद में स्वीप कार्यक्रमों के अंतर्गत लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज बसाढ राही के अध्यापकों और छात्रों ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,डलमऊ के स्वास्थ्य कर्मियों ने शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। बेसिक शिक्षा विभाग,छतोह के छात्रों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। कंपोजिट विद्यालय, बनावां में छात्राओं ने मेहंदी से स्लोगन लिखकर मतदान करने का संदेश दिया। कौशल विकास केंद्र के विभिन्न केंद्रों पर भी मतदाता जागरूकता रैलियां निकालकर निर्भय हो मतदान करेंगे,देश का हम सम्मान करेंगे, स्लोगन के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई।

अब तक डाकघरों में 3.02 लाख बेटियों के खोले गए खाते

नवरात्र में बेटियों को उपहार में सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर कराएं कन्या पूजन

नवरात्र में नारी शक्ति को सबल और आत्म निर्भर बना रहा है 'समृद्ध सुकन्या-समृद्ध समाज' अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। नारी सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन की दिशा में %महिला सम्मान बचत पत्र% और %सुकन्या समृद्धि योजना% जैसे अभियान अहम् भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में नवरात्र के दौरान बेटियों का सुकन्या समृद्धि खाता और महिलाओं का %महिला सम्मान बचत पत्र% खुलवाकर अच्छी पहल की जा सकती है। यह उन्हें आर्थिक व सामाजिक दोनों रूप में सशक्त बनाएगा।

सरकार द्वारा %बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ% योजना के अंतर्गत शुरू किए गए %सुकन्या समृद्धि योजना% का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय डाक विभाग द्वारा चलाए गए %समृद्ध सुकन्या समृद्ध समाज अभियान के सकारात्मक नतीजे सामने आ रहे हैं।

शक्ति पर्व नवरात्र नारी-शक्ति की आराधना को समर्पित है। बेटियाँ और महिलाएँ सशक्त होंगी तो समाज भी सशक्त होगा। इसी क्रम में भारतीय डाक विभाग ने %समृद्ध सुकन्या-समृद्ध समाज% एवं %समृद्ध नारी-समृद्ध समाज% अभियान चलाया। प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि प्रयागराज रीजन के 7 जिलों प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अमेठी, मीरजापुर, सोनभद्र में यह अभियान चलाया जा रहा है।

1 अप्रैल, 2023 से आरंभ इस योजना में प्रयागराज परिक्षेत्र में साढ़े पाँच हजार से अधिक महिलाओं ने लगभग 48.92 करोड़ रूपये का निवेश किया है। वहीं %बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ% को मूर्त रूप देते हुए प्रयागराज परिक्षेत्र में अब तक कुल 3.12 लाख बेटियों के सुकन्या समृद्धि खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें गत वित्तीय वर्ष में लगभग 30 हजार बेटियों ने सुकन्या खाते खुलवाए।

77 गांवों को "सम्पूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम" में किया गया तब्दील

प्रयागराज। सरकार के सहयोग से नवरात्र में इस पहल को और विस्तार दिया गया है। योजना शहरी क्षेत्र तक ही सीमित न रहे, ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों को भी इसकी मदद मिल सके इसके लिए ÷सम्पूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम ÷भी बनाए गए हैं।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि अब तक 77 गांवों को संपूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम में आच्छादित किया जा चुका है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत मात्र ` 250 से 10 वर्ष तक की बेटियों का खाता डाकघर में खुलवाया जा सकता है। इसमें 8.2 त्न ब्याज है, जो कि किसी भी लघु बचत योजना से अधिक है।

यह खाता बेटियों की पढ़ाई एवं शादी के लिए एक वरदान की तरह है। आयकर की धारा 80 सी के तहत आयकर में डेढ़ लाख तक की छूट का भी प्रावधान इस खाते में है। सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने के लिए बिटिया के आधार की प्रति और उसके माता या पिता के आधार कार्ड की प्रति एवं दो फोटो के साथ नजदीकी डाकघर में संपर्क किया जा सकता है।

चोरों ने बाइक और ई- रिक्शा को किया पार, पुलिस को तहरीर

नैनी(प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगह से चोरों ने बाइक और ई-रिक्शा को पार कर दिए। भुक्तभोगी के द्वारा घटना की सूचना इलाकाई पुलिस को दी गई, परंतु पुलिस मामले में कोई भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पहली घटना नई बाजार सरगम तिराहे की है।

मिली जानकारी के अनुसार नई बाजार सी.ओ.डी रोड निवासी बड़े लाल माली सरगम तिराहे पर फूल- माला बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बताते हैं, कि सोमवार की रात को तकरीबन 9ः00 बजे दुकान के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने उड़ा दी। इसी तरह स्टेशन रोड हनुमान नगर निवासी गौरी शंकर कनौजिया के घर के सामने खड़े ई- रिक्शा को चोरों ने गायब कर दिया। भुक्तभोगियों के द्वारा घटना की सूचना इलाकाई पुलिस को दी गई, परंतु पुलिस मामले में कोई भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एक ही रात दो जगह पर चोरी की घटना होने से लोगों में नैनी पुलिस के प्रति जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है।

स्कूली बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। आज वंदना कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल लोकपुर के नन्हे बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद मयंक यादव एवम शैलेंद्र मौर्या क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा ,जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, काशी उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सरदार पतविंदर सिंह, स्कूल प्रबंधक अनुज सिंह परिहार, सुधीर प्रजापति, सुनील कुशवाहा प्रदीप कुमार तिवारी, अध्यापिका नेहा मिश्रा एवम अभिभावकगण उपस्थित रहे ।

पार्षद मयंक यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की इस वैज्ञानिक विधि को बच्चे बड़े स्तर पर आगे बढ़ाकर विद्यालय समाज अपने माता पिता और देश का नाम ऊंचा करें। बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे पैथालॉजी लैब, विभाग मौन कौंधियारा (प्रयागराज)। जिले के यमुनानगर मे बैगर रजिस्ट्रेशन के चल रहे पैथोलॉजी लैब एक तरफ सरकार द्वारा नर्सिंग होम, हॉस्पिटल, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब को एक कानून के दायरे में लाने के लिए नर्सिंग होम एक्ट बनाया है लेकिन स्थिति यह है कि स्वास्थ्य विभाग, जिसके पास एक्ट का पालन करवाने का जिम्मा है, वहीं लापरवाही बरत रहा है। एक अनुमान के मुताबिक सिर्फ यमुना नगर के कौंधियारा जारी ,नारी बारी ,गन्ने ,डाँडो समेत अन्य जगहो पर दर्जनों से अधिक पैथालॉजी लैब है। इसमें से मात्र कुछ को ही लाइसेंस जारी हो सका है। बाकी नर्सिंग होम एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन कराना मुनासिब नहीं समझ रहे है। सवाल यह भी है कि आखिर एक्ट का उल्लंघन होने पर भी पैथोलॉजी जांच केन्द्र पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा सकी है ? क्या अधिकारियों की मिलीभगत है या फिर दूसरे कारण ? यह स्थिति सिर्फ पूरे ग्रामीण अंचलो की है। जो बगैर रजिस्ट्रेशन कराए की धड़ल्ले से पैथोलॉजी जांच केन्द्र चला रहे है। क्योंकि किसी को कार्रवाई का भय नहीं है। जिले में पैथोलॉजी सेंटर की भरमार है। मुख्य सड़क से लेकर तंग गलियों तक में पैथोलॉजी सेंटर संचालित है। इन पैथोलॉजी सेंटर्स पर टेक्निशियन और डॉक्टरों के नाम के बड़े-बड़े बोर्ड भी लगी हैं, लेकिन बेहतर जांच करने का दावा करने वाले इन पैथोलॉजी सेंटर्स की जांच रिपोर्ट के आधार पर मरीजों का इलाज आगे बढ़ाना खतरनाक साबित हो सकता है। हकीकत में जहां-तहां चल रहे इन पैथोलॉजी सेंटर्स की जांच रिपोर्ट गलत साबित होती है। खुद कई डॉक्टर्स मरीजों द्वारा कराई जाने वाली पैथोलॉजी सबंधी जांच रिपोर्ट से असमंजस में पड़ जाते हैं। हैरानी की बात ये है कि धड़ल्ले से आंखों में धूलझोंक रहे इन पैथोलॉजी सेंटर्स का सच सबको पता है, बावजूद इसके स्वास्थ्य महकमा आंखें बंद कर चुप्पी साधे हुए हैं।

पुलिस ने किया तीन चोरियों का खुलासा, तमंचा, कारतूस, नकदी एवं आभूषण बरामद

नैनी (प्रयागराज)। नैनी थाने की पुलिस ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर महेवा गांव के समीप दो युवक को पकड़कर बीते दिनों क्षेत्र में हुई तीन चोरियों का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से तमंचा, कारतूस, नकदी एवं आभूषण बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को मुखबिर की सूचना पर नैनी थाने की पुलिस ने महेवा गांव के समीप से दो युवकों को संदिग्ध पकड़ लिया। पुलिस ने उनके पास से चोरी के 25 हजार रुपए नकदी, भारी मात्रा में आभूषण, एक तमंचा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किया है। पूछताछ के दौरान पकड़े गए युवकों ने अपना नाम महेवा पश्चिम पट्टी निवासी शुभम उर्फ राजू भारतीया और अमित कुमार सोनी बताया।पुलिस के अनुसार बीते 23 मार्च की रात महेवा पश्चिम पट्टी गांव निवासी शरद अग्रवाल और वहीं के निवासी पवन निषाद के मकान का ताला तोड़कर चोरी हुई थी। इसके अलावा फरवरी महीने में चाका गांव के आदर्श नगर मोहल्ला निवासी चंदन कुमार के मकान का ताला तोड़कर चोरी की गई थी। एक बातचीत में नैनी इंस्पेक्टर यशपाल सिंह ने बताया, कि शुभम दिन भर रेकी करता था, जिस मकान में ताला लगा देखा था वहां पर घटना को अंजाम देता है। अमित कुमार की सुनार की दुकान है। वह चोरी के आभूषण को खरीद कर उसे गला देता है। दोनों युवकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में शौर्य दिवस मनाया गया

थरवई । सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र पंडिला के परिसर मे परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी 9 अप्रैल को शौर्य दिवस मनाया गया। बताते चले की 9 अप्रैल वर्ष 1965 को पश्चिमी भारत-पाक सीमा पर कच्छ में सरदार एवं टाक पोस्ट में तैनात केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल की द्वितीय वाहिनी की बहादुर टुकड़ी जवानों द्वारा पाकिस्तानी आर्मी के 3500 सेना के जवानों वाली एक विशाल ब्रिगेड को खदेड़ देने वाली घटना सैनिक युद्ध के इतिहास में अद्वितीय मिसाल है। यह गाथा बहादुरी, कर्तव्य परायणता और मातृ-भूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले बल के0रि0पु बल का गौरवमयी इतिहास है। इसी वजह से प्रतिवर्ष 9 अप्रैल को शौर्य दिवस पूरे देश में तैनात सीआरपीएफ अधिकारियों कार्मिकों द्वारा मनाया जाता है। 9 अप्रैल मंगलवार को परम्परागत तरीके से डीआईजी रेंज संजीव राय ने क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली तथा जवानों व अधिकारियों को पदक व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया। इसी के साथ शहीद अधिकारियों व जवानों के परिवारों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर जवानों व अधिकारियों को उनकी कर्तव्य निष्ठा देश सेवा के लिए प्रेरित किया गया और बल के गौरवशाली परम्परा को बनाये रखने के साथ-साथ उन्हे कर्तव्य के बारे में समझाते हुए देश और जनहित को सर्वोपरि बताया। इस अवसर पर वॉलीबॉल सहित अन्य खेलकूद निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों का हौसला बढ़ाया गया। इसके पश्चात सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया

जय भवानी सेवा संघ का हिन्दू नव संवत्सर, होली मिलन व विराट कवि सम्मेलन संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

लेडियारी(प्रयागराज)। जय भवानी सेवा संघ के बैनर तले लेड़ियारी कैथवल गांव स्थित मां जालपा ट्रेडर्स परिसर में सोमवार को हिन्दू नव संवत्सर, होली मिलन समारोह व विराट कवि सम्मेलन समारोह क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें विख्याति प्राप्त हास्य कवियों ने अपनी रचनाओं से लोगों को खूब हसाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने की जबकि कार्यक्रम का शुभारंभ डां ओकार नाथ सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रभु श्री राम के तस्वीर पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित किया।इस दौरान मौजूद क्षत्रिय समाज ने प्रभु श्री राम के आदर्श चरित्र का अनुसारन करने का संकल्प लिया। सभी जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुऐ कहा की होली मिलन समारोह पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन एक दूसरे से गिले शिकवे दूर कर आपस में मन मिलाने का आयोजन है। एक जुटता का संदेश देते हुए आयोजक संकल्प सिंह उर्फ शिब्बू ने आये हुए अतिथियों का स्वागत आभार प्रकट किया ।

कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कवि फतेह बहादुर सिंह संचालन कवि अशोक बेशरम ने किया। कार्यक्रम में होली के तमाम रंग एक साथ दिखे गीत, कविता और गजल के साथ लोकगीत का सामंजस्य बेहद मनभावन रहा। कवियों ने अपनी रचनाओं से लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस दौरान वीर रस के कवि बबलू सिंह बहियारी ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम में जान डालने का काम किया। सुशील शुक्ल द्वारा लोगों को भक्ति रस से लोटपोट कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत रामलखन सिंह महगना ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से किया इसके बाद आमंत्रित कवियों को मौके पर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जीत बहादुर सिंह,लाल पुष्पराज सिंह,पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख कोराव नागेंद्र प्रताप सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में क्षत्रियों की भूमिका एवं एससी एसटी एक्ट के दुरुपयोग पर विचार व्यक्त किया और सभी को एकजुट होकर अपनी ताकत दिखाने के लिए तैयार रहने को कहा। होली मिलन समारोह को जय भवानी सेवा संघ के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस दौरान क्षत्रिय युवाओं को दुर्व्यसन से दूर रहकर शिक्षित बनने के टिप्स दिए गए।कार्यक्रम का संचालन डां विरेंद्र सिंह गहरवार किया। कार्यक्रम में इंद्र बहादुर सिंह, नगर पंचायत कोरांव अध्यक्ष ओम प्रकाश केसरी, संत प्रसाद सिंह,मुन्ना सिंह,धर्मराज सिंह, विष्णु प्रताप सिंह, राकेश सिंह,दुर्गा सिंह, अजय सिंह,लालजी सिंह, मुकेश सिंह, विश्वनाथ सिंह, जगजीवन सिंह , तेज बहादुर सिंह, मदन प्रताप सिंह ,रणधीर सिंह, डॉ, अनील सिंह , रवि सिंह, शंकर दयाल तिवारी, विनोद कुमार दुबे , हरिपाल सिंह चंदेल , सुशील कुमार सिंह, प्रमोद कुमार दुबे , राजेन्द्र प्रसाद केशरी , सुरेश कुमार सिंह, संतोष कुमार द्विवेदी, नीरज कुमार भुर्तिया , आशीष कुमार मिश्रा, अंकज केशरी , शिव मोहन द्विवेदी , मनीष कुमार कुशवाहा , शांति प्रसाद सिंह , दीपक द्विवेदी , दिनेश कुमार मिश्रा , राकेश कुमार कुशवाहा , सुशील कुमार कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

पांडेश्वर नाथ धाम में दर्शनार्थियों की जुटी भीड़

थरवई । थरवई मे नवरात्र के प्रथम दिन पांडेश्वर नाथ धाम पंडिला महादेव मंदिर मे भोर चार बजे से श्रद्धालु अपनी मनोकामना को पूर्ण करने के लिए बाबा भोलेनाथ मां पार्वती का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर आशीष प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से देर शाम तक जुटे रहे इसी क्रम में लोहारन की चकिया गांव मनसैता मनकामेश्वर मंदिर माधवपुर गांव स्थित प्राचीन मां दुर्गा के मंदिर सहित जगह-जगह अन्य क्षेत्रों में भी नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की भक्तों ने वित्त विधान के साथ पूजा अर्चना की।

छत से सोते समय मजदूर गिरा

फूलपुर। थाना अंतर्गत उग्रसेनपुर बीबीपुर में रात 2 बजे शुक्लपुर खंडासा अयोध्या निवासी मजदूर मन्ने पुत्र मायाराम नींद में करवट लेने पर छत से नीचे गिर गया। शोर शराबा सुन आसपास के लोग जुट गए और एंबुलेंस 108 को सूचना देकर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल रिफर कर दिया

शुआट्स वैज्ञानिकों की सलाह, 11-14 अप्रैल वर्षा के आसार

नैनी(प्रयागराज)। सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने 11-14 अप्रैल वर्षा के आसार जताते हुए कृषकों को सलाह दी है कि ज्वार की एकल कटाई हेतु संस्तुत प्रजातियों पी.सी. 6,9,23, एच.सी.-171, 260, यू.पी. चरी-1-2, राज चरी-1,2 तथा बहु कटाई वाली प्रजातियों एस. एस.जी.-998, 855, को.-27, पंत चरी-5 की बुवाई मध्य अप्रैल तक समाप्त करें।उर्द/मूंग की फसल में पीला चित्रवर्ण (मोजैक) रोग दिखाई देते ही प्रभावित पौधे सावधानीपूर्वक उखाड़ कर नष्ट (जला दे/गाड़ दें) कर दें। 5 से 10 पौढ़ मक्खी (सफेद मक्खी) प्रति पौध की दर से दिखाई पड़ने पर आक्सीडेमेटॉन-मिथाइल 25 प्रतिशत ई.सी. या डाइमेथोयेट 30 ई.सी. 1 लीटर प्रति हे. की दर से 600-800 ली. पानी मिलाकर छिड़काव करना चाहिये।अप्रैल के दूसरे सप्ताह के उपरांत वर्षा की संभावना होने के कारण गेहूँ की कटाई फिजियोलाजिकल मेच्योरिटी (पौधे के पीले एवं बाली के सुनहरे पीले होने) पर करके यथाशीघ्र मड़ाई कर सुरक्षित स्थान पर भण्डारित कर लें। गन्ने की पत्तियों पर अंकुर बेधक एवं चोटी बेधक कीट के अंडे दिखने पर पत्ती को तोड़कर नष्ट कर दें जिससे कीट के आगे की पीढ़ी समाप्त हो जाय।गन्ने के जिस खेत में लालसड़न रोग का प्रकोप हो, उसमें कम से कम एक वर्ष तक गन्ने की फसल न करें। रबी मौसम में बोई गयी लहसुन एवं प्याज की फसल पक गयी होगी, उसकी खुदाई करें। खुदाई से 12-15 दिन पहले सिंचाई बन्द कर दें।आम के भुनुगा कीट की रोकथाम हेतु इमिडाक्लोप्रिड 30.5 प्रतिशत एस.सी. 0.3 मि.ली. प्रति लीटर पानी एवं प्रोफेनोफास 50 प्रतिशत ई.सी. 1 मिली0/लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

तालाब का चुनाव करने का उचित समय है अतः जिन तालाबों में गर्मी में 1 से 2 फीट पानी बना रहे उन्ही तालाबों का चुनाव करें। मत्स्य पालन हेतु 0.2 हे. से 5 हे. तक के तालाबों का चयन किया जाय।

शुआट्स में मधुमक्खी पालन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 10 अप्रैल को

नैनी(प्रयागराज)। ÷मधुमक्खी पालन में नवीनतम प्रगति÷ पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सोसाइटी ऑफ बायोसाइंसेज, जैविक विज्ञान विभाग, सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज, प्रयागराज द्वारा उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ और विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद, लखनऊ के सहयोग से 10 अप्रैल, 2024 को विश्वविद्यालय सभागार, शुआट्स में किया जा रहा है।

डॉ. कामिन अलेक्जेंडर (ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी) ने बताया कि सेमिनार का उद्देश्य प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन की व्यापक समझ प्रदान करना है, जिसमें मूलभूत सिद्धांतों और नवीनतम प्रगति दोनों को शामिल किया गया है, ताकि टिकाऊ मधुमक्खी पालन प्रथाओं को बढ़ावा दिया जा सके और कृषि और पारिस्थितिक तंत्र पर प्रभाव को अधिकतम किया जा सके।

यह संगोष्ठी मधुमक्खी पालन के तरीकों, प्रौद्योगिकियों और शोध निष्कर्षों में नवीनतम विकास का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करके मधुमक्खी उत्साही, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, चिकित्सकों और नीति निर्माताओं के लिए एक प्रकाशस्तंभ के रूप में काम करेगी।

सेमिनार में आमंत्रित वक्ताओं के तकनीकी सत्र होंगे जिसके बाद पोस्टर प्रस्तुतियां होंगी।

इस अवसर पर (डॉ) राजेंद्र बी. लाल कुलपति, शुआट्स, डॉ. संजय सिंह (महानिदेशक, यूपीसीएआर, लखनऊ), डॉ. धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव (निदेशक, सीएसटी, लखनऊ), प्रो. जॉनाथन ए लाल (प्रति कुलपति-अकादमिक मामले), प्रो डॉ बिश्वारूप मेहरा (प्रो-वीसी-एडमिनिस्ट्रेशन), प्रो (डॉ) आलोक मिल्टन लाल (निदेशक, शोध), प्रो डॉ रानू प्रसाद (रजिस्ट्रार), प्रोफेसर डॉ. आरिफ ए ब्रॉडवे (निदेशक, प्रसार निदेशालय) और डॉ. सी जॉन वेस्ले (संयुक्त रजिस्ट्रार, प्रशासन) और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

ट्रैक के पास मिला अज्ञात अधेड का शव

मौके से एक साइकिल बरामद, पुलिस जाँच में जुटी

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर दिघिया आरओबी के नजदीक एक बुजुर्ग का क्षत-विक्षत शव देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव के पास से एक साइकिल मिली है जिसे दिघिया पुलिस चौकी में रखा गया है।

जानकारी के अनुसार मांडा थाना क्षेत्र के गरेथा (बाराही माता धाम) व दिघिया आरओबी के बीच मंगलवार की सुबह बुजुर्ग का शव देखा गया। उसकी उम्र तकरीबन 60 के ऊपर की बताई गई है। सूचना पर दरोगा बाबू गौतम टीम के साथ मौके पर पहुचें। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए घंटो प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नही हो पाई। थकहार कर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को शव के साथ एक साइकिल भी मिली है। जिसे पुलिस चौकी दिघिया में रखा गया है।

दर्शनार्थियों की बस पिकअप से भिड़ी,आधा दर्जन को आई मामूली चोट

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। उन्नाव से दर्शनार्थियों को लेकर विंध्याचल को निकली बस प्रयागराज मिर्जापुर हाइवे के टिकरी गांव सड़क किनारे खड़ी पिकअप से भिड़ गई।यह घटना ट्रक के एकाएक सामने आ जाने से हुई है। बस चालक को भीड़ ने दौड़ाकर पकड़ पुलिस को सौंप दिया। इसमें आधा दर्जन लोग चोटिल हुए, जिनका पुलिस ने इलाज कराया।

उन्नाव जनपद से सोमवार को 53 दर्शनार्थियों को लेकर वोल्वो बस नवरात्रि में मॉ विंध्यवासिनी के दर्शन हेतु विंध्याचल के लिए निकली थी। देर रात प्रयागराज मिर्जापुर हाईवे पर मांडा के टिकरी गाव के पास सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक से बचने के दौरान बस सड़क के किनारे खड़ी पिकअप से भिड़ गई। बस का अगला हिस्सा व पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस टक्कर से मौके पर चीख पुकार मच गई।कुछ देर में भारी भीड़ जमा हो गयी।लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

घटना मंगलवार भोर चार बजे के आसपास की है। सूचना पर पहुंची दिघिया पुलिस टीम को देख बस चालक भाग निकला।भीड़ ने दबोच कर उसे पुलिस के हवाले सौंप दिया। पुलिस ने आधा दर्जन चोटिल दर्शनार्थियों का प्राथमिक इलाज कराकर उन्हें दूसरे वाहन से दर्शन के लिए भेज दिया है।

हालांकि बड़ी दुर्घटना टल गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। आरोपी बस चालक धर्मेंद्र राठौर सुल्तानपुर जनपद का बताया गया है। उसने कहा सामने से आ रहे ट्रक से बचने की कोशिश में टक्कर हुई है।

एक वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी (प्रयागराज)। न्यायालय की निर्धारित तारीखों पर हाजिर न होने पर औद्योगिक थाने की पुलिस ने एक वारंटी को पकड़कर कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त महेंद्र कुमार पुत्र चिंतामणि यादव निवासी अजवइया थाना औद्योगिक क्षेत्र, जो कि न्यायालय की निर्धारित तारीखों पर हाजिर नहीं होता रहा। जिसे आज पकड़ कर कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया गया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ धारा 419/ 420/ 406 के तहत मुकदमा दर्ज थे।

आगामी लोस चुनाव तथा त्योहारों हेतु फ्लैग मार्च

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर। आगामी लोकसभा चुनाव तथा ईदुलफितर रामनवमी नवरात्रि आदि पर्वो के मद्देनजर फूलपुर नगर पंचायत के कई मोहल्लों रेलवे फाटक पूरे अछई सिकंदरा रोड तहसील गेट नेहरू बाजार पुरानी बाजार बानगी बाजार शेषपुर आदि मोहल्ले में अर्द्धसैनिक बलों के साथ एसडीएम तपन मिश्रा, एसीपी उदय प्रताप सिंह, थाना प्रभारी दीनदयाल सिंह द्वारा रूट मार्च करके लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान तथा संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया तथा ईदुलफितर रामनवमी नवरात्रि आदि मनाने की अपील की। इस अवसर पर अर्द्धसैनिक बलों के साथ थाना की फोर्स भी रूट मार्च में शामिल रही।

युवक की संदिग्ध मौत, चुपके से कर दिया दफन, अब पोस्टमार्टम के लिए है परेशान

रील में दो युवकों ने ठंडा का बोतल छिपाने पर परिजनों का जहर पिला मारने का शक गहराया

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। उतरांव थाना क्षेत्र के घाटमपुर गाँव में एक युवक की चार दिन पहले घर के बाहर नलकूप के घर में संदिग्ध रुप से जहरीला पदार्थ खाने से युवक की अस्पताल ले जाते हुए मौत हो गयी थी। जिस पर परिजनों ने चोरी से बिना पुलिस को सूचना दिये ही शव को सिरसा गंगा घाट पर ले जाकर दफन कर दिया।

एक रील में मृतक युवक के साथ दो संदिग्ध लड़कों को ठंडा का बोतल छिपाने को देखकर युवक की हत्या का शक जहर पिलाने को लेकर गहरा गया है। जिसकी वजह से परिजन अब युवक की दफन लाश का पोस्टमार्टम कराने के लिए परेशान है।

इस संबंध में थाने पर तहरीर दी गयी है।आप को बताते चले कि क्षेत्र के घाटमपुर गाँव निवासी फूल चंद पासी का बेटा अमरेन्द्र कुमार पासी उम्र 17 वर्ष 6 अप्रैल की शाम अपने घर से लगभग 200 मीटर दूर नलकूप के घर में बेहोशी हालत में मिला था। उसके मुंह से झांग निकल रहा था। घर के लोग हंडिया अस्पताल लेकर भागे लेकिन उसकी मौत हो गयी थी। घर के लोग जहर खाकर आत्म हत्या का शक जताते हुए पुलिस के पचड़े में न पड़ने की बात सोच युवक की शव को पुलिस के बिना सूचना ही सिरसा घाट पर ले जाकर दफन कर दिया गया।

मौत के दो दिन बाद एक रील जिसमें गाँव के दो लड़कों के साथ मृतक युवक भी है के वायरल होने पर अमरेन्द्र की मौत पर शक गहरा गया। परिजनों के मुताबिक वायरल रील 6 अप्रैल का ही है। रील उसी नलकूप पर बनाया गया है । वायरल रील में मृतक युवक के पीछे मस्ती में दो लड़कों ने एक ठंडा का बोतल छिपा रहे हैं। परिजनों को आशंका है कि उस बोतल में जहरीला पदार्थ अमरेन्द्र को पिला कर उसकी हत्या कर दी गयी। मंगलवार को मृतक युवक के पिता फूल चंद के साथ कई लोग थाने पर पहुँच कर चोरी छिपे गंगा घाट पर दफनाई गयी

लाश को पोस्टमार्टम कराने के लिए और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी गयी।

इस संबंध में उन्होंने कहा कि दफन की गई लाश का पोस्टमार्टम कराने का अधिकार हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है। जब था तो सूचना ही नहीं दिया गया। जिला मजिस्ट्रेट और विभागीय अफसरों के आदेश पर ही पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

पंकज कुमार त्रिपाठी
थानाध्यक्ष उतरांव, प्रयागराज

श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण ही जीवन के उद्धार की सीढ़ी: अमित पांडेय जी महाराज

लेड़ियारी(प्रयागराज)। क्षेत्र के सिलौधी गांव में चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास अमित पांडेय जी महाराज ने कथा और भक्ति बराही अवतार के बारे में बताया नारद तीर्थ भ्रमण महिमा का कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान कथा का श्रवण ही मानव जीवन के उद्धार की सीढ़ी है । श्रोता की श्रद्धा कितनी गहरी है । उसी गहराई के अनुसार ही भक्ति का फल मिलता है। चरित्र का अद्भुत वर्णन करते हुए कहा कि ब्राह्म , विष्णु , शिव मे कोई भेद नहीं है। जो भी मनुष्य इन तीनों से भेद करता है । वह अहंकारी दक्ष की तरह दुर्गति को प्राप्त करता है । श्रीमद्भागवत कथा कल्पवृक्ष के समान है । भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है । और जो कृष्ण ह । वहीं साक्षात भगवान है ।भागवत कथा भक्ति मार्ग प्रशस्त करती है। कथा सत्संग के बिना विवेक नहीं आता , वहीं विवेक के बिना शांति एवं आनंद का अनुभव नहीं हो पाता। कथा का संक्षेप में सार बताते हुए कहा मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पुण्यों का उदय होने पर ही श्रीमद्भागवत जैसी भगवान की दिव्य कथा श्रवण का सौभाग्य मिलता है । मुख्य यजमान भोला नाथ शुक्ला पत्नी चंद्र कली शुक्ला शंकर ने आरती की । इस मौके पर राम जी शुक्ला, आशुतोष शुक्ला, हरिश्चंद्र मिश्रा, अवधेश कुमार शुक्ला, प्रकाश शुक्ला, राधेश्याम शुक्ला, आशा देवी मिश्रा, सीमा मिश्रा , ममता मिश्रा, सीमा शुक्ला आदि मौजूद रहे ।

'हम टीएमसी के साथ': सौरभ भारद्वाज ने सांसदों से की मुलाकात, मंदिर मार्ग थाने के बाहर धरने पर बैठे

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज मंदिर मार्ग थाने पहुंचे हैं। तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओ ब्रायन समते कई नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया था। चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर टीएमसी सांसदों का प्रदर्शन कर रहे थे। टीएमसी प्रतिनिधिमंडल को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने पर डीसीपी देवेश कुमार महला ने कहा कि कल उन्हें बिना अनुमति विरोध प्रदर्शन करने के लिए हिरासत में लिया गया था। उन्हें मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन ले जाया गया। लेकिन बाद में रिहा कर दिया गया।

दिल्ली पुलिस ने कहा कि हमने उस सभी को रिहा कर दिया था। हमने

उन्हें जाने के लिए कहा था। लेकिन टीएमसी नेता नहीं गए। सभी टीएमसी सांसद मंदिर मार्ग थाने के बाहर धरने पर बैठे हुए हैं।

आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने बातचीत के दौरान कहा कि देश में आदर्श आचार सहिंता लागू है। सभी एजेंसियों और सरकारी कामकाज को तटस्थ चुनाव आयोग के तहत आना चाहिए। लेकिन जिस तरह से विपक्षी नेताओं पर ईडी और एनआईए की छापेमारी चल रही है। ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार इस लोकसभा चुनाव में विपक्ष को चुप कराना चाहती है।

आगे कहा कि विपक्ष के सांसदों को एक पुलिस स्टेशन में हिरासत में लिया गया। उनकी मांग है कि ईडी, सीबीआई, आईटी और एनआईए- ने तांडव किया है। उनके प्रमुखों को बदला जाना चाहिए। भाजपा ने प्रदर्शन किया। पुलिस आयुक्त को अनुमति किसने दी। क्या उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए था। क्या वीरेंद्र सचदेवा के खिलाफ मामला दर्ज नहीं होना चाहिए। हम तृणमूल कांग्रेस के साथ खड़े हैं।

भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं के धरने को चुनावी हथकंडा करार दिया। भाजपा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी संदेशखली मामले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को बचाने का हरसंभव प्रयास कर रही है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदलने की मांग के साथ चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया था।

पीएम मोदी ने देशवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं, नव संवत्सर की भी बधाई दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को नवरात्रि और नव संवत्सर की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'देश के मेरे समस्त परिवारजनों को नवरात्रि की ढेरों शुभकामनाएं। शक्ति की उपासना का यह महापर्व हर किसी के लिए सुख, समृद्धि, सौभाग्य और आरोग्य लेकर आए, यही कामना है। जय माता दी!'

उन्होंने एक अन्य ट्वीट में लिखा, 'नवरात्रि के पहले दिन आज मां शैलपुत्री के चरणों में मेरा नमन और वंदन! देवी मां देश के मेरे सभी परिवारजनों के जीवन में नई शक्ति और ऊर्जा का संचार करें। 'पीएम मोदी ने लोगों को नव संवत्सर की भी बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'देशभर के मेरे परिवारजनों को नव संवत्सर की बहुत-बहुत बधाई। मेरी कामना है कि यह नया वर्ष हर किसी के लिए सुख-समृद्धि और आरोग्य से परिपूर्ण हो।'

पुलिस ने एनआईए के दो अधिकारियों को पूछताछ के लिए भेजा समन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल पुलिस ने एनआईए टीम पर हुए हमले के मामले में मंगलवार को एनआईए के दो अधिकारियों को समन जारी किया है। इस समन में बंगाल पुलिस ने हमले की शिकायत करने वाले दोनों अधिकारियों और हमले में घायल हुए एक अधिकारी को भी बुलाया है। हमले में घायल अधिकारी को बतौर गवाह बुलाया गया है। घायल अधिकारी को अपने मेडिकल दस्तावेज भी लाने को कहा गया है। पुलिस ने एनआइए अधिकारियों को हमले में क्षतिग्रस्त हुई कार को भी लाने को कहा है। पुलिस कार की फोरेंसिक जांच कराएगी। वहीं बंगाल पुलिस की एफआईआर के खिलाफ एनआईए ने हाईकोर्ट का रुख किया है। भूपतिनगर पुलिस स्टेशन के जांच अधिकारियों ने एनआईए टीम पर हमले के मामले में तीन ग्रामीणों को भी समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। ग्रामीणों को अगले दो से तीन दिनों के भीतर पुलिस के सामने पेश होने को कहा गया है। वहीं एनआईए अधिकारियों को 11 अप्रैल को पुलिस के सामने पेश होने को कहा गया है। एनआईए की टीम बीते शनिवार को साल 2022 में पूर्वी मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में हुए बम धमाके के मामले में जांच करने पहुंची थी। उस धमाके में तीन लोगों की मौत हो गई थी। जांच एजेंसी जब दो आरोपियों को पकड़कर अपने साथ कोलकाता लेकर जा रही थी, तभी स्थानीय ग्रामीणों ने एनआईए टीम पर हमला कर दिया। पथराव के चलते एनआईए के कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं कुछ एनआईए अधिकारी घायल भी हुए। इस मामले में एनआईए ने एफआईआर दर्ज की थी। वहीं बंगाल पुलिस ने भी इस मामले में एनआईए के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसी एफआईआर के आधार पर पुलिस ने एनआईए अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाया है। इस मुद्दे पर राजनीति भी खूब हो रही है। भाजपा जहां एनआईए टीम पर हमले को राज्य की कानून व्यवस्था की असफलता बता रही है। वहीं ममता बनर्जी ने एनआईए की छापेमारी पर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भाजपा के साथ मिलकर टीएमसी कार्यकर्ताओं को आम चुनाव के समय निशाना बना रही हैं।

एनआईए ने बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज की एफआईआर को रद्द कराने के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया है। एनआईए ने मंगलवार को हाईकोर्ट में याचिका दायर कर उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है। एनआईए ने बंगाल पुलिस की किसी भी कार्रवाई से बचाव की भी अपील की है।

ट्रांसफॉर्मर से निकली चिंगारी बनी काल, परिवार के छह लोग जिंदा जले

मां के साथ 3 बेटियां, एक बेटा और गर्भवती ननद की मौत

डेहरी आन सोन, (हि.स.)। बिहार में रोहतास जिले के जिला मुख्यालय सासाराम में एक झोपड़ीनुमा घर में आग लगने पर उस समय घर में मौजूद छह सदस्यों की झुलसकर मौत हो गई है, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना कच्छवां थानाक्षेत्र के इब्राहिमपुर की है। जिसमें चार बच्चे सहित 6 की आग लगने की घटना में मौत हो गई।घायलों में देवराज चौधरी की तीन वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी व शामा चौधरी की 45 वर्षीय पत्नी राजू देवी शामिल हैं। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम ले जाया गया है। मृतकों में भोजपुर जिला के जगदीशपुर थाना के बड़हरा टोला निवासी देवराज चौधरी की पत्नी 30 वर्षीय पुष्पा देवी, उनके छह वर्षीय पुत्र बजरंगी कुमार, पुत्री चार वर्षीय काजल कुमारी व एक साल की बच्ची गुड़िया,

तरारी थाना क्षेत्र के भोजपुर के रामनगर निवासी श्यामा चौधरी की छह वर्षीय पुत्री कांति कुमारी, वीशावदर थाना, जूनागढ़ गुजरात के लेभद्रा निवासी दीपक चौधरी की 25 वर्षीय पत्नी माया देवी शामिल हैं।घटना आज दोपहर सासाराम के कछवा ओपी के इब्राहिमपुर की है जहां एक टीन वाले करकट के मकान में एक परिवार के लोग खाना खाकर सो रहे थे। इसी दौरान बगल के ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकली तथा घर में आग फैल गई। आग फैलने देख घर के लोग आग बुझाने में लग गए। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। मौके पर प्रशासन की टीम पहुंच गई हैं तथा राहत कार्य शुरू कर दिया गया है। सदर अस्पताल में एक बच्ची का इलाज चल रहा है, उसकी स्थिति भी नाजुक बताई जाती है।

उत्तरी गोवा में गोदाम में हुआ बम विस्फोट, पुलिस ने संदिग्ध व्यापारी को हिरासत में लिया

पणजी। उत्तरी गोवा जिले में काजू के एक खेत में विस्फोट हुआ है, जिसके बाद पुलिस ने स्थानीय व्यापारी को हिरासत में ले लिया है और घटना की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि काजू के खेत में बने गोदाम में जिलेटिन की छड़ें रखी गईं थी, जिनमें सोमवार की रात अचानक से धमाका हो गया। विस्फोट में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन धमाके के चलते आसपास के कई घरों में खिड़कियों के कांच टूट गए हैं और कई घरों में दरार आ गई हैं। जिस गोदाम में जिलेटिन छड़ें रखी थी, वो पूरी तरह से तबाह हो गया है। घटना उत्तरी गोवा जिले के अनसोलेम गांव में हुई। धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज वेलपोई शहर तक सुनी गई, जो कि घटनास्थल से करीब चार किलोमीटर दूर है। जिस वक्त धमाका हुआ, उस वक्त वेलपोई शहर में सिगमो परेड निकाली जा रही थी।

मेरे लिए अल्पसंख्यक समुदाय की तरक्की अहम, वोट नहीं : असम सीएम हिमंत बिस्व सरमा

गुवाहटी। असम सीएम हिमंत बिस्व सरमा का कहना है कि बहुविवाह, बाल विवाह जैसे विषय लोकसभा चुनाव में मुद्दे नहीं हैं। सीएम ने कहा कि वह इन विषयों को सामाजिक बदलाव के लिए उठा रहे हैं। सरमा ने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य की 14 सीटों में से सिर्फ तीन पर मुकाबला होगा, बाकी सीटों पर भाजपा एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करेगी।

अल्पसंख्यक समुदाय की तरक्की अहम, वोट नहीं

जोरहाट में तीताबोर में एक इंटरव्यू में असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मैं हमेशा से कहता हूं कि वोट लेना अलग चीज है। हम अल्पसंख्यक समुदाय के लिए असली विकास चाहते हैं। अब वे मुझे वोट करते हैं या नहीं, इस बात का कोई मतलब नहीं है।' असम सीएम ने कहा कि 'उनके लिए मायने ये रखता है कि अल्पसंख्यक समुदाय समृद्ध बने। अगर अल्पसंख्यक समुदाय में बहुविवाह का चलन नहीं रुकेगा तो समुदाय कैसे समृद्ध होगा? अगर बाल विवाह जारी रहेगा तो समुदाय कैसे तरक्की करेगा?' हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि 'अगर लड़कियों को समान अधिकार नहीं मिलेंगे और उन्हें शिक्षा नहीं दी जाएगी तो मिंया समुदाय कैसे तरक्की करेगा? असम में बंगाली बोलने वाले मुसलमानों को मियां कहा जाता है।'

'मुस्लिम बहुल इलाकों में वोट नहीं मांगूंगा, मुद्दों पर बात करूंगा'

सीएम ने कहा कि 'मदरसा शिक्षा बंद होनी चाहिए और छात्रों को सामान्य शिक्षा दी जानी चाहिए।' सीएम ने कहा कि 'मैं असम के मुस्लिम बहुल इलाकों में जाऊंगा, लेकिन मैं वोट की अपील नहीं करूंगा। मैं सिर्फ इन मुद्दों पर बात करूंगा। सरमा ने कहा कि चुनाव तो हैं, लेकिन ये मुद्दे चुनाव से भी बड़े हैं और मैं चुनावी राजनीति की मदद से लक्ष्यों को हासिल करने की कोशिश करूंगा।' सरमा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में तीन सीटों पर ही मुकाबला हो सकता है और बाकी 11 सीटों पर उन्हें एकतरफा तरीके से जीत मिलेगी। हालांकि सीएम ने उन तीन सीटों के बारे में नहीं बताया। सीएम ने कहा कि असम में विपक्षी गठबंधन का अस्तित्व नहीं है और असल मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और एआईयूडीएफ में ही होगा।

'मेरा बेटा अनिल चुनाव हारना चाहिए', एके एंटनी बोले- कांग्रेस ही मेरा धर्म है

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी ने कहा है कि वह चाहते हैं कि उनका बेटा अनिल एंटनी चुनाव हार जाए और उसके सामने चुनाव लड़ रहा कांग्रेस उम्मीदवार जीत जाए। मंगलवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एके एंटनी ने कहा कि उनका बेटा, अनिल के एंटनी, जो पतनमतिट्टा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहा है, वह चुनाव नहीं जीतना चाहिए।

'भाजपा हर दिन नीचे जा रही'

पूर्व रक्षा मंत्री ने कहा कि अनिल एंटनी को हार मिले और उनके प्रतिद्वंदी और कांग्रेस उम्मीदवार एंटो एंटनी जीतने चाहिए। एके एंटनी ने कांग्रेस नेताओं के बच्चों के भाजपा में शामिल होने को भी गलत बताया और कहा कि 'कांग्रेस ही मेरा धर्म है।' एके एंटनी ने कहा कि 'कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी लगातार मोदी, भाजपा और आरएसएस के खिलाफ लड़ रहे हैं। विपक्षी गठबंधन हर दिन आगे बढ़ रहा है और भाजपा नीचे जा रही है। मुझे लगता है कि हमारे पास सरकार बनाने का मौका है।'

अनिल एंटनी ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली थी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी बीते साल अप्रैल में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। अनिल एंटनी केरल कांग्रेस के डिजिटल मीडिया प्रभारी समेत पार्टी के सोशल मीडिया और डिजिटल कम्युनिकेशंस सेल के विभिन्न पदों पर काम चुके थे, लेकिन जनवरी में पीएम मोदी पर बनी एक विवादित डॉक्युमेंट्री पर बयान देकर वह भी विवादों में आ गए और आखिरकार कांग्रेस से मनमुटाव होने के चलते उन्होंने पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ले ली थी। लोकसभा चुनाव में अनिल एंटनी पतनमतिट्टा सीट से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं।

केरल के सीएम पी विजयन ने सोमवार को आरोप लगाया था कि भाजपा और कांग्रेस केरल इंफ्रास्ट्रक्चर फंड बोर्ड को निशाना बना रहे हैं, जबकि बोर्ड ने राजनीतिक विचारों का ध्यान रखे बिना प्रदेश भर के निर्वाचन क्षेत्रों में विकास किया है। सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, केंद्रीय जांच एजेंसियों के एक एजेंट के रूप में काम कर रही है। सीएम के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए एके एंटनी ने कहा कि 'मुझे नहीं लगता कि केरल के लोग सीएम पी. विजयन को गंभीरता से लेते हैं।'

पुणे विश्वविद्यालय के छात्र को 5 लोगों ने बुरी तरह पीटा, लव जिहाद का दावा; पुलिस ने शुरू की जांच

पुणे। महाराष्ट्र में एक छात्र की सिर्फ इसलिए पिटाई कर दी क्योंकि कुछ लोगों को संदेह था कि वो लव जिहाद में शामिल है। पुणे शहर में पांच अज्ञात लोगों ने 19 वर्षीय एक मुस्लिम छात्र की कथित तौर पर पिटाई कर दी और उस पर लव जिहाद में शामिल होने का आरोप लगाया। चतुश्रृंगी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार दोपहर को हुई, जब दो छात्राओं के साथ छात्र सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के परिसर में जा रहा था। उन्होंने आगे बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और दोषियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। विश्वविद्यालय के प्रशासन का कहना है कि उन्होंने घटना की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि छात्र अपनी दो महिला मित्रों के साथ खाना खाने के बाद लौट रहा था तभी मोटरसाइकिल पर सवार चार-पांच अज्ञात लोग विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के पास पहुंचे।

भाजपा कार्यालय के घेराव की कर्णी सेना की योजना फेल, विरोध से पहले पुलिस हिरासत में कर्णी सेना के नेता

नई दिल्ली। गुराजत के अहमदाबाद हवाई अड्डे के बाहर से कर्णी सेना के नेता राज शेखावत को हिरासत में ले लिया है। कर्णी सेना के नेता रूपाला की टिप्पणी पर गांधीनगर स्थित भाजपा मुख्यालय में घेराव की तैयारी में थे। सहायक पुलिस आयुक्त वीएन यादव जानकारी देते हुए कहा कि हमने राज शेखावत को हवाई अड्डे से हिरासत में ले किलया है।

केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला ने 22 मार्च को एक सभा को संधोधित करते हुए कहा था कि तत्कालीन महाराजाओं ने विदेशी शासकों के साथ-साथ अंग्रेजो के उत्पीड़न के सामने घुटने टेक दिए थे। यही नहीं इन महाराजाओं ने इन शासकों के साथ रोटी भी तोड़ी और तो अपनी बेटियों की शादी भी उनसे कर दी। जिस पर राजपूत समुदाय ने कड़ी निंदा करते हुए, भाजपा सरकार से मांग की थी कि रूपाला का लोकसभा टिकट वापिस लिया जाए। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद रूपाला ने माफी भी मांगी थी। राजपूत समुदाय ने

एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि टिकट वापस से कम पर वे राजी नहीं होंगे।

एक्स पर पोस्ट के जरिए दी थी सूचना

इसी क्रम में कर्णी सेना द्वारा गांधी नगर के भाजपा कार्यालय कमलम पर घेराव की योजना बनाई गई थी। जिसकी सूचना रविवार को शेखावत ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी थी। जिसमें मंगलवार को दोपहर 2 बजे 'कमलम' का घेराव करने, क्षत्रिय समुदाय के सदस्यों और उनके समर्थकों से भगवा झंडे और लाठियों के साथ आने और विरोध में शामिल होने के लिए कहा है।

प्रदर्शन से पहले हवाई अड्डे से ही पुलिस ने लिया हिरासत में

राज शेखावत की पोस्ट के बाद से राज्य भाजपा मुख्यालय पर कड़ी पुलिस सुरक्षा तैनात की गई। वहीं मंगलवार को शेखावत के हवाईअड्डे से बाहर आते ही पुलिस की एक टीम उन्हें अपने साथ हिरासत में ले गई।

सीबीडीटी को राजीव चंद्रशेखर के हलफनामे के जांच के आदेश, कांग्रेस ने लगाए थे अनियमितता के आरोप

तिरुवनंतपुरम। चुनाव आयोग ने मंगलवार को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को केंद्रीय मंत्री और भाजपा के तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट के उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर द्वारा दायर हलफनामे में अनियमितता की जांच करने के आदेश दिए हैं। कांग्रेस ने चंद्रशेखर द्वारा दायर हलफनामे में वास्तविक और घोषित संपत्ति में अनियमितता का दावा किया था और इसकी जांच के लिए पार्टी ने पोल पैनेल का रुख किया।

बता दें कि चंद्रशेखर तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस उम्मीदवार शशि थरूर के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। प्रक्रिया के अनुसार, चुनाव आयोग ने चंद्रशेखर द्वारा दायर हलफनामे में अनियमितता की जांच के आदेश दिए हैं। आयोग ने बताया कि हलफनामे में किसी भी तरह के बेमेल और फर्जीवाड़े से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 125 ए के तहत निपटा जाता है। नियम के अनुसार, नामांकन पत्र या हलफनामे में किसी भी जानकारी को छिपाने पर छह महीने तक की जेल या जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है।

चंद्रशेखर की संपत्ति का विवरण

भाजपा के नेता और केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईट) मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने 28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। नामांकन पत्र के साथ दायर हलफनामे में चंद्रशेखर ने चल संपत्ति का कुल मूल्य 13,69,18,637 रुपये बताया है, जबकि उनकी पत्नी के पास 12,47,00,408 रुपये की संपत्ति है। इसमें मौजूद नकदी, बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और सहकारी समितियों में जमा का विवरण, साथ ही बांड, डिबेंचर, शेयर, कंपनियों/म्यूचुअल फंड और अन्य वित्तीय इकाइयों में निवेश भी शामिल हैं। चल संपत्ति में 1942 मॉडल की 'रेड इंडियन स्काउट' भी शामिल है, जो कर्नाटक में पंजीकृत है। इसके साथ ही उनके पास आभूषण, सर्राफा और 3.25 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अन्य मूल्यवान वस्तुएं भी हैं।

चंद्रशेखर की अचल संपत्तियों में 5,26,42,640 रुपये की कीमत पर खरीदी गई स्व-अर्जित संपत्ति शामिल है, जिसका वर्तमान बाजार मूल्य 14,40,00,000 रुपये होगा। उन पर 19,41,92,894 रुपये की देनदारियां भी हैं, जिसे लेकर विवाद हैं। उनकी पत्नी पर 1,63,43,972 रुपये की देनदारी है जिसमें बैंकों, वित्तीय संस्थानों और अन्य से ऋण शामिल हैं। वर्ष 2022-23 के आयकर रिटर्न में चंद्रशेखर की कुल आय 5,59,200 रुपये बताई गई है जो 2021-22 में 680 रुपये थी।

कई इलाकों में ईडी की छापेमारी, पूर्व डीएमके नेता के खिलाफ ड्रग्स तस्करी से जुड़े मामले में कार्रवाई

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को तमिलनाडु के विभिन्न इलाकों में ड्रग्स तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी की है। इस मामले में पूर्व डीएमके नेता जाफर सादिक और अन्य लोगों के खिलाफ जांच की जा रही है। चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली के 25 परिसरों में ईडी ने तलाशी ली। एजेंसी ने धन शोधन अधिनियम (पीएमएलए) प्रावधानों के तहत केंद्रीय अर्धसैनिक बल के साथ मिलकर छापेमारी की। पूर्व डीएमके नेता सादिक तमिल फिल्म निर्माता भी हैं। छापेमारी के दौरान सादिक के अलावा तमिल फिल्मों के निर्देशक आमीर और अन्य लोगों के परिसरों में तलाशी ली गई है। पिछले महीने ही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 36 वर्षीय सादिक को गिरफ्तार किया था।

नरेन्द्र मोदी ने असम में स्थायी शांति स्थापित की, 10 से ज्यादा हुए शांति समझौते - अमित शाह

गुवाहाटी (असम), (हि.स.)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम में स्थायी शांति स्थापित की है। इस कारण राज्य के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। राज्य में 10 से ज्यादा शांति समझौते किए गए। नौ हजार से अधिक युवा हथियार छोड़कर राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल हुए। बोडो समझौते के प्रावधानों को लागू किया गया।अमित शाह मंगलवार को असम के लखीमपुर में निवर्तमान सांसद तथा भाजपा उम्मीदवार प्रदान बरुवा के समर्थन में एक चुनावी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गृहमंत्री शाह ने कहा कि आज जहां एक तरफ राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडी गठबंधन है, वहीं दूसरी तरफ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पूरी ताकत के साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 400 से अधिक सीटें जीतकर भाजपा अगले 5 वर्ष तक पूरे दम के साथ सरकार चलाएगी।अमित

शाह ने कहा कि राहुल गांधी असम के कल्चर को लेकर बात करते हैं। लेकिन, यह सभी जानते हैं कि उनकी दादी के जमाने से ही असम में किस तरह अन्याय किया गया। जिस कारण हजारों युवा अशांति की राह पर चल पड़े। वहीं, हजारों युवा मारे गए। गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के जमाने में उग्रवाद हड़ताल, आतंकवाद के अलावा कुछ नहीं हुआ। कांग्रेस की नीतियों के कारण लोगों में व्यापक पैमाने पर असंतोष बना रहा। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में न सिर्फ शांति स्थापित हुई, बल्कि आज स्थिति यह है कि बांग्लादेश से एक परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। बांग्लादेश से होने वाले घुसपैठ को पूरी तरह रोक दिया गया।गृह मंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस के जमाने में काजीरंगा में व्यापक पैमाने पर गैंडों का शिकार हुआ करता था। काजीरंगा की भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया था। शंकरदेव की जन्मभूमि बटद्रबा थान में अवैध कब्जा कर लिया गया था। अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की सरकार ने न सिर्फ काजीरंगा तथा शंकरदेव की भूमि को घुसपैठियों के दखल से आजाद कराया, बल्कि काजीरंगा में गैंडों के शिकार को पूरी तरह बंद करा दिया।गृहमंत्री ने कहा कि मुगलों को पराजित करने वाले लाचित बरफूकन के प्रति कांग्रेस की सरकार ने लंबे समय तक कुछ नहीं किया लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में लचित बरफूकन की गगनचुंबी प्रतिमूर्ति स्थापित की गई।

प्रेमिका की हत्या मामले में खुलासा, आरोपी का है क्राइम रिकॉर्ड, शादी का बना रहा था दबाव

नई दिल्ली। दिल्ली के डाबड़ी इलाके में सहमति संबंध में रहने वाली प्रेमिका की गला घोंटकर हत्या करने वाले आरोपी को लेकर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि आरोपी एक कुख्यास अपराधी है। इससे पहले भी वह कई वारदातों में शामिल रहा है। हत्या के प्रयास और एनडीपीएस अधिनियम के उल्लंघन सहित 10 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आगे कहा कि लिव-इन पार्टनर का शव स्लाइडिंग दरवाजों वाली एक बड़ी अलमारी के अंदर बैठी हुई पॉजिशन में मिला। प्रेमिका के शरीर पर सतही घाव और गला घोंटने के निशान स्पष्ट थे। जो प्रतिरोध का संकेत दे रहे थे। आरोपी को पुलिस ने सोमवार शाम राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के लिए बता दें कि आरोपी की पहचान विपल टेलर के रूप में हुई है।

रामलला के दरबार में अपनी हाजिरी लगाने अयोध्या पहुंचे 'अटल' के लीड कलाकार नेहा जोशी और आशुतोष कुलकर्णी

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्याधाम। रामलला के दरबार में अपनी हाजिरी लगाने अयोध्या पहुंचे एण्डटीवी के 'अटल' के लीड कलाकार नेहा जोशी और आशुतोष कुलकर्णी उन्होंने कहा कि यह सुखद पल हम लोगों को भगवान राम की कृपा से मिले हैं। रामलला को देख कर मेरे मन में भावुकता होती थी, किन्तु आज प्रभु श्री राम को देखकर प्रसन्नता हो रही है। हम गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। हम लोगों के लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

इस साल अयोध्या में श्रीराम का जन्मोत्सव काफी धूमधाम के साथ मनाये जाने की उम्मीद है, क्योंकि हाल ही में यहां पर भव्य राम मंदिर का उद्घाटन हुआ, जो आस्था, समर्पण, सांस्कृतिक विरासत एवं वास्तुशिल्प कौशल का प्रतीक है। विश्व विख्यात राम मंदिर की भव्यता को निहारने और राम नवमी के भव्य उत्सव को लेकर शहर की तैयारियों को देखने के लिये एण्डटीवी के शो 'अटल' के प्रमुख कलाकारों कृष्णा देवी वाजपेयी नेहा जोशी और कृष्ण बिहारी वाजपेयी आशुतोष कुलकर्णी ने पहली बार अयोध्या की यात्रा की। यह एक यादगार पल था, जिसने उन्हें अपने आध्यात्मिक सफर को प्रदर्शित करने और उत्सव से पहले राम लला का आशीर्वाद लेने में सक्षम बनाया। नेहा जोशी ऊर्फ एण्डटीवी के 'अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी ने अपने रोमांच और अनुभव के बारे में बताते हुये कहा, ''राम मंदिर जाने के सिर्फ विचार ने ही मेरे मन को आभार एवं समर्पण की भावना से भर दिया था। भगवान राम का भक्त होने के नाते, अयोध्या जाने और मंदिर में दर्शन करने का मौका पाना, मेरे लिये किसी सपने के सच होने जैसा था। राम लला की पावन मूर्ति के सम्मुख खड़े होना एक ऐसा अनुभव था, जिसे मैं कभी भुला नहीं पाऊंगी। मैं वाकई अवाक एवं भावुक थी। मैंने जैसे ही राम लला का मनभावन मुखड़ा देखा, मेरी आंखों में खुशी के आंसू उमड़ पड़े। जब राम लला के सामने खड़े होकर मैंने प्रार्थना की और आशीर्वाद मांगा, तो उनकी मूर्ति को देखना मेरे लिए असंभव हो गया। वह मानो किसी दूसरी दुनिया से अवतरित, दिव्य प्रतीत हो रही थी। उस पावन पल में मुझे एक गहरी शांति और सुकून की अनुभूति हुई, जिसने समर्पण और विनम्रता के भावों को जगाते हुए मुझमें आत्मसमर्पण का भाव उत्पन्न किया। मैंने हमारे शो की निरंतर कामयाबी और साथ ही अपने प्रियजनों की कुशलता के लिये प्रार्थना की। हम जैसे ही वहां से निकलने के लिये तैयार हुये, पूरा माहौल जय श्री राम के मंत्रों से गूंज उठा और राम नवमी के उपलक्ष्य में चल रहे उत्सवों की खुशी से भर गया। कुछ भक्त हमारे पास भी आ गये और उन्होंने हमारे शो और इसके किरदारों के प्रति अपना प्यार जताया। उनका यह व्यवहार दिल को छू लेने वाला था और वाकई में हम खुद को खुशकिस्मत मानते हैं, कि हमें यह सौभाग्य मिला। यह आध्यात्मिक यात्रा मेरे हृदय और आत्मा पर एक अमिट छाप छोड़ गई, जिसने मुझे आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बना दिया।''पहली बार राम मंदिर में आने के अपने अनुभव बताते हुये आशुतोष कुलकर्णी ऊर्फ कृष्ण बिहारी वाजपेयी ने कहा, ''राम नवमी पूरे देश और दुनिया भर में बेहद उत्साह एवं समर्पण के साथ मनाई जाती है। हालांकि, खासतौर से अयोध्या में राम नवमी का उत्सव का उत्साह राम मंदिर के शुभारंभ के साथ बेहद भव्य था। मैं खुद को खुशनसीब मानता हूं कि राम नवमी उत्सव से पहले मुझे राम मंदिर जाकर भगवान राम का आशीर्वाद लेने और यहां की भव्य तैयारियों को देखने का मौका मिला। यह वाकई में प्रेरणादायक और अद्भुत अनुभव था। मंदिरों की कलात्मक वास्तुकला ने मुझे हमेशा ही चौंकाया है और राम मंदिर इसमें पीछे नहीं था। मंदिर परिसर में कदम रखते ही मेरे अंदर समर्पण की गहरी भावना जागृत हो गई। 'जय श्री राम' के खूबसूरत मंत्रोच्चार में मैं डूब गया। जब मैं गर्भगृह के निकट पहुंचा, तो राम लला की दिव्य मूर्ति के दर्शन हुए, जो भगवान राम के शाश्वत ब्रह्मांडीय प्रकाश का प्रतीक है। इस दृश्य ने मुझे श्रद्धा से नतमस्तक कर दिया। वेद मंत्रों के लयबद्ध उच्चारण और अगरबत्ती की सुगंध ने उस पवित्र वातावरण को और भी गहरा कर दिया, जिससे मेरा ईश्वर से संबंध और भी मजबूत हुआ। भक्तों के साथ 'जय श्री राम' का मंत्रोच्चार करना एक खूबसूरत पल था, जो मुझे हमेशा याद रहेगा। यह एक बेहद खूबसूरत और यादगार अनुभव था। मंदिर से वापस लौटते समय मैंने अपने परिवार वालों और दोस्तों के लिये मिठाईयां एवं प्रसाद लिये।

कांग्रेस पार्टी संकल्प लेती है कि भाजपा के इस अन्याय को खत्म कर हम इंडिया गठबंधन के न्याय का राज स्थापित करेंगे

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद तथा महासचिव मनोज कुमार गौतम ने कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर पत्रकार वार्ता के माध्यम से कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। Aपत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद तथा महासचिव मनोज कुमार गौतम ने कहा कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र उसका न्याय पत्र है हम पांच न्याय और 25 गारंटीयों से इस देश की बदहाल तस्वीर बदलने का प्रयास करेंगे। नेताओं ने कहा भाजपा की उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार ने देश और प्रदेश के सामाजिक ,राजनीतिक ,आर्थिक तथा संवैधानिक ताने-बाने को तहस-नहस कर दिया है किसानों को आमदनी से ,युवाओं को रोजगार से महिलाओं को सुरक्षा के भाव से और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को समृद्ध से वंचित कर दिया गया है। कुछ मुट्ठी भर लोगों को बेपनाह दौलत दी गई और देश के वंचित वर्ग को अन्याय और अत्याचार के दलदल में धकेल दिया गया है। पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रदेश महासचिव मनोज कुमार गौतम ने कहा कांग्रेस पार्टी संकल्प लेती है कि भाजपा के इस अन्याय को खत्म कर हम इंडिया गठबंधन के न्याय का राज स्थापित करेंगे हमारे न्याय की बुनियाद का मूल मंत्र होगा वर्क ,वेल्थ और वेलफेयर अर्थात नौकरी धन संसाधन और जनकल्याण। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्णा गौतम ने बताया कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र को न्याय पत्र नाम दिया गया है क्योंकि यह न्याय (पांच न्याय या न्याय के पांच स्तंभ) और 25 गारंटी के विषय के आसपास घूमता है। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव, महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ,प्रवीण श्रीवास्तव ,अशोक राय, फ्लावर नकवी, जनार्दन मिश्रा ,धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

रोज़ा इफ्तार का आयोजन

मया - बाजार-अयोध्या। मया-टाण्डा सम्पर्क मार्ग पर ग्राम सभा सराय सागर के मजरे जिगिनियाँ गाँव में स्थित हज़रत बाबा मोहम्मद ज़ाकिर हुसैन शाह रहमतुल्लाह अलैह के आस्ताने पर जिगिनियाँ सरजमीं आस्ताने के ख़ादिम एवं युवा समाजसेवी मास्टर मुबारक़ अली इदरीशी की सरपरस्ती में रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों को रमजान महीने में पढ़ने के लिये पारे रेहल वा तस्वीह बाँटी गयी। इस अवसर पर ग़ुलाम फरीद अहमद ,मास्टर राहत अली सलमानी ,मोहम्मद कैफ इदरीशी,चन्द्रशेखर इण्टर कॉलेज गौहनियाँ बन्दनपुर के सम्मानित प्रबन्धक रामतिलक शर्मा ,मोहम्मद मेराज ,वा मौलाना साजिद रज़ा जलालपुरी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने रोज़ा इफ्तार करने के बाद मुल्क में अमन- चैन कायम रहने वा मुल्क की सलामती के लिये दुआयें माँगी।

सांसद लल्लू सिंह ने 10 ग्राम पंचायतों में लोगों से स्थापित किया जनसंवाद

लोकमित्र ब्यूरो

मिल्कीपुर- अयोध्या। भाजपा प्रत्याशी/ सांसद लल्लू सिंह ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के कुमारगंज मंडल मे 10 ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क एवं संवाद कार्यक्रम किया। नगर पंचायत कुमारगंज के ग्राम सभा पिठला में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव में आप लोगों ने एक गरीब को प्रधानमंत्री बनाया है। उन्हें गरीबी का एहसास है और गरीबों के लिए प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण योजनाओं की शुरुआत की। जिसका लाभ आज सीधे गरीबों तक पहुंच रहा है। मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उन्होंने धारा 370 खत्म किया और कश्मीर आज मुख्य धारा में लौटकर विकास के पथ पर अग्रसर है। कभी यह आतंकवाद से ग्रसित रहता था, लेकिन आज वहां पर शांति है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री रामलला का 500 वर्षों का इंतजार खत्म हुआ। भगवान आज अपने भव्य मंदिर में विराजमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या को दुनिया का सबसे अच्छा शहर बनाने के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं। चाहे वह प्रयागराज से अयोध्या तक रेलवे लाइन का दोहरीकरण का कार्य हो, अयोध्या के चारों तरफ अच्छी सड़को का निर्माण कार्य एवं दर्शन नगर से अयोध्या तक नया रेल मार्ग बनेगा। प्रधानमंत्री की सोच है कि प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या दुनिया का सबसे अच्छा शहर बने। सरकार द्वारा जितनी योजनाएं चलाई जा रही हैं, उन योजनाओं के जरिए सभी को लाभ मिल रहा है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग आज जनता के बीच वोट मांगने आ रहे हैं। उनकी सरकारे भी प्रदेश में रही हैं। लेकिन उन्होंने गरीब कल्याण के लिए कोई योजना नहीं चलाई। सिर्फ जाति के नाम पर एक दूसरे को लड़ाया है और परिवारवाद को बढ़ावा दिया है। मोदी जी कहा है कि इस बार 100 दिन तक देश हित में कड़े फैसले लेने वाले हैं। जिससे भारत माता का वैभव हमेशा चमकता रहे। सासंद लल्लू सिंह ने कहा कि जो देश के बारे में सोचता है, वहीं देश की बात करता है। उन्होंने क्षेत्र के पिठला, पालपुर,घोड़वल, रसूलपुर लिलहा, पाकड़पुर, भखौली, रौतावा, धमथुवा, अकमा में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत लोगों से वोट देने की अपील की। इस मौके पर भाजपा नेता परशुराम पांडे, चंद्रबली सिंह, विजय कुमार उपाध्याय अग्गू, शीतला प्रसाद वाजपेई, पवन कुमार उपाध्याय, कुंवरबहादुर मिश्रा, सुरेंद्र प्रताप सिंह, शंभू सिंह, राजेश सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह, अनित सिंह, राघवेंद्रसिंह विकी, अनूप सिंह रानू, आशीष सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

त्वरित कार्यवाही करते , पीड़ितों के बैंक खाते में वापस

बाराबंकी। साइबर फ्राड कर पीड़ितों के बैंक खाते से निकाले गये 65,000/-रुपयों को साइबर थाना, बाराबंकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ितों के बैंक खाते में वापस कराया गया । प्राप्त जानकारी से जनपद के साइबर थाना पर साइबर फ्रॉड/धोखाधड़ी कर आवेदकों के बैंक खाते से 92,000/- रुपये निकाल लेने के सम्बन्ध में शिकायतें प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा साइबर थाना बाराबंकी को त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ितों की धनराशि वापस कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में साइबर थाना,बाराबंकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित मर्चेण्ट से पत्राचार कर साइबर तकनीक का उपयोग करते हुए कुल 65,000/- रुपयों को पीड़ितों के खाते में वापस कराया गया।

सगे भाइयों के बीच चली लाठियां बड़े भाई की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के बघौड़ा गांव में दो भाइयों के बीच मामूली बात को लेकर हुए विवाद में जमकर लाठियां चल गई। जिसमें एक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई है। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।उधर पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी पिता तथा भाइयों को हिरासत में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कुमारगंज क्षेत्र के बघौड़ा गांव निवासी विजय कुमार मौर्य, प्रदीप कुमार मौर्य पुत्र राम शंकर मौर्य और उसके छोटे भाई जगदीश मौर्य अरविंद मौर्य तथा पिता राम शंकर पुत्र भंगेली के बीच जमीन कब्जेदारी को लेकर विवाद हो गया।देखते-देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों तरफ से लाठियां चलने लगी। इसी दौरान एक लाठी विजय कुमार मौर्य के सिर पर लग गई और वह नीचे गिर पड़ा। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया। जहां तैनात डॉ संतोष कुमार सिंह ने विजय कुमार मौर्य पुत्र राम शंकर का प्राथमिक उपचार करते हुए हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।जिला चिकित्सालय पहुंचने पर डॉक्टरों ने विजय कुमार मौर्य को मृत घोषित कर दिया। मारपीट में घायल अनीता पत्नी प्रदीप कुमार मौर्य, अंशु पुत्री विजय कुमार मौर्य का सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज में इलाज किया गया। मारपीट में आशा पत्नी विजय कुमार मौर्य व प्रदीप कुमार पुत्र राम शंकर को मामूली चोटे आई हैं। ग्रामीणों की माने तो प्रदीप कुमार मौर्य ने घर के बगल स्थित ग्राम पंचायत की भूमि पर बीते 10 जून 2023 को हैंड पंप लगवाया था। तब भी दोनों लोगों में मारपीट हुई थी। मृतक के परिजनों ने उस वक्त भी पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की थी। आज वही विवाद मौत का कारण बन गया। यदि पुलिस ने समय रहते प्रभावी कार्रवाई की होती तो शायद आज ऐसी नौबत ना आती।

द्वापर काल युग का अमरादेवी धाम मन्दिर , अमरत्व प्राप्त करने के उद्देश्य से की थी दो जुड़वा मंदिरों के रूप स्थापना

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। मान्यता है कि आज से लगभग पांच हजार वर्ष पूर्व द्वापर युग में कोटि कोटि जनमानस की आस्था का केंद्र बिंदु बना महाभारत कालीन तीर्थ स्थल अमरा देवी धाम में है । जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर बदोसराय सफदरगंज मार्ग पर ग्राम खजुरिहा चौराहे से अंदर डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर महाभारत कालीन तीर्थ स्थल अमरा देवी धाम स्थित है इसके संबंध में यहां के पुजारी बताते हैं कि ऐसी मान्यता है कि द्वारा द्वापर युग के महाभारत काल के समय पांडवों के द्वारा मां अमरा देवी की स्थापना दो जुड़वा मंदिरों के रूप में की गई थी पहला कालिका देवी दूसरा धामसी देवी को पांडवों ने अपने को अमरत्व प्राप्त करने के उद्देश्य से स्थापित कर पूजा अर्चना किया था । तभी से इस स्थान पर बसे गांव का नाम अमरा देवी धाम पड़ा । मंदिर निर्माण के संबंध में जनश्रुति है कि राजा जहांगीराबाद की जागीर होने के कारण एक बार राजा मंदिर के स्थान को बैलों से जोतवा कर वहां स्थापित शक्तिपीठ को मिटाना चाहता था। परंतु इसका विरोध ग्रामवासी भानुपाल ने किया था । राजा के न मानने पर उसने अपना सर काट कर शक्तिपीठ को अर्पित कर दिया था जिसे देख कर के पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी , कहा जाता है कि रात का समय था तद सुबह लोगों ने देखा तो उसका सर उसके धड़ से जुड़ा हुआ मिला । लोगों की मान्यता है कि माता अमरा स्वयं यहां पर प्रकट हुई थी और उन्होंने ही उसे जीवित किया था । लोगों की मान्यता है कि यहां पर सच्चे मन से मांगी गई लोगों की मनोकामनाएं अमरा देवी अवश्य पूर्ण करती हैं। मंदिर परिसर में दो जुड़वा मंदिर के अलावा अन्य मंदिर पूर्वी देवी माता संतोषी देवी शीतला देवी के साथ ही हनुमान जी का भी मंदिर है।

नवरात्रि : प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने की मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैल पुत्री की पूजा

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। नवरात्रि के प्रथम दिन जनपद में श्रद्धालुओं ने कलश स्थापना के साथ आदिशक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना कर व्रत धरण करके अपनी सुख समृद्धि की कामना किया नवरात्रि में पहले दिन आदि शक्ति स्वरूपा माँ शैलपुत्री के स्वरूप की उपासना किए जाने का विधान है. पर्वतराज हिमालय की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पूर्वजन्म में शैलपुत्री का नाम सती था । ये भगवान शिव की पत्नी थीं. सती के पिता दक्ष प्रजापति ने भगवान शिव का अपमान किया तो सती ने अपने आपको यज्ञ अग्नि में भस्म कर लिया था. अगले जन्म में यही सती शैलपुत्री स्वरूप में प्रकट हुईं और भगवान शिव से फिर विवाह किया जो शैलपुत्री के नाम से विख्यात हुई । हेमवती इनका ही नाम है मां शैलपुत्री की आराधना से भक्तों को चेतना का सर्वोच्च शिखर प्राप्त होता है जिससे शरीर में स्थित कुंडलिनी शक्ति जागृत होकर रोग शोक रूपी दैत्य का विनाश करती है । दुर्गा के पहले स्वरूप में शैलपुत्री मानव के मन पर आधिपत्य रखती है जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचने की शक्ति पर्वत कुमारी मां शैलपुत्री ही प्रदान करती है इनके एक हाथ में त्रिशूल तथा दूसरे में कमल का फूल रहता है इनका वाहन बैल है इनका स्थान प्रत्येक प्राणी में नाभि चक्र से नीचे स्थित मूलाधार चक्र को बताया गया है । यही वह स्थान है जहां आद्या शक्ति कुंडली के रूप में रहती है इसलिए नवरात्रि के प्रथम दिन देवी की उपासना में योगी अपने मन को मूलाधार चक्र में स्थिर करते हैं पूर्व जन्म की भाति इस जन्म में भी वे शिवजी को ही अर्धांगिनी बनी नवदुर्गा में प्रथम शैलपुत्री दुर्गा का महत्व और उनकी शक्तियां अनंत हैं इस दिन उनके स्वरूप की साधना करने से साधक के सारे पाप दोष रोग नष्ट हो जाते हैं साथ ही साथ उन्हें लौकिक और पारलौकिक शांति मिलती है । नवरात्रि के प्रथम दिन जनपद के बाराबंकी शहर रामनगर बदोसराय मरकामऊ सुढियामऊ मोहारी सूरतगंज मसौली सफदरगंज अमरा देवी अमरा कटेहरा देवी ज्वाला देवी मंदिर सिरौली गौसपुर दुर्गा मंदिर मातन देवी मंदिर समेत विभिन्न गांवो के देवी मंदिरों ने श्रद्धालुओं ने कलश स्थापना व व्रत रखकर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की धूप दीप मिष्ठान फल फूल के आदि के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना किया , वहीं सौभाग्यवती स्त्रियों ने मां दुर्गा की प्रतिमा को अपनी सुहाग सूचक बिंदी कंठहार चूड़ी सिंदूर आदि चढ़ा करके अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना किया ।

रामनाम जप ही मुक्ति का मार्ग : विभू



लोकमित्र संवाददाता

तिकुनियां-खीरी। कस्बे के मां दुर्गा देवी मंदिर पर हो रहे श्री शतचंडी महायज्ञ के उपलक्ष्य में चल रही श्रीराम कथा के प्रथम दिन राम-नाम की महिमा का वर्णन किया गया।

वृंदावन से आए कथावाचक विभू कृष्ण शास्त्री ने कहा कि किसी भाव से भगवान का नाम लो,लाभ होगा। उन्होंने कहा कि कलयुग में न जप,न तप और न योग केवल राम नाम ही एक मात्र सहारा है। और इस नाम का लिखित जाप सभी पापों का नाश कर देता हैं। कथा वाचक विभू शास्त्री ने भक्त प्रह्लाद,ध्रुव और मीराबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी से मुक्ति पाने के लिए राम नाम का जाप करने को कहा।

इस अवसर पर महंत ब्रजेश गिरी, डीपी गोयल, विनोद रुहेला, श्याम किशोर शुक्ला, रामनिवास, चंद्रभान, चंद्राकर, शिवा, ललित, चंद्रप्रकाश, अथर्व मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

माँ शेरावाली की निकाली गयी भायात्रा,रामनवमी मंदिर में स्थापित होगी मूर्ति

धौरहरा-खीरी। नववर्ष के साथ साथ मां शेरावाली के पहले स्वरूप शैलपुत्री की मूर्ति स्थापना व जगह जगह मां भवानी की स्तुति के नवरात्रि का व्रत मगंलवार से प्रारम्भ हो गये।इसी कृम में कस्बे के रामनवमी मंदिर परिसर में मूर्ति स्थापित करने के लिए नगर में शोभायात्रा भी निकाली गई।

हिन्दू नव वर्ष की शुरुआत के साथ साथ मां शेरावाली की स्तुति की भी शुरुआत हो गई। जगह जगह मां भवानी की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड देवस्थानो में उमड़ पड़ी।इसी कृम में नगर पंचायत धौरहरा के रामनवमी मंदिर समिति द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस बार भी मां भवानी की मूर्ति की स्थापना करने हेतु शेरावाली की मूर्ति की शोभायात्रा नगर की सड़कों पर निकाली गई।इस दौरान रामनवमी मंदिर समिति पदाधिकारियों समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

नमामि गंगे के बैनर तले चला सफाई अभियान

अयोध्या। जनपद के बड़ी देवकालीन स्थान पर जीवन धारा ,नमामि गंगे के बैनर तले दर्जनों महिलाएं आकर घंटो सफाई अभियान करती रही है उक्त कार्यक्रम में महंत की पत्नी सीमा पाठक एवं पूर्व पार्षद डॉक्टर नीलम सिंह के साथ नमाम गैंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम शर्मा राष्ट्रीय सचिव प्रतिभा यादव प्रतिमा शुक्ला रत्ना जायसवाल रूबी रावत आदि लोगों के साथ जिलाध्यक्ष गुंजा अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष अनीता द्विवेदी विजयलक्ष्मी मीना यादव सीमा सिंह जिला सचिव ज्योति शर्मा अर्चना चौधरी महासचिव आदि लोगों ने बड़ी देवकालीन स्थान पर झाड़ू लगाकर सफाई अभियान को चलाया साथ में जल के स्थल की स्वक्षता के लिए जो प्रदूषण था उसमें पड़े हुए कागज और पन्नी के टुकड़ों एवं फूल को निकाल करके जल को स्वच्छ किया तथा सभी लोगों ने हाथ में जल लेकर यह संकल्प लिया है कि हम लोग जल को संचय करने के लिए उसे बचाने के लिए जितना ज्यादा से ज्यादा हो सकेगा अपने साथ अपने आस पड़ोस के लोगों को कार्यक्रम लगा करके और उन्हें बताया जाएगा।

निजी स्कूलों की मनमानी अभिभावकों की जेब पर पड़ रही भारी

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। मोहम्मदी के निजी पब्लिक स्कूलों की लूट ने अभिभावकों को आफत में डाल दिया है मध्यम वर्गीय इंसान पर जब हजारों की कापी किताबों का बोझ पड़ता है तो वह परेशान होकर रह जाता है 40 वाली कापी 80 में और 300 वाले जूते 600 में बिक रहे हैं 1500 में मिलने वाला कापी और किताबों का कोर्स 4000 से 6000 तक में बेचा जा रहा है 300 वाली पेंट 600 और 200 वाली शर्ट 400 में बेची जा रही है।

अप्रैल माह यानी अभिभावकों के लिए दिक्कतों का महीना है नए सत्र की शुरुआत के साथ ही अभिभावकों का संघर्ष शुरू हो जाता है स्कूल की फीस यूनिफॉर्म और कॉपी किताबें आदि का खर्चा है वहीं स्कूलों के एकाधिकार के चलते संबंधित स्कूलों द्वारा अधिकृत विक्रेता के पास ही सामान मिलने से अभिभावकों को 15 से 20% तक मिलने वाली छूट भी नहीं मिल पा रही है मजबूरी में उन्हें अधिकतम खुदरा मूल्य पर ही खरीदारी करनी पड़ रही है पब्लिक स्कूल हो या कान्वेंट स्कूल सभी की किताबों के कीमत अधिकतम खुदरा मूल्य ही अभिभावकों से वसूली जा रही है बाजार में 40 एमआरपी पर 10% डिस्काउंट पर मिलने वाली 36 की कॉपी के पुस्तक विक्रेता 80 वसूल रहे हैं कक्षा तीन की किताबों की कीमत 500 से लेकर 650 तक पहुंच गई है कुछ प्रकाशकों के गणित की किताब भी लगभग 600 तक में मिल रही है मध्यम वर्गीय अभिभावकों का कहना है की बच्चों को पढ़ना भी बेहद जरूरी है लेकिन इस महंगाई में घर के बजट का बंटाधार हो जाता है एक दुकानदार द्वारा नाम न छापने की शर्त पर बताया की हम लोगों से स्कूलों द्वारा एक माह पहले एडवांस में मोटी रकम ले ली जाती है और उनके बताए हुए कंपनी की पुस्तक मंगाते हैं फिर उनको एमआरपी रेट पर अभिभावकों को देते हैं जिसका लगभग 40 से 50% कमीशन स्कूलों का होता है जिसका हिसाब एडवांस में दिए हुए पैसों में काट कर माह जुलाई में किया जाता है।

क्या कहते हैं अभिभावक

स्कूलों द्वारा सिर्फ अपनी मनमानी दिखाई जा रही है जिसके चलते हम लोगों को मजबूरन उनकी बताई हुई दुकान से बच्चों का कोर्स लेना पड़ता है हम लोग यह चाहते हैं कि हर स्कूल में एनसीईआरटी का ही कोर्स रहना चाहिए जिससे हर साल नया कोर्स ना लेकर एक दूसरे के बच्चों को भी उसका लाभ मिलता रहे।

(अतुल रस्तोगी, समाज सेवी)

अधिकारियों की मिली भगत से यह सब हो रहा है जिसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है लेकिन शिकायत होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठाते हैं बल्की स्कूलों द्वारा अभिभावकों को डरा धमका के मजबूर किया जाता है और अपनी बताई हुई दुकान से ही कोर्स दिलाया जाता है।

(रूपेश गुप्ता,व्यापार मण्डल अध्यक्ष मोहम्मदी)

क्या कहते हैं जिम्मेदार अधिकारी

मुझे इस बात की कोई भी शिकायत अभी तक प्राप्त नहीं हुई है अगर मुझे लिखित रूप से शिकायत मिलती है तो मैं उसकी जांच करा के दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे।

(खण्ड शिक्षा अधिकारी, मोहम्मदी)

सरयू के पावन जल में सूर्य उदय की पहली किरण पर सैकड़ो की संख्या में लोगों ने अर्घ्य समर्पित किया

अयोध्या। भारतीय नव वर्ष और नव संवत्सर 2081 का स्वागत नव वर्ष चेतना समिति के तत्वाधान में मां सरयू के पावन जल में सूर्य उदय की पहली किरण पर सैकड़ो की संख्या में लोगों ने अर्घ्य समर्पित करके किया और भारतीय नव वर्ष की पूर्व संध्या पर सूर्य कुंड दर्शन नगर पर 5000 दीप जला करके 9 संवत्सर का शुभारंभ किया गया है। दीपोत्सव की अध्यक्षता डॉ जन्मेजय तिवारी तथा संचालन अवनीश ने किया और मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक प्रचारक कौशल किशोर, राम जन्मभूमि तीर्थ कमेटी के महामंत्री चंपत राय, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता थें। सभी ने भारतीय नव वर्ष की शुभकामना दी। भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद समिति के संरक्षक तीन कलसा तिवारी मंदिर के महंत अयोध्या नगर निगम के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने सभी को नववर्ष की शुभकामना दी और कहां की भारतीय नव वर्ष के पूर्व उसके स्वागत के लिए प्रकृति तैयारी प्रारंभ कर देती है।

सरकारी विभागों के पटलों में तालाबंदी, विजिलेंस टीम की उड रही हवायें

लोकमित्र संवाददाता



धौरहरा-खीरी। धौरहरा तहसील, ब्लाक और ईसानगर के ब्लाक कार्यालयों में इन दिनों सन्नाटा पसरा है। अनाधिकृत रूप से काम कर रहे अजीर कार्यालय छोड़ कर दाएं बाएं हैं।इन कार्यालयों में बैठने वाले कई कर्मचारी भी आफिस में ताला लगाकर गायब हैं।सबसे दुर्लभ तो ग्राम पंचायत अधिकारी और लेखपाल हैं।लोग इन्हें ढूढ़ रहे हैं,लेकिन यह बड़ी मुश्किल से मिलते हैं। यह स्थिति विभागों के मुखियाओं की जानकारी में है। लेकिन सब चुप हैं।करीब हफ्ते भर से चल रहे इस हाल का कारण है विजिलेंस टीम का खौफ। कुछ समय पहले ही विजिलेंस टीम ने ईसानगर ब्लाक के एडीओ पंचायत को लखीमपुर में 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा था। सूत्र बताते हैं कि उसने विजिलेंस की पूछताछ के दौरान कई नाम और राज उगले हैं।अब अंदर के लोगों को तो पता है कि कहां कौन एडीओ के बयान के बाद विजिलेंस की रडार पर आया है। विजिलेंस इसपर कोई कार्रवाई करेगी या नहीं यह तो विजिलेंस को ही पता होगा। लेकिन भ्रष्टाचार की नदी में जमकर गोता लगाने वालों को डर जरूर लग रहा है।वह अगर किसी से मिल रहे हैं तो कई स्तर की जांच के बाद।मंगलवार को तहसील में सन्नाटे की वजह पूछने पर तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल मुस्कुराकर टाल गये।

मोदी सरकार में सीमाएं सुरक्षित, सभी लोगों तक पहुंच रही सरकारी योजनाएं

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को रामपुर के रठोंडा में जनसभा को संबोधित करते हुए पाकिस्तान पर हमला बोला। उन्होंने कहा मोदी सरकार में सीमा सुरक्षित हुई हैं। पहले पाकिस्तान कहीं भी हमला कर देता था। आज अगर देश में कहीं पटाखा भी गिरता है तो पाकिस्तान सफाई देता है हमने नहीं किया है। मंगलवार को नवरात्र की बधाई देते हुए योगी ने कहा कि इस सरकार में कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। गरीब और जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। सबका साथ सबका विश्वास से काम किया जा रहा है।

आज जाति देखकर लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाता। भाजपा ने सभी को लाभ दिया, पहले

चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ दिया जाता था। गरीब लोगों का राशन चंद लोग चट कर जाते थे। आज पूरे देश में कानून का राज है। बेटियों और व्यापारियों को सुरक्षा मिल रही है। अयोध्या में मंदिर का निर्माण किया है। मोदी ने जो किया वह जनता के कारण। लोगों ने बार बार मोदी जी को मजबूत किया। देश में बदलाव देखने को मिल रहा है। मोदी जी ने कहा है कि विकसित भारत के लिए ये चुनाव लड़ना है।

पीएम मोदी की रैली में बोले सीएम योगी- पूर्व में बनती थीं आतंकियों को बिरयानी खिलाने वाली सरकारें

पीलीभीत। पीलीभीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा में शहर के ड्रमंड इंटर कॉलेज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आपका वोट जब गलत हाथों में जाता था तो भ्रष्टाचार में संलिप्त, सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाली, आतंकवादियों को बिरयानी खिलाने वाली और देश के अंदर उपद्रव कराने वाली सरकारें आती थीं। अन्नदाता किसान को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाली सरकारें आती थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के मतदाताओं ने अपने वोट की कीमत को समझा और आज बदलते हुए भारत को देख रहे हैं। जो एक पिछलग्गू देश से वर्ल्ड पॉवर बन रहा है। अब देश में सुरक्षा, समृद्धि और सम्मान है। विकास की बड़ी परियोजनाएं भी हैं। गरीब कल्याण की योजनाओं का तो कोई सानी ही नहीं है। मुख्यमंत्री ने सभी को नवरात्र की शुभ कामनाएं भी दीं। स भूमि पर हुआ वह कभी देश का हिस्सा था। कांग्रेस की कुटिल चालों से कभी देश का विभाजन हुआ, लेकिन भारत की आस्था का सम्मान करते हुए करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव हुआ। उन्होंने 26 दिसंबर को मनाए जाने वाले बीर बाल दिवस का जिक्र भी किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में पीलीभीत का जिक्र करते हुए कहा कि पीलीभीत कृषि और अदभुत कला के रूप में जाना जाता है। किसानों के गन्ना भुगतान और विकास कार्यों का जिक्र करते हुए पीलीभीत लोकसभा सीट से उम्मीदवार जितिन प्रसाद और बरेली से उम्मीदवार छत्रपाल गंगवार को जिताने की अपील की। मंच पर भाषण देने के लिए जब सीएम योगी पीछे से पोडियम की तरफ जाने लगे तो प्रधानमंत्री मोदी ने उनका हाथ पकड़ लिया और अपने सामने से जाने लिए इशारा किया।

विकसित भारत को संकल्प को साकार करना है, देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है। नए भारत विकसित भारत को बनाने के लिए तीसरी बार रामपुर वासियों के बीच आया हूं। रामपुर को विकसित बनाना है है तो विकसित उत्तर प्रदेश बनाना होगा। रोजगार के लिए रामपुर में नई चीनी मिल बनाएंगे।

डीजीपी का निर्देश, मानसिक रूप से परेशान और नशेड़ी पुलिसकर्मियों को शस्त्र देकर न कराएं ड्यूटी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने मंगलवार को मातहतों को एक निर्देश जारी किया है।डीजीपी ने जारी किए गए निर्देश में कहा है कि बीमार और नशेड़ी पुलिसकर्मी से स्कॉर्ट ड्यूटी लेने पर डिप्टी एसपी व आरआई जिम्मेदार होंगे। ऐसे पुलिसकर्मियों को शस्त्र देकर ड्यूटी न करवाई जाए। सशस्त्र गार्ड ड्यूटी अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील होती है। इसमें कोई भी लापरवाही घातक हो सकती है।

डीजीपी ने निर्देश में कहा है कि बीते दिनों कुछ ऐसे प्रकरण सामने आए हैं, जहां महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थलों पर लगाई गयी सुरक्षा गार्ड/स्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात कर्मियों की अनुशासनहीनता एवं असंतुलित व्यवहार से अप्रिय स्थिति उत्पन्न हुई। ऐसी घटनाओं से पुलिस की छवि धूमिल होती है। वहीं रक्षक के भक्षक हो जाने से जनता में असुरक्षा की भावना पनपती है। डीजीपी ने निर्देश में कहा कि मानसिक रूप से परेशान किसी भी पुलिसकर्मी को अन्य पुलिसकर्मियों के साथ शस्त्र सहित ड्यूटी न लगाई जाए तथा बंदियों के साथ भी ड्यूटी लगाने में सतर्कता बरती जाए।ड्यूटी पर लगाने से पहले आरआई द्वारा गार्ड/स्कॉर्ट की संख्या, उनकी मानसिक स्थिति, व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्या आदि पता कर ली जाए।इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि ड्यूटी करने वाला पुलिसकर्मी नशे का आदी न हो। यदि कोई कर्मी अस्वस्थ या किसी अन्य कारण से परेशान है तो उसे ड्यूटी से हटाकर उसकी समस्या का निराकरण कराया जाए।

दीप प्रज्जवलन कर भारतीय नववर्ष का नववर्ष चेतना समिति ने स्वागत किया

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय नववर्ष का जन-जन के बीच प्रचार-प्रसार और वैश्विक स्तर पर स्थापना हेतु प्रत्येक वर्ष की भाँति इस बार खाटूश्यामजी मंदिर पर भारतीय नव वर्ष की पूर्व संध्या पर दीप प्रज्ज्वलित कर नववर्ष का स्वागत किया गया। दो दिवसीय आयोजन में दीपदान एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगंतुकों ने आनन्द लिया। दीप प्रज्जवलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत नव वर्ष चेतना समिति के अध्यक्ष डा. गिरीश गुप्ता ने सोमवार को खाटू श्याम जी मंदिर प्रांगण में किया।

समिति अध्यक्ष डा. गिरीश गुप्ता ने बताया कि राजधानी लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर पिछले 15 वर्ष से करते आ रहे आयोजन को इस बार गोमती नदी तट पर स्थित खाटू श्याम जी मंदिर में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वागत उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पहला कार्यक्रम नववर्ष की पूर्व संध्या पर आज 8 अप्रैल को दीपदान एवं मुख्य कार्यक्रम कल मंगलवार 9 अप्रैल को सायं 5:30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ समिति की वार्षिक पत्रिका नवचैतन्य का लोकार्पण भी किया जाएगा।

डाक्टर गुप्ता ने बताया कि सनातन सभ्यता और संस्कृति के समस्त धार्मिक और शुभ कार्य विक्रम संवत के अनुसार तिथियां और मुहूर्त में संपन्न किए जाते हैं अतः हमें अपने सनातन धर्म के अमिट धरोहर भारतीय नव वर्ष को बढ़ चढ़कर मनाने और मानने की आवश्यकता है। समिति द्वारा डेढ़ दशक से विभिन्न स्थान पर बढ़-चढ़कर आयोजन के फल स्वरुप धीरे-धीरे जनमानस में भारतीय नववर्ष की बयार बहती दिखाई दे।

दीपदान में राजधानी की सैकड़ों युवतियों और महिलाओं ने भारतीय परम्परा के परिधानों में बढ़-चढ़कर कर प्रतिभाग किया। इसके उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूजा और अंशिका ने गणपति वन्दना से शुरूआत की। युगान्त शुक्ला ने आए राम मोरे अंगना, साक्षी दुबे ने नवरात्रि पर दुर्गा गीत की प्रस्तुति दी। इस बीच दर्शक दीर्घा में सैकड़ों की संख्या में भारतीय परम्परा पर महिलाओं ने नृत्य कर पूरे पंडाल को उत्साहित कर नववर्ष पर उत्सव बना दिया दिया।

नव वर्ष चेतना समिति की मुख्य संरक्षिका श्रीमती रेखा त्रिपाठी उपाध्यक्ष अजय सक्सेना एवं राधेश्याम सचदेवा जी ने आए सभी अतिथियों एवम अगंतूकों का स्वागत करने के साथ-साथ नव वर्ष की अनेक अनेक बधाइयां और शुभकामनाएं दी। समिति के सचिव डॉ. सुनील अग्रवाल जी ने बताया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ के प्रतिष्ठित कलाकार राघवेंद्र सिंह और उनकी टीम के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में समिति की तरफ से, डॉ. पुनीता अवस्थी, डॉ. रंजना द्विवेदी, एडवोकेट राकेश यादव, अरुण मिश्र, दयाशंकर पांडेय, एस के त्रिपाठी, कमलेंद्र मोहन, डा. निवेदिता रस्तोगी, मीडिया प्रभारी आनंद पाण्डेय एवं भारत सिंह उपस्थित रहे।

राजस्व अभिलेखों के बंजर खाते में दर्ज नगर निगम निहित सम्पत्ति प्रापर्टी डीलरों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया

लखनऊ। नवरात्रि के पहले दिन ग्राम-अमौसी, तहसील-सरोजनी नगर व जिला-लखनऊ की खसरा संख्या-2798 क्षेत्रफल 0.2210 हे0 ऊसर, खसरा संख्या-1953 क्षेत्रफल 0.0630 हे0, खसरा संख्या-1957 क्षेत्रफल 0.9360 क्रमशः रास्ता व खसरा संख्या-1956 क्षेत्रफल 0.0760 हे0 राजस्व अभिलेखों में बंजर के खाते में दर्ज है, जो नगर निगम में निहित सम्पत्ति है। उक्त खसरा संख्याओं पर प्रापर्टी डीलरों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था, जिनकों आज मंगलवार को संजय यादव, प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) के आदेश के क्रम में तहसीलदार संजय सिंह कनौजिया, नायब तहसीलदार, नीरज कटियार, लेखपाल तनुज मदान, राहुल यादव, मृदुल मिश्रा, लेखपाल व थानाध्यक्ष थाना-सरोजनी नगर के द्वारा उपलब्ध करायी गयी पर्याप्त पुलिस बल व नगर निगम की ई0टी0एफ0 टीम के सहयोग से उक्त अवैध कब्जे को शांतिपूर्ण ढंग से हटवा दिया गया है।

सुरक्षाकर्मियों के सामने आराम से साथी को लेकर एयरपोर्ट से निकल गए तस्कर, अफसर फंसे

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बीते मंगलवार को 29 सोना तस्कर सुरक्षाकर्मियों के सामने अपने साथी को उठाकर (जिसे बीमार बताया था) आसानी से एयरपोर्ट से निकल गए थे। किसी ने इन्हें रोकने की कोशिश तक नहीं की थी। सीसीटीवी फुटेज से इसका खुलासा हुआ है, जो बड़ी मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है।

एक अप्रैल को शारजाह से फ्लाइट 6 ई- 1424 अमौसी एयरपोर्ट पहुंची थी। कस्टम विभाग की टीम ने इससे आए 36 तस्करों को हिरासत में लिया था। इनमें से 30 तस्कर पेट में सोना छिपाकर लाए थे। दो अप्रैल की शाम इनमें से 29 भाग गए थे। मामले में कस्टम विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई थी। अब सामने आई सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक तस्कर ने बीमार होने का बहाना बनाया। इसके बाद साथी तस्करों ने

उसे उठाया और आराम से एयरपोर्ट से निकल गए। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने रोकने का प्रयास तक नहीं किया। उधर, एफआईआर में दावा किया गया था कि सुरक्षाकर्मियों ने तस्करों को रोकने की कोशिश की तो वे बलपूर्वक वहां से चले गए। फिलहाल फुटेज में ऐसा कुछ नहीं दिखा।

एक जवान आगे आया, फिर किनारे हो गया

फुटेज में दिखा कि जब तस्कर अपने साथी को उठाकर बाहर निकले तो एक सुरक्षाकर्मी उनके सामने आया, फिर वह किनारे हो गया। दूसरा सुरक्षाकर्मी इनके पीछे-पीछे आराम से जाता दिखाई दिया। एफआईआर में किए दावे के अनुसार अगर तस्कर बलपूर्वक भाग रहे थे तो कस्टम के अफसरों से लेकर सुरक्षाकर्मी इतने आराम से कैसे थे। तस्करों को पकड़ा क्यों नहीं? कस्टम अफसरों की कहानी पर अब सीधे सवाल उठ रहे हैं।

न नारेबाजी करते और न धमकी देते दिखे

एफआईआर में दावा किया गया कि तस्कर भाग गए थे। चूंकि एक तस्कर ने बहाना बनाया था, इसलिए उसे ले जाते वक्त बाकी थोड़ा तेज तेज चल रहे थे। हालांकि, वे भागते नहीं दिखे। इसके अलावा वे न तो नारेबाजी करते और न ही धमकी देते दिखे। एफआईआर में दावा किया गया है कि तस्कर नारेबाजी करते व धमकी देते हुए भागे थे।

यहां फंस रहे जिम्मेदार

कस्टम विभाग के अधिकारियों ने इतनी अधिक संख्या में तस्करों को पकड़ा, लेकिन सीआईएसएफ से लेकर पुलिस तक को सूचना नहीं दी। जब अपनी गर्दन फंसती दिखी तो तस्करों के भागने की सूचना देरी से दी। तस्कर दो अप्रैल की शाम को भागे। एफआईआर तीन अप्रैल की दोपहर 12:16 बजे दर्ज कराई गई। ये जो देरी की गई और जानकारी छिपाई गई, इसी के पीछे पूरा खेल छिपा है।

पुलिस ने दोबारा नोटिस भेजा

पुलिस को अब तक कस्टम विभाग ने आधिकारिक रूप से जानकारी नहीं साझा की है। पुलिस ने अब दूसरी बार सोमवार को अफसरों को नोटिस भेजा। इसमें बयान दर्ज कराने के साथ घटना वाले दिन के संबंध में जानकारी, सुबूत उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

चलती कार में मॉडल से गैंगरेप : गाजियाबाद से मुरादाबाद तक हाईवे पर की दरिंदगी, फिर होटल में ले जाकर किया ये काम

लोकमित्र ब्यूरो

मुरादाबाद। संभल निवासी 17 वर्षीय एक मॉडल के साथ चलती कार में तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी पीड़िता को मुरादाबाद में कोतवाली क्षेत्र के एक होटल के कमरे में छोड़कर भाग गए। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर गाजियाबाद निवासी तीनों युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता मॉडल तीनों को पहले से जानती है।

संभल जनपद के चंदौसी थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने दर्ज कराए केस में बताया कि उसने 11वीं तक पढ़ाई की है। इसके बाद उसने मॉडलिंग शुरू कर दी थी। किशोरी ने बताया कि पांच अप्रैल को वह मॉडलिंग के कार्यक्रम में जयपुर गई थी।

छह अप्रैल को वह जयपुर से गाजियाबाद पहुंची और धौलाकुआं मेट्रो स्टेशन के पास मुरादाबाद लौटने के लिए बस का इंतजार कर रही थी।

इसी दौरान गाजियाबाद के लालकुआं वेव सिटी ग्रामीण निवासी भरत अपने साथी गाजियाबाद के लाल क्वार्टर सिहानी गेट निवासी अनिल और गाजियाबाद के पुराना बस अड्डा मालीवाड़ा सिहानी गेट निवासी सोनू कार लेकर आ गए।

आरोपियों ने उसे देखकर कार रोक ली। तब पीड़िता ने बताया कि वह मुरादाबाद जा रही है। तब आरोपियों ने कहा कि वह भी मुरादाबाद जा रहे हैं और उसे मुरादाबाद तक छोड़ देंगे। आरोपियों को पीड़िता पहले से जानती थी। पीड़िता ने इनसे फोटोशूट कराया था।

करीब साढ़े 11 बजे धौलाकुआं से निकले थे। आरोपियों ने गाजियाबाद में एक होटल से कोल्ड ड्रिंक और खाना पैक करा लिया था। कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद पीड़िता को नशा होने लगा था। पीड़िता का कहना है कि सोनू कार चला रहा था। जबकि अनिल और भरत ने कार में ही उसके साथ दुष्कर्म किया।

इसके बाद आरोपी उसे मुरादाबाद में कोतवाली क्षेत्र स्थित एक होटल में ले गए और यहां उसे छोड़कर भाग गए थे। जहां कुछ देर बाद ही पुलिस पहुंच गई थी। पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और एससी एसटी एक्ट में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गाजियाबाद भेजी गई है।

पीड़िता ने 112 पर कॉल कर दी थी घटना की जानकारी

पीड़िता ने एफआईआर में बताया कि आरोपियों ने उसके साथ कार में दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने बताया कि उसने टॉयलेट जाने के बहाने कार रुकवा ली थी। तब आरोपियों ने एक पेट्रोल पंप पर कार रोक दी थी। तब पीड़िता ने टॉयलेट में जाकर यूपी 112 पर कॉल कर घटना की जानकारी दे दी थी।

इसके बाद वह कार में आकर बैठ गई थी। इसके बाद आरोपी कार मुरादाबाद लेकर आ गए थे। यहां तीनों उसे होटल में ले गए और कमरे में बैठाकर भाग गए थे। कुछ ही देर में पुलिस पहुंच गई थी लेकिन तब तक आरोपी निकल चुके थे। इसके बाद पीड़िता ने अपने मां-बाप को घटना की जानकारी दी।

विश्व कल्याण के लिए प्राणिमात्र को सनातन की तरफ लौटना ही पड़ेगा : श्याम दास

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। विश्व कल्याण के लिए प्राणिमात्र को सनातन की तरफ लौटना ही पड़ेगा और इसके लिए पौराणिक और वैज्ञानिक मान्यताओं पर आधारित पिंगल नवसंवत्सर निश्चित ही एक संकल्प के तौर पर आज के परिवेश में प्रदर्शित हो रहा है। चूँकि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के 84वें वंशज सम्राट विक्रमादित्य जी के द्वारा ही विक्रम संवत का प्रतिपादन किया गया है। नववर्ष चेतना समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में इस्कॉन लखनऊ के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने मंगलवार को यह बातें कही। गोमती नदी तट पर खाटूश्यामजी मंदिर प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने भारत माता और सम्राट विक्रमादित्य जी के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उच्चतम न्यायालय के प्रख्यात अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि भारतीय नववर्ष पर कहा कि हम भारतीय अपने सभी धार्मिक और शुभ कार्य विक्रम संवतानुसार ही करते हैं, परन्तु नए वर्ष के रूप में अंग्रेजों द्वारा बनाए गए परतंत्रता की मानसिकता के चिन्ह, आंग्ल नववर्ष को मनाने में पीछे नहीं हटते, इससे बचना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उच्च न्यायालय के प्रतिष्ठित वरिष्ठ अधिवक्ता एलपी मिश्र ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विक्रम संवत को भी जन-जन तक पहुँचाने और मनाने का काम नव वर्ष चेतना समिति विगत 15 वर्षों से कर रही है। समिति को चाहिए कि यह कार्यक्रम अन्य राज्यों और जनपदों में भी शुरू कराए। पिंगल नव संवत्सर 2081 विक्रम संवत, भारतीय नव वर्ष के स्वागत अभिनंदन में नव वर्ष चेतना समिति ने खाटू श्याम जी मंदिर प्रांगण में समिति की मुख्य संरक्षिका रेखा त्रिपाठी जी की अध्यक्षता में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया।

दिल के आर-पार हो गई थी सरिया : डॉक्टरों ने बचा ली जान, दावा- इस तरह के मामले में जान बचाने का पहला मामला

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। दिल पर लगने वाली जरा सी चोट घातक साबित हो सकती है। वहीं, केजीएमयू के डॉक्टरों ने दिल के आर-पार सरिया घुसने के बावजूद मरीज को नया जीवन दिया है। दावा है कि इस तरह के मामले में घायल के जीवित बचने का यह देश का पहला मामला है।

डॉ. वैभव जायसवाल ने बताया कि सुल्तानपुर के दुर्गापुर निवासी रिक्शा चालक मुन्नेलाल 27 मार्च को घर में सफाई करते समय बाथरूम की छत से गिरा और नीचे पड़ी सरिया उसके सीने में धंस गई। मरीज को ई रिक्शा से 22 किमी दूर जिला अस्पताल लाया गया। यहां दर्द निवारक इंजेक्शन और प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वहां से एंबुलेंस में मुन्नेलाल को तिरछा लिटाकर दोपहर डेढ़ बजे ट्रॉमा लाया गया। घायल के सीने में सरिया धंसी हुई थी। एक्सरे में पता चला कि सरिया मरीज के दिल

को छेदते हुए पार हो गई थी, जिससे फेफड़े पर भी चोट आई थी।

हार्ट लंग मशीन पर रखा गया मरीज

प्रो. समीर मिश्रा ने बताया कि मरीज की हालत को देखते हुए उसे रोड के दूसरी तरफ स्थित भवन में हार्ट लंग मशीन पर रखा गया। इसके माध्यम से दिल, फेफड़ा चलता रहा। एनेस्थीसिया की टीम ने मरीज को इस स्थिति में रखा कि सांसें चलती रहें। मरीज का दिल धड़कता रहा और उसी के साथ सर्जरी कर सरिया निकाली गई। इसके बाद मरीज के दिल, फेफड़े के क्षतिग्रस्त हिस्से को दुरुस्त किया गया। सर्जरी में करीब चार घंटे का समय लगा। मरीज का काफी खून बह चुका था, इसलिए उसे छह यूनिट खून भी चढ़ाना पड़ा।

तीन दिन रहा वेंटिलेटर पर

सर्जरी के बाद मुन्नेलाल को तीन दिन वेंटिलेटर पर रखा गया। चौथे दिन मरीज वेंटिलेटर से निकला। फिर नौ दिन आईसीयू में रखा गया। हालत सामान्य होने के बाद छुट्टी दे दी गई। इस मरीज की मई 2023 में पेट की सर्जरी भी करनी पड़ी थी।

ऑपरेशन की टीम में रहे शामिल

ट्रॉमा सर्जरीः डॉ. वैभव जायसवाल, डॉ. यादवेंद्र धीर, डॉ. शाहनवाज अहमद, डॉ. आकांक्षा कुमारी, डॉ. एकता सिंह, डॉ. रंबित, डॉ. अंजना मन्हास।

प्रशासनिकः प्रो. समीर मिश्रा, प्रो. संदीप तिवारी, प्रो. तूलिका चंद्रा, प्रो. एसके सिंह, प्रो. मोनिका कोहली

सीवीटीएसः डॉ. विवेक तेवर्सन, डॉ. जीशान हाकिम

एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयरः डॉ. ब्रजेश प्रताप सिंह, डॉ. रति प्रभा, डॉ. त्रिपति सिंह, डॉ. शगुल पालीवाल, डॉ. सुनंदा सिंह

नर्सः परमानंद और महेंद्र।

सुरक्षा बलों को प्रदेश के हर एक मतदान स्थल तक पहुंचाएंगी परिवहन निगम की 7 हजार से ज्यादा बसें

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए परिवहन निगम ने भी कमर कस ली है। प्रदेश के एक-एक मतदान केंद्र तक सुरक्षाबलों को पहुंचाने के लिए परिवहन निगम की 7 हजार से ज्यादा बसों को तैयार किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस की मांग पर परिवहन निगम सभी सात चरणों में अर्द्धसैनिक बलों एवं पुलिस जवानों को ड्यूटी पर पहुंचाने के लिए बसों के प्रबंध में जुट गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सभी सातों चरणों में लोकसभा चुनाव संपन्न कराए जाने हैं। ऐसे में प्रदेश के एक-एक मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए निर्वाचन आयोग ने बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की है। इन सुरक्षा बलों को इन मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था

की ओर से परिवहन निगम से बसें उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

सभी सात चरणो के लिए बसों की मांग

पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था उत्तर प्रदेश एल आर कुमार की ओर से परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को भेजे गए पत्र में निगम से सभी सात चरणो के लिए सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए कुल 7051 बसें उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से प्रत्येक चरण के लिए अलग-अलग संख्या में बसें मांगी गई हैं। इसके अनुसार, 19 अप्रैल को पहले चरण के लिए 608 बसों की मांग है तो 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान हेतु 657 बसों की डिमांड है। इसी तरह 7 मई को तीसरे चरण के लिए 901, 13 मई को चौथे चरण के लिए 1235, 20 मई को पांचवें चरण के लिए 1249, 25 मई को छठे चरण के लिए 12651 और अंतिम चरण यानी एक जून को होने वाले मतदान के लिए 1136 बसें उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। इन बसों के माध्यम से बड़ी संख्या में अर्द्धसैनिक बलों एवं पुलिस जवानों को मतदान स्थलों तक पहुंचाने में आसानी होगी और मतदान कार्य को पूर्ण सुरक्षा के बीच संपन्न कराया जा सकेगा।

10 प्रतिशत रहेंगी रिजर्व

पत्र में कहा गया है कि पुलिस बल के साथ जो बस एक बार रवाना होगी, वह बस अगले चरणो में भी उसी पुलिस बल के साथ मूल जनपद में वापसी तक बनी रहेगी। चरणवार निर्वाचन के बाद चुनावी जनपदों से कुछ पुलिस बल अपने मूल नियुक्त जनपद वापस जाएगा एवं कुछ जनपदों का नया पुलिस बल संचारित करेगा, जिसके उपयोग हेतु कुछ बसें वापस होंगी एवं कुछ नई बसें बढ़ेंगी। इसके अतिरिक्त ब्रेक डाउन के चलते 10 प्रतिशत रिजर्व वाहनों की भी आवश्यकता होगी।

भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा ने जेवर विधानसभा में किया जोरदार प्रचार

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने गौतमबुधनगर के जेवर विधानसभा के कासना , पतलाखेड़ा ,बाँजरपुर ,बुलंदखेड़ा ,चचूला ,धनोरी खुर्द ,अमरपुर , आदि गाँवों में घर घर जनसम्पर्क कर देश में एक बार फिर मान्य श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बने उसके लिये क्षेत्र के बड़े बुजुर्गों से अपनी जीत के आशीर्वाद को लेकर वोट माँगे भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा जी ने कहा कि अबकी बार 400 पार का संकल्प मान्य मोदी जी ने एवं प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों को विजयी बनाने को योगी जी लगे है और तीसरी बार मान्य मोदी जी की सरकार देवतुल्य जनता के बल बनने जा रही देश में ऐतिहासिक कार्य मोदी जी सरकार में हुए है हमारी सरकार में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास कार्य करने काम किया सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास के कार्य मोदी जी योगी जी की जोड़ी कर रही है और उन्होंने लोगों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने कमल पर वोट करने की अपील कर अपने लिये वोट माँगे दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर जी ने कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा जी ने गौतमबुधनगर लोकसभा क्षेत्र में १० वर्षों में १लाख करोड़ से भी अधिक राशि के कार्य लोकसभा क्षेत्र में हुए है ज़ेवर एयरपोर्ट से लाखों युवाओं को रोजगार और यहाँ के किसानों को फ़ायदा होगा खुर्जा पॉवर प्लांट से क्षेत्र को 24 घंटे बिजली मिलेगी उन्होंने जनता से डॉक्टर महेश शर्मा जी को पहले से अधिक मतों से जिताने की अपील की एमएलसी विधायक नरेन्द्र भाटी जीं ने कहा कि मोदी जी नेतृत्व में देश का विश्व पटल पर सम्मान बढ़ा है जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने कहा कि भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार में आम जन मानस के लिये सैकड़ों जन कल्याणकारी योजनाओं से कार्य हुए है उन्होंने देवतुल्य जनता से अपील करते हुए तीसरी बार मोदी सरकार और सांसद डॉक्टर महेश शर्मा जी को बड़ी जीत से विजयी बनाने की अपील की जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि गौतमबुधनगर लोकसभा चुनाव देवतुल्य जनता ऐतिहासिक वोटों के साथ भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा जी को विजयी बनायेगी इस अवसर पर उनके साथ पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र भाटी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बिरेन्द्र डाढा पूर्व जिलाध्यक्ष विजय भाटी सतेंद्र नागर नरेन्द्र डाढा दिनेश भाटी कर्मवीर आर्य देवा भाटी योगेंद्र भाटी हरकेश शर्मा सोनू जैनआदि ग्रामवासी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ड्राइवर की झपकी से बस ट्रक में घुसी, 23 यात्री घायल, पांच गंभीर

आगरा। लखनऊ एक्सप्रेस वे पर थाना फतेहाबाद क्षेत्र के अंतर्गत किलोमीटर 29 पर एक स्लीपर बस खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में करीब 23 यात्री घायल हो गए, जिनमें पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे की सूचना पर फतेहाबाद पुलिस व यूपीडा की टीम मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भेजा गया। पुलिस के अनुसार सभी यात्री हरियाणा के हैं। वे अयोध्या से दर्शन कर वापस लौट रहे थे। बस चालक को नींद की झपकी आने से यह हादसा हुआ। सोमवार-मंगलवार की रात 2:30 बजे के करीब अयोध्या से दर्शन कर यात्रियों से भरी एक बस हरियाणा जा रही थी। बस जैसे ही थाना फतेहाबाद क्षेत्र के अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के किलोमीटर 29 पर पहुंची तो चालक को झपकी आ गई। इस वजह से बस ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे के बाद सवारियों में चीख पुकार मच गई।

अलीगंज में पति की मौत के बाद पत्नी ने भी त्यागे प्राण ! दोनों की एक साथ हुआ अंतिम संस्कार

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। शादी का बंधन एक अटूट बन्धन होता है फ़िल्मी डायलॉग में साथ जीने मरने की कसमें खायी जाती है।साथ जियेंगे और साथ मरेंगे यह वादा कभी पूरा नही होता है।लेकिन अलीगंज में पति पत्नी के अटूट प्रेम के रिश्ते ने यह सावित कर दिया और ईश्वर ने भी उनकी खूब सुनी। पति पत्नी के शव घर के आंगन में रखे लोगों की आँखों में आँसू के सिवाय कुछ नजर नही आ रहे थे।हर किसी की आँख नम थी। परिवार में कोहराम मचा हुआ था।दोनो का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया।यह दृश्य आज एक मिशाल बन गया है। पहले कभी सती प्रथा होती थी पति की चिता के साथ पत्नी सतीत्व की रक्षा के लिये उसको भी चिता में बैठकर सती होना पड़ता था इस प्रथा पर राजा राम मोहन राय ने रोक लगायी थी। ऐसा ही एक दृश्य अलीगंज के ग्राम श्याम नगर उर्फ़ नगला सियार में देखने को मिला।एक तरफ नवरात्रि पर लोग व्रत कर माँ की आराधना में लगे वही नगला सियार पर पति पत्नी की मौत के बाद घर में मातम छा गया था पूरे गाँव व आसपास के क्षेत्र के लोग देखने जा रहे थे।जो कुछ भी हुआ उसे लेकर दुख भी है और चर्चा भी हो रही। पति की मौत के साथ ही पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। दोनों की अर्थी एक साथ घर के आंगन में रखी गईं तो लोगों का कलेजा फट पड़ा पति की मौत के बाद पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। पति का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। पति की मौत की खबर जब मिली तो पत्नी ये सदमा बर्दाश्त न कर सकी। बताया गया है कि दंपती ने जब विवाह के फेरे लिए थे उसी समय कहा था कि अब साथ जीएंगे और साथ ही मरेंगे। दोनों ने इस वचन को पूरी जिंदगी निभाया और अंतिम यात्रा पर भी एक संग निकल पड़े। बताते चले कि अलीगंज के श्याम नगर गांव के निवासी ओमनारायण की सोमवार को अचानक तबियत बिगड़ गई थी। बीमार होने के बाद वह चिकित्सक से दवा लेकर घर वापस आ गए लेकिन आराम नहीं मिला। इसके बाद वे फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में अपनी पत्नी मोहिनी और परिजनों के साथ उपचार लेने गए। दवा लेकर वापस लौटते वक्त ओमनारायण की मौत हो गई। पति की मौत की खबर लगते ही पत्नी भी रोने लगी और उसकी भी हालत खराब होने लगी परिजन भी परेशान हो गए और पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। पति और पत्नी की मौत के बाद गांव में गम का माहौल है। हर कोई दोनों के प्यार और रिश्ते को लेकर आपस में चर्चा कर रहा है। गांव के प्रधान महेन्द्र सिंह ने बताया की करीब 17 वर्ष पूर्व ओमनारायण का विवाह फतेहगढ़ सेंट्रल जेल के पास रहने बाली मोहिनी से हुआ था।

दस इंटरनेशनल साइबर ठग दबोचे, फर्जी बैंक खातों से करोड़ों का लेन–देन

लोकमित्र ब्यूरो

आगरा। थाना किरावली पुलिस और साइबर सेल ने मिलकर दस इंटरनेशनल साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गिरोह में तीन महिलाएं भी हैं। गिरोह आगरा से सिम खरीदकर दिल्ली भेजता था। वहां से दुबई और थाईलैंड में सिम की सप्लाई होती थी। अभियुक्त आगरा के अलावा हरियाणा और एमपी के रहने वाले हैं। फर्जी बैंक एकाउंट्स से अब तक करोड़ों रुपये का लेन-देन हो चुका है।

मुखबिर की सूचना पर दक्षिणी बाईपास से गिरोह को पकड़ा गया। पूछताछ में गिरोह के सदस्यों ने बताया कि यह लोग 50 रुपये का सिम 500 रुपये में खरीदते थे। जिसे दिल्ली में अपने साथी को बेच देते थे। वहां से 1500 रुपये में फ्लाइट से दुबई भेजते थे। दस हजार रुपये का हर सदस्य का चालू खाता खोला जाता था। सिम के जरिए दुबई और थाईलैंड में साइबर फ्रॉड किया जाता था। डीसीपी सोनम कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से 420 सिम, सात मोबाइल फोन, चार बाइकें, दो पासपोर्ट, 45 चेकबुक, 54 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपी आगरा, हरियाणा और एमपी के हैं। जांच में मिली जानकारी जिन एकाउंट्स की जानकारी मिली है, उन्हें सीज कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि फर्जी बैंक खातों से अब तक करोड़ों रुपये के लेन-देन हो चुके हैं। जांच में 29 लोगों के नाम सामने आए हैं।

पुलिस का कहना है कि गिरोह के तार विदेशों तक फैले हुए हैं। पुलिस की कई टीमें लगातार इस पूरे रैकेट का भंडाफोड़ करने और अन्य लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई हैं। पुलिस का प्रयास है कि दुबई में बैठा इस गैंग का सरगना भी जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

फ्लाइंग स्क्वाड ने ठेकेदार की गाड़ी से बरामद किए छह लाख

साहिबाबाद। शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में दिल्ली वजीराबाद रोड से सोमवार शाम फ्लाइंग स्क्वाड टीम ने एक ठेकेदार की गाड़ी से छह लाख रुपये पकड़े। वह गोविंदपुरम से भोपुरा की तरफ जा रहे थे। टीम के अधिकारी ठेकेदार को नकदी के साथ शालीमार गार्डन थाने ले गए। वहां पुलिस ने पूछताछ के बाद नकदी को जब्त कर लिया। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि फ्लाइंग स्क्वायड ने चेकिंग के दौरान कार को रोका। शक होने पर गाड़ी की तलाशी ली तो युवक के पास काले रंग के बैग में 6 लाख रुपये की नकदी मिली। टीम ने तुरंत बैग को कब्जे में लेकर युवक से पूछताछ की लेकिन वह काफी घबरा गए। टीम उन्हें तुरंत थाने ले गई। वहां पुलिस और टीम ने नकदी के बारे में पूछताछ की जिसमें कार सवार ने अपना नाम गोविंदपुरम निवासी विपिन गर्ग बताया। विपिन ने कहा कि वह ठेकेदार हैं और भोपुरा में उनका एक साइट पर निर्माणकार्य चल रहा है।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर संघठन की बैठक सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर संघठन की बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे कुमुद गंगवार प्रदेश महासचिव एवं धर्मेंद्र लोधी प्रदेश सचिव प्रभारी एटा रहे। संचालन ठाकुर अनिल सोलंकी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुये कुमुद गंगवार ने कहा की समानित कांग्रेस जन अपने बूथ को मजबूत करे। और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी देवेश शाक्य के प्रचार प्रसार मे जुट जाए।

धर्मेंद्र लोधी प्रदेश सचिव एटा प्रभारी ने कहा की कांग्रेस पार्टी एक विचार धारा है। और हम सब इंडिया गठबंधन को मजबूती प्रदान करे।

देवेश शाक्य प्रत्याशी लोक सभा ने कहा की कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सम्मानित पदाधिकारी अपने आप को देवेश शाक्य को आगे बढ़ाए। परवेज जुबेरी जिला अध्यक्ष सपा,भूपेंद्र प्रजापति जिला महासचिव,रजनीकान्त शर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख,गीतम सिंह राजपूत पूर्व ब्लाक प्रमुख,सुभाष सागर पूर्व सभासद ,शीलेन्द्र सिंह ने भी बैठक को सम्बोधित किया। बैठक मे नीलमा राज,नैना शर्मा,सोनी राठौर,इंदु सम्राट,योगेश राजपूत, अमित अग्रवाल,अरविन्द सोनी,महिंद्र सिंह राजपूत,मोहम्मद अहमद,डाक्टर शीलेन्द्र गोड, अरुणेश गुप्ता,रामकुमार सक्सेना,आदर्श मिश्रा डेनी, आशिफ हुसेन भोले,डाक्टर मियुद्दीन खान,संजू रजा, चंद्रकान्त गांधी,जीतेन्द्र राजपूत,जीतेन्द्र राना,फेजल हाशन,टीपू हसन,वेद प्रकाश माथुर,राजेश यादव,रामदास लोधी,ओमबीर राजपूत,रामनरेश यादव ,अशोक पालीवाल,संदीप यादव आदि।

जैन मिलन साहिबाबाद द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

साहिबाबाद। जैन मिलन साहिबाबाद द्वारा साहिबाबाद के महावीर पार्क स्थित जैन मंदिर परिसर में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । ज्ञात हो कि जैन मिलन साहिबाबाद द्वारा नियमित रूप से प्रत्येक माह के दूसरे सोमवार को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इस निशुल्क शिविर में न केवल स्थानीय, बल्कि दूर दराज के क्षेत्रों से भी आंखों के विभिन्न प्रकार के मरीज अपने इलाज के लिए आते हैं एवं लाभान्वित होते हैं। यह शिविर मंदिर परिसर में आयोजित किया जाता है जिसमें विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक द्वारा मरीजों का सफल इलाज किया जाता है। इसी क्रम में विगत सोमवार को 170 मरीजों के आंखों की निशुल्क जांच की गई। इसके अलावा इस बार इस शिविर में 14 मरीजों की आंखों का सफल ऑपरेशन भी किया गया। मरीजों को 90 चश्मो का भी निशुल्क वितरण किया गया।

सीटू कार्यकर्ताओं ने बैठक कर मजदूर– किसान विरोधी भाजपा को हराने का लिया संकल्प

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। भाजपा हराओ, देश व लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत सीटू जिला कमेटी गौतम बुध नगर ने विभिन्न उद्योगों के मजदूर नेताओं की सूरजपुर पार्क ग्रेटर नोएडा पर बैठक किया। बैठक को सीटू दिल्ली एनसीआर राज महासचिव कामरेड अनुराग सक्सैना ने भाजपा शासन में मजदूर किसानों पर हुए उत्पीड़न को रेखांकित करते हुए कहा कि मजदूर किसान जन विरोधी भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में हराना मजदूर वर्ग की बड़ी जिम्मेदारी है इसलिए हम अपने कार्यकर्ताओं की बैठक कर उन्हें चुनाव में आम जनता के बीच जाकर भाजपा के खिलाफ वोट करवाने के लिए तैयार कर रहे हैं।

बैठक को संबोधित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त ने कहा कि भाजपा शासन में मजदूरों के हालात बद से बद्तर हो गए हैं। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई, बेरोजगारी तो लगातार बड़ी है लेकिन मजदूरों के वेतन में बढ़ोतरी नहीं की गई है। साथ ही श्रम कानूनों को खत्म कर मजदूरों को उद्योगपतियों का गुलाम बनाने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर जीवन और जीविका को बचाना है तो भाजपा को हराना आवश्यक है और आने वाली 26 अप्रैल को भाजपा उम्मीदवार को हराने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र सिंह नगर को उनके चुनाव चिन्ह साइकिल पर मतदान कर विजई बनाने का कार्य करें और उक्त लिए लोगों को भी प्रेरित करें।

मतदान कार्मिकों का सेण्ट पॉल्स स्कूल में दूसरे दिवस प्रशिक्षण जारी

एटा। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में जनपद में आयोग के निर्देश के अनुसार जनपद की चार विधानसभा क्षेत्रों यथा 103-अलीगंज, 104-एटा सदर, 105-मारहरा, 106-जलेसर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु तैनात किए गए पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम आदि को ईवीएम, मतदान प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/सीडीओ डा0 एके बाजपेयी ने प्रशिक्षण स्थल सेंट पॉल्स सी0से0 स्कूल पहुंचकर निरीक्षण किया। प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने विभिन्न कक्षों में जाकर मतदान कार्मिकों से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी की तथा मास्टर ट्रेनर्स को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जो भी कार्मिक प्रशिक्षण ले रहे हैं, वह गहनता पूर्वक प्रशिक्षण को हासिल करें।

नववर्ष किसी जाति, धर्म या देश का नहीं है : आचार्या श्रुति सेतिया

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'नववर्ष पर हमारे संकल्प' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 632 वां वेबिनार था। वैदिक विदुषी आचार्या श्रुति सेतिया ने कहा कि भारतीय नववर्ष हमारी संस्कृति वा सभ्यता का स्वर्णिम दिन है।यह भारतीय गरिमा में निहित अध्यात्म वा विज्ञान पर गर्व करने का अवसर है।जिस भारत भूमि पर हमारा जन्म हुआ,जहां हम रहते हैं जिससे हम जुड़े हैं उसके प्रति हमारे अंदर अपनत्व वा गर्व का भाव होना चाहिए।यह उत्सव चैत्र शुक्ल प्रथमा को मनाया जाता है।

नववर्ष किसी जाति,वर्ग,देश संप्रदाय का नहीं है, अपितु यह मानव मात्र का नववर्ष है। यह संवत मानव संवत है।हम सबको एक परमात्मा की संतान समझकर मानव मात्र से प्रेम करना सीखें।ऊंच नीच की भावना,भाषावाद,संकीर्णता आदि को पाप मानकर प्राणिमात्र के प्रति मैत्री भाव जगाए।आज वेद संवत है।हम सब अनेक मत पंथों से निकलकर सम्पूर्ण भूमंडल पर एक वेद धर्म को अपनाकर प्रभु कार्य के ही पथिक बनें। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के विजय दिवस पर उस महापुरुष की स्मृति में उनके आदर्शों को अपनाकर ईश्वरभक्त,वेदभक्त, आर्य संस्कृति के रक्षक, गुरुभक्त, दुष्ट संहारक वीर, साहसी, आर्य पुरुष वा प्राणी मात्र के प्रिय बने।

आज राष्ट्रीय संवत पर महाराज युधिष्ठिर,विक्रमादित्य आदि की स्मृति पर अपने प्यारे आर्यवृत्त भारत देश की एकता अखंडता एवम् समृद्धि की रक्षा का व्रत लें। ईमानदारी, प्राचीन सांस्कृतिक गौरव, सत्यनिष्ठा, देशभक्ति, कर्तव्य वा वीरता का संचार करें। आर्य समाज स्थापना दिवस होने के कारण कृणवंतो विश्वमार्यम वेद के आदेशानुसार सच्चे अर्थों में आर्य बनें एवम् संसार को आर्य बनाएं।संध्या करें,घर पर ओ॑म् पताका फहराएं।यज्ञ करें,बालकों को नव संवत्सर का महत्व बताएं। शोभा यात्रा निकालें,लोगों को जागरूक करें।वेद वा संस्कृत पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करें।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि भारतीय नववर्ष मनाकर हमें इस पर गर्व करना चाहिए।आर्य समाज का 150 वां स्थापना दिवस भी है यह एक सुधार वादी आंदोलन है जो आने वाले पाखण्ड अंधविश्वास के प्रति जागरूक करता रहता है। अध्यक्ष आर्य नेत्री रजनी चुघ ने भी अपनी संस्कृति को आत्मसात करने पर बल दिया। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने गीत गाकर बधाई दी।

नवरात्रि पर्व पर नवदिवसीय चलेगा जागरूकता अभियान

नोएडा। 'मिशन शक्ति' नारी शक्ति को समर्पित 'नवरात्र' के अवसर पर सामाजिक संगठन महिला उन्नति संस्था मिशन शक्ति के अंतर्गत चलाए जा रहे नौ दिवसीय जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते हुए संस्था की जिला गौतमबुद्धनगर इकाई, जिला अध्यक्ष रेनू बाला शर्मा ने सरकारी जिला अस्पताल, सेक्टर 39, नोएडा में जन्मी नवजात वच्चियो को जॉनसन बेबी किट, अंगवस्त्र, हगीज, झबले देकर उनका स्वागत किया गया। इसके अतिरिक्त जच्चा बच्चा को पोष्टिक आहार दलिया एवं महिलाओ को स्वच्छता उनके लिए कितनी जरूरी है, उसके उपलक्ष में सैनिटरी पैड आदि का भी वितरण किया। जिला अध्यक्ष रेनू वाला शर्मा ने जच्चा बच्चा को बेटी के शुभ आगमन पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं बेटियां किसी से कम नहीं है।

समाज कल्याण मंत्री ने गिनाईं भाजपा सरकार की उपलब्धियां

लोकमित्र ब्यूरो

कासगंज/एटा। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण मंगलवार को कासगंज पहंचे। उन्होंने कासगंज विधानसभा के गांव बादमपुर और टीकमपुरा में जन सभा की। इस दौरान भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। सरकार द्वारा जन हित में किए गए कार्यों का बखान किया।

सभा के दौरान समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि केंद्र व उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार में उत्तम कानून व्यवस्था है। भाजपा की सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास करने वाली सरकार साबित हुई है। उन्होंने लोगों से जागरूक होकर मतदान करने की अपील की। सभा की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जिला महामंत्री नीरज शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का शासन है, भय मुक्त वातावरण है। किसी के साथ में कोई भेदभाव नहीं हो रहा। अंत्योदय, पिछड़े पायदान पर खड़े व्यक्ति को आगे लाने की योजना पर सरकार का ध्यान है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के रास्ते पर चलकर सामाजिक समरसता का भाव उत्पन्न करना है। इस दौरान राजवीर सिंह भल्ला, केपी सिंह, अनुरोध प्रताप सिंह, शरद गुप्ता, आकाशदीप वर्मा रानू, डा. शैलेन्द्र सिंह यदुवंशी, कुलदीप प्रतिहार, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना मौजूद रहे।

नवरात्रि में मन्दिर में बढी रौनक भक्तो ने घरों में की पूजा अर्चना

अलीगंज/एटा। चैत्र मास की नवरात्रि के पावन पर्व पर मंगलवार को सुबह से ही सड़कों पर भक्तों का सैलाव जय माता के गुणगान करते हुए जा रहे थे। अलीगंज सहित राजा का रामपुर व तमाम ग्रामीण अंचलों में नवरात्रि के पहले दिन माता के मन्दिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया वही चैत्र नवरात्रि शुरू होते ही 9 दिन तक व्रत रखकर माता रानी के दर्शन किये वही इस पवित्र नवरात्रि के पर्व पर लोगों ने घर में रहकर ही माता रानी की पूजा अर्चना की।घरों में माता रानी को विधि विधान से स्थापित कर पूजा कर मनोती मांगी।मंदिर के बाहर भक्तो का सैलाव दिखाई पड़ता था वही पुलिस के जवानों मन्दिर के बाहर सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहे थे भक्त जनों में महिलाये बच्चे बूढ़े जवान सभी लोग दिखाई दे रहे हैं जो पूजा अर्चना कर माथा टेक कर आशीर्वाद ले रहे हैं।

संक्षेप

कांग्रेस चुनाव कार्यालय का हुआ उदघाटन

नोएडा उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य नोएडा कांग्रेस के नेता सतेन्द्र शर्मा ने गाजियाबाद लोकसभा से काँग्रेस पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती डॉली शर्मा के मुरादनगर विधानसभा के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर शामिल हुये,श्री सतेन्द्र शर्मा ने बताया कि गाजियाबाद से इंडिया गठबन्धन की प्रत्याशी श्रीमती डॉली शर्मा मजबूती से चुनाव लड़ रही है जनता का समर्थन भरपूर मिल रहा है डॉली शर्मा ने जनता के हितों के लिए सँघर्ष किया है जनता काँग्रेस पार्टी को वोट देकर भारी मतों से विजय बनायेगी काँग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में जनता के हितों को ध्यान में रखकर घोषणा पत्र बनाया है जो जनता के लिए का करेगा,इस अवसर पर वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री सतीश शर्मा,पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र भरद्वाज,पूर्व मंत्री सतीश त्यागी,प्रदेश सचिव पूर्व नसीम खान,वरिष्ठ नेता सतीश त्यागी,नेता काँग्रेस विक्रम चौधरी,सहित सभी दलों के नेतागण उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा की गयी जनसुनवाई

अमेठी। मंगलवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई की गयी । इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश–निर्देश दिए गए ।

मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। जनपद अमेठी मंगलवार को उ0नि0 जावेद अहमद थाना इन्हौना मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मु0अ0सं0 27/24 धारा 376,504,506 भादवि में वांछित अभियुक्त सूफियान पुत्र इबरार निवासी ग्राम घोसियाना मजरे इन्हौना थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को युसुफ मस्जिद घोसियाना ग्राम इन्हौना के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। अमेठी को उ0नि0 राना उदयभान थाना अमेठी मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 129/22 धारा 380,457 भादवि थाना व जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त कुलदीप बारी पुत्र बद्री प्रसाद निवासी सहजनी थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 27 वर्ष को देवरी बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया । थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

30 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। मंगलवार को उ0नि0 विनोद कुमार वर्मा थाना बाजार शुक्ल मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त इरफान पुत्र वारिक निवासी ग्राम प्रतापपुर मजरे नीमपुर थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र 35 वर्ष को नीमपुर मोड़ पुलिया के पास से समय करीब 11:15 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

हाई कोर्ट से जी डी ए को मिली बड़ी राहत : कंपाउंडिंग शुल्क वसूलने पर नहीं लगेगी पाबंदी

गाजियाबाद। शुल्क लेकर निर्माण की कंपाउंडिंग के मामले में सोमवार को जीडीए को हाईकोर्ट से राहत मिल गई। एक भवन मालिक की ओर से दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कंपाउंडिंग करने और इसके लिए शुल्क वसूलने पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने भवन मालिक की ओर से दाखिल की गई याचिका को निरस्त कर दिया। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को इस मामले में सुनवाई हुई। इसमें जीडीए की ओर से पक्ष रखा गया और कोर्ट को अवगत कराया गया कि शासन की ओर से बनाई गई नियमावली के आधार पर एक निर्धारित सीमा में अतिरिक्त निर्माण की पेनाल्टी के साथ कंपाउंडिंग किए जाने का प्रावधान है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने कंपाउंडिंग पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया।

वीवीआईपी ने अमर सिंह क्रिकेट अकैडमी को हराया

गाजियाबाद। पीसी क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के 5 वें लीग मैच में वीवीआईपी विजयी रही। टीम नेअमर सिंह क्रिकेट अकैडमी को 19 रन से मात दी। आयोजक पंकज चौधरी ने बताया कि मैच में वीवीआईपी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया व 20 ओवर में 8 विकेट पर 182 रन का स्कोर बनाया। लाखन सिंह ने 66 रन की पारी खेली। अक्षय त्यागी ने 25 रन का योगदान दिया। पवित्र पाल को 3 विकेट मिले। शिवम् व आशु चौधरी ने 2–2 विकेट लिये। 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अमर सिंह क्रिकेट अकैडमी 20 ओवर में 163 रन पर आउट हो गई। अरुण रजोरा ने 66 रन की पारी खेली। पवित्र पाल ने 26 रन का योगदान दिया। अक्षय त्यागी ने 3 विकेट लिए। लाखन सिंह को 1 विकेट मिला। 66 रन की पारी खेलने व 1 विकेट लेने वाले लाखन सिंह को मैन ऑफ़ द मैच पुरस्कार मुख्य अतिथि अनिल शर्मा द्वारा दिया गया।

मोहित सूद वाल्मीकि को निर्विरोध महानगर अध्यक्ष डॉ बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव कमेटी वाल्मीकि समाज महानगर गाजियाबाद नियुक्त किया

गाजियाबाद। डॉक्टर बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव कमेटी वाल्मीकि समाज महानगर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण मीटिंग कार्यालय आई 7 पटेल मार्ग गाजियाबाद में बुलाई गई जिसमें वाल्मीकि समाज के बुद्धिजीवी लोगों ने व समाजसेवी लोगों ने मीटिंग में सर्व सम्मति से मोहित सूद बाल्मीकि को डॉक्टर बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव कमेटी वाल्मीकि समाज महानगर गाजियाबाद का महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया जिसमें मोहित सूद वाल्मीकि ने सभी बुद्धिजीवी लोगों व समाजसेवी का हृदय से आभार व्यक्त किया। मोहित सूद वाल्मीकि ने महानगर कमेटी में उपाध्यक्ष सनी वेद कपिल देव सुधीर वाल्मीकि ,महामंत्री पद पर सोनू जीनवाल उर्फ संजय राजन राजोरिया,कोषाध्यक्ष पद पर मोनू सूद सचिव राहुल लेआउट अजय राय राजेश सूद राम अवतार ज्ञानेंद्र धर्मेंद्र विकास पर्चा अंकित राठी को सचिव व संगठन सचिव व अनुज जीनवाल जी को मीडिया प्रभारी व आकाश परचा मीडिया प्रभारी नियुक्त करके अपनी कमेटी का विस्तार किया।

भाजपा और सहयोगी दल के बीच फंसा पेच

नहीं घोषित हो पा रहे इलाहाबाद और आसपास के चार सीटों के प्रत्याशी,इंतजार में है इंडिया गठबंधन भी

गिरीश पांडेय

प्रयागराज। बीजेपी और उसकी सहयोगी पार्टियों के एनडीए गठबंधन ने यूपी में ज्यादातर सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान एक महीने पहले ही कर दिया था। जिन एक दर्जन सीटों पर अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए हैं, उनमें प्रयागराज रीजन की चार लोकसभा सीटें भी शामिल है। इन चारों सीटों पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के पेंच की वजह से अभी तक उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं हो सका है। सूत्रों का दावा है कि प्रयागराज की फूलपुर सीट को लेकर बीजेपी और अनुप्रिया पटेल की पार्टी अपना दल एस जिद पर अड़े हुए हैं। इस एक सीट ने ही आसपास की तीन दूसरी सीटों का टिकट भी उलझाकर कर रखा है।

दरअसल केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की पार्टी अपना दल एस को 2014 और 2019 के चुनाव में समझौते में दो-दो सीटें मिली थी। 2019 के चुनाव में अपना दल एस मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज सीट पर चुनाव लड़ा था। अनुप्रिया की पार्टी इस बार के चुनाव में रॉबर्ट्सगंज के बदले प्रयागराज की फूलपुर सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है। पार्टी की दलील है कि फूलपुर अपना दल के संस्थापक डा0 सोनेलाल पटेल की कर्मभूमि है। सोनेलाल पटेल ने यहां से कई चुनाव लड़ा था। उन्होंने पार्टी को यहीं से पहचान भी दिलाई थी।

बीजेपी फूलपुर सीट कतई अपना दल एस या किसी भी सहयोगी पार्टी को देने के मूड में नहीं है। बीजेपी के कद्दावर नेता और सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने फूलपुर सीट पर 2014 में पहली बार कमल खिलाया था। 2019 में भी बीजेपी की ही केशरी देवी पटेल यहां से सांसद चुनी गई थीं।

सूत्रों के मुताबिक बीजेपी ने अपना दल एस को रॉबर्ट्सगंज के बदले कौशांबी की सुरक्षित सीट देने की पेशकश की थी। अनुप्रिया पटेल की पार्टी को बीजेपी कि यह पेशकश मंजूर नहीं है। उसने इस बारे में सिरे से इंकार कर दिया है। अपना दल एस अब यह चाहता है कि बीजेपी अगर उसे फूलपुर सीट नहीं दे रही है, तो प्रयागराज की ही इलाहाबाद सीट समझौते में दे दी जाए। इलाहाबाद सीट पर अभी बीजेपी की है रीता बहुगुणा जोशी सांसद है। बीजेपी की तरफ से इस सीट पर तकरीबन पचास अन्य नेताओं ने भी दावेदारी कर रखी है। इनमें आठ से दस नाम खूब सुर्खियों में भी रहे हैं।

हालांकि दावा यह किया जा रहा है कि बीजेपी इलाहाबाद की सीट भी किसी सहयोगी पार्टी को देने को राजी नहीं हो रही है। ऐसे में ले देकर मामला अब भदोही सीट पर अटक जा रहा है। बीजेपी की कोशिश है कि अपना दल एस मिर्जापुर से सटी हुई भदोही की सीट ले ले। बहरहाल बीजेपी और अपना दल की रस्साकशी के चलते प्रयागराज रीजन की फूलपुर, इलाहाबाद, कौशांबी और भदोही की सीटों पर अभी तक एनडीए के उम्मीदवारों के टिकट का ऐलान नहीं हुआ है।

इन चारों सीटों पर टिकटों का पेंच सिर्फ बीजेपी व एनडीए में ही नहीं, बल्कि विपक्ष में भी फंसा हुआ है। फूलपुर - इलाहाबाद और कौशांबी सीट पर अभी तक इंडिया गठबंधन ने भी अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है। दरअसल इंडिया गठबंधन अभी बीजेपी के टिकट का के इंतजार में है। बीजेपी का टिकट घोषित होने के बाद ही सपा और कांग्रेस का गठबंधन जातीय समीकरण साधने के लिए अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान करेगा। मायावती की बीएसपी ने भी चार में से तीन सीटों पर अभी अपना टिकट घोषित नहीं किया है। अब देखना यह होगा कि चारों सीटों पर टिकटों में हो रही देरी का खामियाजा किस उम्मीदवार या गठबंधन को भुगतना पड़ सकता है।

अज्ञात कारणों से लगी आग दो घरों का सामान हुआ जलकर राख

रामपुरमथुरा,सीतापुर। जनपद सीतापुर के थाना रामपुर मथुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भागीपुर में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें केशव राम व दीपू का घर जलकर खाक हो गया जिसमें केशव राम के एक बीघा गेहूं की फसल कटी हुई व लगी थी तथा 6000 रूपये नकद तथा घर गृहस्थी का सामान तथा दीपू का घर गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया वही बगल में बने त्रिलोकी के घर की छत पर अनिल की रजाई गद्दा व कपड़े भी जल गए। ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाया गया।

बोले क्षेत्रीय लेखपाल अखिलेश ने बताया रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी गई है प्रशासन की तरफ से मुआवजा दिया जाएगा।

हजारों श्रद्धालुओं ने मां संकटा देवी मंदिर के दरबार में टेका माथा

महमूदाबाद-सीतापुर। चैत्र नवरात्र और राम नवमी के अवसर पर प्रति वर्ष माँ संकटा देवी मंदिर में लगने वाले मेले में मंगलवार को नवरात्र एवं भारतीय नववर्ष के दिन वैदिक विधि-विधान से पूजन-अर्चन, कलश पूजन और ध्वजारोहण के साथ वार्षिक मेले का शुभारम्भ हुआ।

लोगों की आस्था, श्रद्धा, भक्ति से जुड़े अत्यन्त प्राचीन माँ संकटा देवी मंदिर के वार्षिक मेले को लेकर सम्पूर्ण क्षेत्र और पास पड़ोस के क्षेत्रों से काफी संख्या में भक्त गण आये और मां के दरबार मे माथा टेककर अपनी फरियाद लगाई, मेलार्थियों ने रोजमर्रा सहित गृहस्थी का सामान मेले से खरीदा, मंदिर का मनोहारी दृश्य देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मां संकटा देवी मेले में आये। प्राचीन समय में भर्र जाति के शासकों के समय में जहां एक चबूतरा और छोटी मठिया बनी थी जिसे स्थानीय नागरिकों ने वर्षों पहले काफी मेहनत कर इसे विशाल स्वरूप प्रदान किया था, जिसके बाद कई समिति बनी और अब इस समय की समिति की दूरदर्शिता के कारण यहां विशाल मंदिर के साथ अन्य कई मंदिर भी शोभायमान है । मां संकटा देवी के गर्भग्रह के चहुँ ओर राधा-कृष्ण, राम दरबार, बजरंग बली, शंकर जी के मंदिर, मुख्य मंदिर के उत्तरी ओर बड़े सरोवर में रामेश्वरम् मंदिर में भगवान शंकर की रौद्ररूप आदम कद प्रतिमा का मंदिर में आये लोगों ने दर्शन किया। मुख्य मंदिर के सामने जगन्नाथ, हनुमान जी, काल भैरव, संतोषी मां, बद्री विशाल, मां अन्नपूर्णा, द्वरिकाधीश, भगवान सत्यनारायण, बाबा खाटूश्याम, पीताम्बरा माई, पंचमुखी हनुमान, नवग्रह शनिदेव मंदिर, बांके बिहारी के मंदिरों सहित मंदिर सभागर में भगवान विष्णु और शिव परिवार पर लोगों का ध्यान अधिक आकर्षित रहा।

नौ अप्रैल से 23 अप्रैल तक चलने वाले संकटा देवी मंदिर के इस प्रसिद्ध वार्षिक मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रतिदिन आयोजन किया जाएगा। इस बार झूले, दुकाने संकटा देवी मंदिर के मेले में सज चुकी है। दूर दराज के जनपदों से आने वाली खजले की दूकाने लग चुकी हैं। कई झूले, काला जादू, सरकस वालों ने अपना काम शुरू कर दिया है। माँ के प्रति लोगों में इतनी आस्था है कि सैकड़ों लोग मंदिर की दण्डवत परिक्रमा करने आते हैं। मेले में सुरक्षा के लिए अलग से पुलिस चौकी भी बनाई गई है। प्रसिद्ध मंदिर में भारी संख्या में आने वाले लोगों जिनमे महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस मंदिर परिसर में बने पिंक बूथ के साथ मेला अवधि तक पुलिस चौकी स्थापित रहेगी।

मातृशक्तियों ने किया दिव्य शंखनाद और नव संवत्सर का प्रारंभ

प्रयागराज। सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल एवं भारत विकास परिषद लक्ष्य शाखा द्वारा भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2081 के स्वागत समारोह का आयोजन सारस्वत गेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, अध्यक्ष नीरज जायसवाल, महामंत्री स्वाती निरखी, पार्षद पंकज जयसवाल, पवन जी श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह (आशू), अनिल गुप्ता उपाध्यक्ष अभिषेक सक्सेना ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।पार्षद पंकज जयसवाल ने नव संवत्सर के विषय पर प्रकाश डाला । सनातन परंपरा के अनुसार सभी गणमान्य अतिथियों का भगवा पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन तान्या निरखी ने किया। सर्वप्रथम स्वाती निरखी के नेतृत्व में 11 मातृशक्तियों ने दिव्य शंखनाद द्वारा हिन्दू नव वर्ष का प्रारम्भ किया। प्रख्यात गायिका स्वाती निरखी ने अपने भजनों के माध्यम से श्रोताओं का मन मोह लिया। तत्पश्चात नवरात्रि की पूर्व संध्या पर महिषासुर वध का नाट्य मंचन करके देवी स्वरूप ने सभी को आशीर्वाद दिया। रंगारंग कार्यक्रम में कनकधारा ग्लोबल ग्रीन्स के अध्यक्ष संजय पुरुषार्थी द्वारा गायक मनोज गुप्ता, हरे राम द्विवेदी एवं संदीप द्विवेदी को सम्मनित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ केपी जायसवाल, महामंत्री सुनील जायसवाल कोषाध्यक्ष विजय जायसवाल, रघुनाथ द्विवेदी, गोपाल बाबू जयसवाल, अनुराग जयसवाल एवं अन्य विशेष गणमान्यजनों ने खुशियां मनाई। भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष अनूप चंद्र जैन, अरुण जायसवाल, निशा जयसवाल, अजीत श्रीवास्तव, रविंद्र साहू, राकेश मित्तल आदि लोगों ने हिंदू नव वर्ष की खुशियां मनाई।

माहे रमज़ान की उन्तीस को नहीं दिखा चांद,गुरुवार को मनाई जाएगी ईद उल फितर

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। माहे रमाज़ान उल मुबारक की उन्तिस मंगलवार को भारत में कहीं से भी ईद उल फितर के चांद के देखें जाने की तसदीक़ नहीं हुई।

बुधवार को माहे रमज़ान का तीसवां रोज़ा खत्म होने पर चांद का दीदार होगा और बृहस्पतिवार को ईद उल फितर की विशेष नमाज़ ईदगाह सहित सभी मस्जिदों में अदा कि जाएगी।

उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार खाड़ी देशों में मंगलवार को ईद का चांद दिखाई दिया और बुधवार को ईद मनाई जाएगी।

लेकिन भारत के किसी भी प्रांत से ईद के चांद के दिखाई देने की कोई भी खबर नहीं सुनाई दी। ऐसे में बुधवार को माहे रमज़ान उल मुबारक का तीसवां रोज़ा होगा और मग़रिब की नमाज़ के बाद ईद का चांद देखा जाएगा। बृहस्पतिवार को शहर भर की सभी तीन सौ से उपर छोटी बड़ी मस्जिदों में ईद उल फितर की विशेष नमाज़ अदा कि जाएगी।

शिया सुन्नी इत्तेहाद कमेटी के एडवोकेट किताब अली, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, काशान सिद्दीकी, हसनी हुसैनी फाउंडेशन के अध्यक्ष वज़ीर खान, अन्जुमन गुन्चा ए क़ासिमया के जनरल सेक्रेटरी मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन, समाजसेवी शाहिद प्रधान ने ईद के दिन निर्बाध जल आपूर्ति, मस्जिदों इबादतगाहों व मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में साफ सफाई, चूना, छिड़काव और चौबीस घंटे बिजली कटौती मुक्त शहर प्रयागराज में सम्बन्धित विभागों से सुनिश्चित करने की मांग की।

विभिन्न मस्जिदों में नमाज़ ए ईद उल फितर का समय

ईदगाह प्रातः 9 बजे
शाही मस्जिद मीरापुर प्रातः 7:30 बजे
चौक जामा मस्जिद प्रातः 8:30बजे
खानकाह दायरा शाह अजमल प्रातः 10:30 बजे
शाह वसी उल्ला रौशन बाग़ प्रातः 9:30 बजे
शाही मस्जिद बहादुरगंज प्रातः 8:00 बजे
मक्का मस्जिद करैली प्रातः 8:00 बजे
वसीहाबाद मस्जिद प्रातः प्रातः 8:00बजे
अब्दुल्ला मस्जिद रेलवे स्टेशन प्रातः 8:00 बजे
ज़मीर मस्जिद करैली प्रातः 8:00 बजे
गौस मस्जिद साठ फिट रोड करैली प्रातः 9:30 बजे
अबु बकर मस्जिद करैली प्रातः 6:30 बजे
मस्जिद मज़लूम शाह जानसैनगंज प्रातः 7:30 बजे
मस्जिद मदीना जानसैनगंज प्रातः प्रातः 7:30 बजे
बड़ा ताजिया मस्जिद प्रातः 7:45 बजे
शाही मस्जिद दारागंज प्रातः 8:00 बजे
मस्जिद ए तलहा चकिया प्रातः 7:30 बजे
मुन्ना मस्जिद करैली प्रातः प्रातः 9:00 बजे
शाही मस्जिद मीरापुर प्रातः 7:00 बजे
मस्जिद अल फात्मा प्रातः 7:20 बजे
मस्जिद वज़ीर हसन करैली प्रातः 8:00 बजे
चक शिया जामा मस्जिद प्रातः 10:00 बजे
शिया जामा मस्जिद प्रीतमनगर प्रातः 9:00 बजे
मुसल्ला ए ज़ीशान करैला बाग़ प्रातः 9:00 बजे
मस्जिद अमजदिया चक प्रातः 10:30 बजे
मस्जिद इमाम ए सज्जाद दरियाबाद प्रातः 8:30 बजे
मस्जिद क़ाज़ी साहब बख्शी बाज़ार प्रातः 9:00बजे
इबादत खाना अल खिज़रा प्रातः 9 बजे
मस्जिद मोहम्मदी करैली लेबर चौराहा प्रातः 8 बजे
मस्जिद ए नूर दायरा शाह अजमल प्रातः 9:30 बजे
अरब अली खां दरियाबाद प्रातः 10 बजे
क़दम रसूल दरियाबाद प्रातः 11 बजे
मस्जिद मौला अली दरियाबाद क़ब्रिस्तान प्रातः 10:30 बजे
मस्जिद गुद्दा खां दरियाबाद 8:45 बजे
मस्जिद इमाम रज़ा दरियाबाद प्रातः 8:30 बजे
मस्जिद गदा हुसैन दरियाबाद प्रातः 9 बजे
मस्जिद तहसीलदार दरियाबाद प्रातः 9:30 बजे
मस्जिद चिराग़ अली दरियाबाद पीपल चौराहा प्रातः 7:30 बजे बांध वाली
मस्जिद चाचर नाला दरिया बाद प्रातः 9:30 बजे
दरगाह इमाम हुसैन दरियाबाद क़ब्रिस्तान प्रातः 10:30 बजे
सैय्यद वाड़ा मस्जिद रसूलपुर प्रातः 9:15 बजे
बैतुससलात करैली प्रातः 9:00 बजे
जमीयतुल अब्बास वी आई पी कालोनी करैली में प्रातः 9:00 बजे

कांग्रेस नेता प्रमोद सिंह पटेल ने भदोही प्रत्याशी को किया आमंत्रित

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। प्रतापपुर विधानसभा के महुआ कोठी, याकूबपुर गांव निवासी कांग्रेस नेता पूर्व लोकसभा प्रत्याशी प्रतापगढ़ प्रमोद सिंह पटेल ने इंडिया गठबंधन के लोकसभा भदोही प्रत्याशी टीएमसी नेता ललितेश पति त्रिपाठी को स्वागत के लिए आमंत्रित किया । इस मौके पर भदोही लोकसभा के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ महुआ कोठी बाजार स्थित उनके विद्यालय में पहुंचे तो कांग्रेस नेता प्रमोद सिंह पटेल ने अपने समर्थकों के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

मौके पर दोनों नेताओं ने एक स्वर में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने की जनता से अपील किया। मौके पर वरिष्ठ पार्टी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कलश यात्रा के साथ नवदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

खैराबाद,सीतापुर। नगर क्षेत्र स्थित नई बाजार बीसीएम मार्ग प्राचीन मां गौरी देवी मंदिर में पालिका अध्यक्षा बेबी गुप्ता तथा प्रमुख समाज सेवी अभिषेक गुप्ता की अअगुवाई में कलश यात्रा श्रद्धालुओं ने मोहल्ला भूलनपुर स्थित मां गौरी देवी मंदिर से निकली जो की नगर क्षेत्र के पूर्व निर्धारित मार्गो से गुजरती हुई कटरा संगत पहुंची जहां पर कलश यात्रा का स्वागत संतों ने धूमधाम से किया उसके उपरांत कलश यात्रा पुनः कटरा संगत से होती हुई हनुमान मंदिर तथा पुनः नया बाजार होती हुई गौरी देवी मंदिर वापस आ गई कलश यात्रा में श्रद्धालुओं के द्वारा मां के जयकारे लगाए गए तथा कलश यात्रा का श्रद्धालुओं ने छतो से पुष्प फेंक कर स्वागत किया इस अवसर पर प्रथम सत्र की कथा कहते हुए कथा व्यास प्रदीप मिश्रा ने कहा कि हमें सभी सभी जीवों से प्रेम करना चाहिए

क्योंकि हम सभी परमानंद के अंश हैं वास्तव में प्रेम ही सभी का मूल है तथा प्रेम ही परमात्मा का दूसरा नाम है सच्चे अर्थों में प्रेम से जग में सब कुछ जीता जा सकता है अंत में उन्होंने महाभारत का जिक्र करते हुए कहा

दुर्योधन की मेवा त्यागी साग विदुर घर खाई सबसे ऊंची प्रेम सगाई÷

मां गौरी देवी मंदिर के अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्र तथा प्रबंधक अवधेश मिश्रा बताया की कथा प्रतिदिन दो पालियो में प्रातः 9 से 1ः00 बजे तक तथा साय 7ः00 बजे से 11ः00 बजे तक श्रद्धालुओं को श्रवण कराई जाएगी तथा 17 अप्रैल को मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर खैराबाद के प्रमुख समाजसेवी अभिषेक गुप्ता आलोक बाजपेई अवधेश मिश्रा देवेंद्र मिश्रा अनुरोध श्रीवास्तव आदित्य जायसवाल विनय अवस्थी गौरव गुप्ता तथा महिलाएं कलश यात्रा में मौजूद थी।

हिंदू नव वर्ष अभिनंदन हेतु भव्य कलश यात्रा का आयोजन

प्रयागराज। पुजारी मानव सेवा प्राकृतिक संरक्षण संस्थान के द्वारा नव वर्ष अभिनंदन हेतु भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा राजापुर हनुमान मंदिर से शुरू होकर नगर भ्रमण के साथ वापस हनुमान मंदिर पर ही समाप्त हुई। पूरी कलश यात्रा के दौरान संस्था के अध्यक्ष के.पी.मिश्र (मनोज) द्वारा लगातार संबोधन चलता रहा। इस संबोधन से सनातन संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। आज इसी दौरान के.पी.मिश्रा (मनोज) ने कहा कि जरूरत है हमें लोगों में सनातन संस्कृति मानव सेवा एवं अपने पर्यावरण को संरक्षित करने की। यदि हमारे संस्कार हमारी रगों में संचार होता रहा तो भारतवर्ष अपनी पुराने गौरव को पुनः हासिल कर सकता है। आज अंग्रेजी नव वर्ष को हमारा समाज जिस तरह से मानने लगा है इसका दुष्परिणाम भी हमारे आने वाले

पीढ़ी को प्रभावित कर सकता है।

इस कलश यात्रा में संस्था के संरक्षक विनोद बनौधा, सुशील पांडे, सुमित मिश्र, नेहाल पांडे, संजीव कुमार चावला, सुरेंद्र कुमार वर्मा, सत्यम पांडे, शिवम सिंह, भगवती प्रसाद, सिद्धनाथ, उमानाथ, आशीष जायसवाल, मुकेश जायसवाल, संजय गुप्ता, मनीष सोनकर, चंचल, भास्कर पटेल, अहमद अली, राजेश कुमार पटेल, अनिल वर्मा, संदीप त्रिपाठी, शैलेंद्र कुमार मिश्र, श्याम नारायण राय, मनीष जायसवाल, वीरेंद्र पाण्डेय, पंकज जायसवाल सहित बहुत से गणमान्य व्यक्ति एवं नागरिक मौजूद रहे।

शराब के नशे में सफाई कर्मचारी धूत,कैसे होगी गांव की साफ सफाई,जिम्मेदार अधिकारी मौन

महमूदाबाद,सीतापुर। कोतवाली महमूदाबाद इलाके के सिरौली चौराहे पर स्थित देशी शराब ठेका के पास एक व्यक्ति शराब के नशे में धूत देशी शराब ठेका सिरौली से लगभग दो सौ मीटर दूरी पर प्लाट में पड़ा देख आस पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शराब के नशे में धूत व्यक्ति सीतापुर के विकास खण्ड पहला की ग्राम पंचायत लबरहा में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात होना बताया गया है। और यह भी बताया जाता है कि यह व्यक्ति आए दिन शराब के नशे में ही धूत रहता है। इसी कारण इसके चयनित गांव में गंदगी

फैली रहती है। और जगह जगह पर गंदगी का अंबार लगा दिखाई देता हैं क्योंकि जब यह दिन भर शराब के नशे में ही रहता है। तो गांव में साफ सफाई कैसे होती होगी। सम्बन्धित अधिकारियों समेत कर्मचारी भी इस कर्मचारी के ऊपर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहें। जिसके कारण आए दिन यह कर्मी शराब के नशे में धूत रहता है। आस पास के लोगों का कहना है कि यदि इस व्यक्ति पर सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा इस के कारनामे पर एक बार भी ध्यान दे दिया जाए , तो यह व्यक्ति सुधर भी सकता है। क्यों कि यह व्यक्ति भी एक कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं।अब देखना यह है कि सम्बन्धित अधिकारी इस सफाई कर्मचारी पद पर तैनात सफाई कर्मी पर क्या कार्यवाही होगी?या संबंधित अधिकारियों के द्वारा कागज पर केवल लीपा पोती हो जाएगी?

चोरों ने लाखों की जेवरात सहित अन्य समाग्री को किया पार

सिधौली देहात,सीतापुर। सिधौली कोतवाली क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद जेवरात सहित अन्य समाग्री को किया पार आपको बता दें कि गुरु बक्स पुर निवासी मोहिनी पत्नी राजेश कुमार ने सिधौली कोतवाली में लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया है ।कि रविवार को अपने मायके पिरथी पुर थाना अटरिया एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गयी थी। अगले दिन जब शादी समारोह से घर वापस लौटी तो घर का नजारा देख होश ही उड़ गए। घर मे लगे हुए ताले को टूटा हुआ देखने के बाद घर के अंदर सब उथल-पुथल देख कर होश उड़ गये।पूरा घर देखने के बाद पता चला कि सोने चांदी के जेवरात सहित मिक्सी मशीन,

सिलाई मशीन, गैस चूल्हा , कपड़ों सहित अन्य समाग्री भी गायब मिली। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ सिधौली कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्य वाही की मांग की है। सिधौली क्षेत्र में चोरी की घटना यह पहली घटना देखने को नहीं मिल रही है। अन्य भी कई ऐसी घटनाएं हो चुकी है। इस चोरी की घटना को लेकर कुछ लोगों के मन में पुलिस प्रशासन की लापरवाही को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। क्या चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि सिधौली पुलिस का जरा सा भी खौफ नहीं है। जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में चोरों और माफियाओं को लेकर सख्त कार्रवाई की जा रही है और उत्तर प्रदेश में लोग बिल्कुल सुरक्षित है। लेकिन सिधौली क्षेत्र में जब घरों में रखा सामान ही सुरक्षित नहीं है

राजा बाबू अपना दल एस के युवा मंच के जिला उपाध्यक्ष नामित

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। विधानसभा प्रतापपुर के दयालापुर गांव निवासी किसान श्याम बहादुर पटेल के बेटे राजा बाबू हिंदुस्तानी को अपना दल एस युवा मंच का जिला उपाध्यक्ष नामित किया गया है। जिला उपाध्यक्ष नामित किए जाने पर पार्टी के गंगा पार जिला अध्यक्ष भानु प्रताप पटेल और पार्टी के विधानसभा प्रतापपुर अध्यक्ष धर्मराज पटेल ने फूल मालाओं से लाद कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर नामित युवा मंच के जिला उपाध्यक्ष राजा बाबू हिंदुस्तानी ने अपने से बड़े पार्टी नेताओं का पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि पार्टी में दी गई जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करूंगा।

ट्रैक्टर से हुई आमने-सामने टक्कर बुजुर्ग की हुई दर्दनाक मौत

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिहरपुर के अवध राम यादव पुत्र नत्था उम्र लगभग 60 वर्ष अपने घर से खाना खाकर घर से निकले थे सामने से गांव गांव जाकर ट्रैक्टर चालित धान मशीन तेज रफ्तार में निकल रहा था जो अवध राम को टक्कर मार दिया । टक्कर लगने से अवध राम गिर गए और मौके पर ही मृत्यु हो गई ।ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया ट्रैक्टर चालित धान मशीन पुलिस ने अपने कब्जे में कर लिया । मृतक की पत्नी ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया

है मृतक के पत्नी व तीन बेटी हैं। इंस्पेक्टर महेश चन्द्र पांडे ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु सीतापुर भेज दिया गया ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही। वहीं परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है।

गेहूं की फसल में लगी आग करीब दो बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख

लोकमित्र ब्यूरो

अटरिया,सीतापुर। सिधौली तहसील के अंतर्गत अटरिया थाना इलाके के नीलगांव में मंगलवार दोपहर बाद अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में लगी आग। मिली जानकारी के अनुसार लाल मोहम्मद के खेत में जिसमें मो रफीक ने बंटाई पर गेंहूं बो रखा था इसमें अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी गई। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन तब तक चार बीघे गेंहूं की फसल

जलकर राख हो गई। आग की लपटें आसपास के खेतों में भी पहुंचने लगी थी, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने पूरी तरह से आग को नियंत्रण में किया। दमकल विभाग की टीम के द्वारा आग पर काबू पाने से क्षेत्र में लगी काफी दूर फसलों को नुकसान होने से बचा लिया गया।

राहुल की गेंदबाजी से तेजस क्लब जीता

प्रयागराज। तेजस क्लब ने सोनावती क्लब को विकेट से हराकर साबिरा बेगम स्मृति अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में सोनावती क्लब ने 13.1 ओवर में 60 रन (आदर्श सिंह 18, हनुष यादव 13, राहुल यादव 4/18, सानिध्य श्रीवास्तव 3/10, कुणाल मिश्र 2/08) बनाये। जवाब में तेजस क्लब ने 6.3 ओवर में बिना विकेट खोए 62 रन (वंश केसरवानी 27 नाबाद, शिवांश केसरवानी 23 नाबाद) बना लिए। राहुल यादव को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।